राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 28 अप्रैल 2026
वर्ष 07, अंक 205, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

वरिष्ठ सहायिका के खिलाफ नही हुई निष्पक्ष जांच...02

कानपुरः दूषित जलापूर्ति पर फूटा पार्षद का गुस्सा, जेई को धूप में बैठाकर कराया काम शुरू...11

# आसाराम के आश्रम को राहत ! सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई पर लगाई रोक

» गुजरात सरकार से मांगा जवाब

» सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद के आसाराम के आश्रम की जमीन पर दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है

» कोर्ट ने नगर निगम के कारण बताओ नोटिस में विवरणों की कमी पाई और यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया



सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में आसाराम के आश्रम की जमीन और संपत्तियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नगर निगम अधिकारियों के जारी कारण बताओ नोटिस में प्रथम दृष्टया पर्याप्त विवरणों का अभाव है. जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप जस्टिस मेहता की पीठ ने मामले में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया. सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन दिन का समय दिया. मामले की अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

पीठ ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया, जिससे गुजरात हाई कोर्ट के 17 अप्रैल के फैसले पर असरदार तरीके से रोक लग गई. हाई कोर्ट ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास मोटेरा में आसाराम आश्रम की लगभग 45,000 स्क्वायर मीटर जमीन पर कब्जा करने का रास्ता राज्य के लिए साफ कर दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट का यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार से विवादित जमीन से जुड़े सभी जरूरी रिकॉर्ड पेश करने को कहा. राज्य सरकार ने बिना इजाजत कंस्ट्रक्शन और जमीन के इस्तेमाल की शर्तों का कथित तौर पर पालन न करने के बारे में हाई कोर्ट के नतीजों पर अपनी राय दी।

आश्रम की तरफ से सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि पूरी कार्रवाई 'गैर-कानूनी और गलत इरादे से की गई' थी. बेंच के सामने यह दलील दी गई कि ट्रस्ट को इसलिए टारगेट किया जा रहा है क्योंकि जमीन प्रस्तावित स्पोर्ट्स डेवलपमेंट जोन में आती है. सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से नोटिस के आधार पर ही अपने केस को सही ठहराने को कहा. बेंच ने कहा, 'आखिरकार, आपके केस को आपके नोटिस पर ही टिकना होगा. आपके नोटिस में पहली नजर में जरूरी जानकारी नहीं है.

### राज्य सरकार से मांगा जवाब

राज्य ने दलील दी कि आश्रम ने 1980 में किए गए अपने ओरिजिनल अलॉटमेंट 6,261 स्क्वायर मीटर से ज्यादा जमीन पर कब्जा कर लिया था, और उस एक्स्ट्रा जमीन पर कब्जा कर लिया था, जिसे बाद में अलग-अलग फेज में रेगुलराइज किया गया था।

बेंच ने गुजरात सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से तीन दिन के अंदर सभी जरूरी रिकॉर्ड फाइल करने को कहा और पिटीशनर्स को भी अपना जवाब फाइल करने के लिए बराबर का समय दिया. हाई कोर्ट ने रेवेन्यू अथॉरिटीज द्वारा जारी किए गए बेदखली नोटिस को आश्रम की चुनौती को खारिज कर दिया था।

### आसाराम के आश्रम को मिली तत्काल राहत

मोटेरा में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास जिस 45,000 स्क्वायर मीटर से ज्यादा जमीन पर आश्रम बना है, उसका इस्तेमाल प्रस्तावित सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए किया जाना है. आश्रम को मैनेज करने वाले संत आशाराम ट्रस्ट ने गुजरात हाई कोर्ट के 17 अप्रैल के ऑर्डर को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें लीज की शर्तों के उल्लंघन और अतिक्रमण के आधार पर जमीन पर कब्ज़ा करने के खिलाफ उनकी अपील खारिज कर दी गई थी।

### 5 मई को अगली सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल गुजरात हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए राज्य सरकार को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, मामले की अगली सुनवाई 5 मई को तय की गई है।

# सहमति से बने लिव - इन-रिलेशन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## कहा-टूटने भर से नहीं बनता अपराध



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि जब वयस्क अपनी सहमति से बिना शादी के साथ रहने का फैसला करते हैं, तो ऐसे रिश्ते के टूटने मात्र से आपराधिक दायित्व नहीं बनता. न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ शादी के झूठे बहाने से बलात्कार के एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें दोनों पक्ष लगभग 15 वर्षों से साथ रह रहे थे और उनका एक बच्चा भी था. सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता के वकील से बार-बार अपराध के आवश्यक तत्वों के अस्तित्व पर सवाल उठाए। बेंच की अध्यक्षता कर रही न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि शादी से पहले वह उसके साथ रहने क्यों गई? देखिए, अगर हम ये सवाल पूछते हैं, तो वे कहते हैं कि हम पीड़िता को ही दोषी ठहरा रहे हैं. ये क्या है? इस तरह के रिश्ते के टूटने के कानूनी परिणामों पर संदेह जताते हुए न्यायालय ने पूछा कि एक बार जब वह (आरोपी) अलग हो जाता है, तो क्या यह आपराधिक अपराध बन जाता है? न्यायालय ने शिकायत से पहले की घटनाओं के क्रम पर भी चिंता व्यक्त की।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि वह उसके साथ रहने क्यों गई और बच्चा क्यों पैदा किया? अब वह यौन उत्पीड़न की बात कर रही है. याचिकाकर्ता ने दावा किया कि जब वह आरोपी (एक तहसीलदार) से मिली, तब वह 18 वर्ष की विधवा थी. आरोपी से उसके देवर ने उसका परिचय कराया था।

### शादी का वादा कर संबंध बनाने का आरोप

आरोप है कि उसने उससे शादी करने का वादा किया और इसी आधार पर उसके साथ संबंध स्थापित किया. दोनों लगभग 15 वर्षों तक साथ रहे और उनका एक बच्चा हुआ।

महिला ने आगे दावा किया कि उसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि आरोपी पहले से विवाहित है और बाद में उसे पता चला कि उसके अन्य महिलाओं के साथ भी संबंध थे. यह भी आरोप है कि उसने अपने पद का दुरुपयोग करके उसका शोषण किया।

याचिकाकर्ता महिला के वकील ने कहा कि आरोप है कि उसने महिला का यौन उत्पीड़न किया और शादी का झूठा वादा किया. उससे मुलाकात तब हुई जब वह महज 18 साल की थी. हालांकि, न्यायालय ने संकेत दिया कि रिश्ते की प्रकृति और अवधि आपराधिक आरोपों की प्रयोज्यता पर सवाल खड़े करती है।

### जानें सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि हमारी बात केवल याचिकाकर्ता से है. यह एक सहमतिपूर्ण संबंध था. वे साथ रह रहे थे. उसका एक बच्चा है और फिर वह यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराती है, अपराध कहा है? जब याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि आरोपी ने इसी तरह अन्य महिलाओं का भी शोषण किया है, तो न्यायालय ने मामले का दायरा बढ़ाने से इनकार कर दिया।

न्यायालय ने कहा कि हमें इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि वह अन्य महिलाओं के साथ क्या कर रहा है। हमें केवल इस याचिकाकर्ता से मतलब है। न्यायालय ने शिकायत दर्ज करने में हुई देरी पर भी सवाल उठाया. 15 साल? इस समय उसने शिकायत दर्ज कराई है. कितने साल बाद? सभी लिव-इन रिलेशनशिप में अगर कोई टूटता है, तो महिला को शिकायत दर्ज करानी पड़ती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बिजली कनेक्शन के नाम पर पैसे मांगने वाला जेई निलंबित




» उपभोक्ता से रिश्वत मांगते वीडियो वायरल।

» मामले की जांच के लिए समिति गठित।

» बिजली कनेक्शन के नाम पर जेई निलंबित।

**लखनऊ।** बिजली कनेक्शन के नाम पर पैसे मांगने वाले अवर अभियंता निलेश सिंह को प्रारंभिक जांच में निलंबित कर दिया गया है। लखनऊ मध्य जोन के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया कि एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें अवर अभियंता द्वारा उपभोक्ता से 24 किलोवाट कनेक्शन के नाम पर डेढ़ लाख रुपये मांगे जा रहे थे। निवेश मित्र पर उपभोक्ता राज कुमार वर्मा द्वारा गुइन रोड, मालवीय नगर में व्यवसाय करने के लिए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया गया था। आवेदक का आरोप था कि निलेश सिंह पैसा लेने के लिए बार-बार घर से कार्यालय बुलाते थे। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल के मुताबिक पूरे मामले की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। बता दें कि आवेदनकर्ता ने अवर अभियंता के उत्पीड़न से परेशान होकर घूस मांगने का वीडियो पूरा बना लिया था। इस पर अधीक्षण अभियंता कमलेश कुमार चौधरी ने जेई को निलंबित कर अधिशासी अभियंता (फाल्ट) कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। वही मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की एमडी रिया केजरीवाल ने शाहजहांपुर खंड से जेई आनंद कुमार और आवंला खंड बरेली से मनोज कुमार यादव को लखनऊ मध्य जोन में संबंद्ध किया है। अब मुख्य अभियंता जोन कार्यालय से एक की तैनाती निलेश सिंह की जगह और दूसरे की अन्य इकाई में जल्द होगी।

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक 30 अप्रैल को होगी

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग साहब सरन ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक 30 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में आयोजित की जायेगी।

# सूखी नहरे सूखे तालाब पानी की तलाश में भटक रहे बेजुबान जानवर

» जंगली जानवरों के सुख रहे हलक जिला प्रशासन ऑफिस में बैठकर जल भराव का स्थल पर सुखी नहरें सूखे तालाब कैसे हो बेजुबानों को पानी की व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में भीषण गर्मी तपती धूप में बेजुबान पानी बगैर तरस रहे हैं जिले में सुखी नहरे तालाब गड्ढे में पानी न होने से जंगली जानवर नील गाय पशु पक्षी बेजुबान पानी के लिए तरस रहे हैं जिला प्रशासन एक के कमरों में बैठकर आदेश देती रहती है लेकिन सूखी नारे सूखे तालाब बेजुबानों के लिए हलक सूख रहा है।

जिला प्रशासन बिजवानों के लिए ना तो नहरे में पानी की व्यवस्था कर रहे हैं और ना ही तालाबों और नहरे में पानी छुड़वाने का काम कर रहे हैं कैसे बेजुबान जानवर भीषण तपती गर्मी में बेहाल नजर आ रहे हैं पानी के लिए तड़प रहे। बेजुबान सूखी नहर तालाब जिम्मेदार बेपरवाह जिले के हरैया तहसील क्षेत्र से एक बेहद चिंताजनक तस्वीर सामने आई है जहां भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पशु पक्षियों की हालत गंभीर जंगली जानवर गांव की तरफ पलायन कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान होने की आशंका है नहर तालाब और पोखरे पूरी तरह सूख चुके जिससे पानी के अभाव में जानवर दर-दर भटकने को मजबूर ग्रामीण क्षेत्रों में इनका आवागमन हो गया है पानी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे जानवर ग्रामीणों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

क्षेत्र में जलस्रोतों की हालत बद से बदतर हो चुकी लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एसी कमरों में बैठकर सिर्फ आदेश जारी करने तक सीमित. धरातल पर कुछ दिखाई नहीं देता है कागजों में लाखों रुपए का जलाशय भराव के लिए पैसा खर्च हो जा रहा है लेकिन स्थित सुखी तालाब नहरे बयां कर रही है कि भ्रष्टाचार करके जल स्रोतों का भंडारण नहीं हो पा रहा है नदिया सुख रही है नदियों की सफाई नहीं की जा रही जिसके कारण पानी नहीं रख रहा है।

जमीनी स्तर पर राहत के कोई ठोस इंतजाम नजर नहीं पानी की तलाश में पशु-पक्षी गांव और सड़कों की ओर भटक रहे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल पानी की व्यवस्था कराने और सूखे जलस्रोतों को भरवाने की मांग की व्यवस्था करनी चाहिए अगर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह स्थिति भयावह हो सकती है बड़ी संख्या में बेजुबान जानवरों की जान जा सकती हैसवाल यह है कि आखिर कब जागेगा जिला प्रशासन बेजुबानों को कब जल का व्यवस्था कराएगी सरकार केवल कागजों में तालाबों में पानी भरा जा रहा है नहरे में पानी सप्लाई हो रही है लेकिन सब सुखी नजर आ रही है कहीं पानी की व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही है जिला प्रशासन आदेश देकर के अपने एक ऑफिस में बैठे रहते हैं जंगली जानवर और बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही है।

# सिद्धार्थनगर में दो घरों में जेवरात समेत लाखों की चोरी, लाइसेंसी रिवॉल्वर भी ले गए चोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के डोमसरा गांव में रविवार की रात दो घरों में बड़ी चोरी हुई। चोरों ने वशिष्ठ कुमार पाण्डेय और कल्लू पाण्डेय उर्फ जय प्रकाश के घरों को निशाना बनाया। इस वारदात में करीब 60 लाख रुपये के जेवरात, 6 लाख रुपये नकद और एक लाइसेंसी रिवॉल्वर चोरी हो गई। बताया जाता है कि चोर वशिष्ठ पाण्डेय केघर के अंदर छत के रास्ते से गए। चोरों ने कमरों के ताले तोड़े और अलमारियों को खंगालकर कीमती सामान चुरा लिया। चोरी हुए सामान में लगभग 60 लाख रुपये के जेवरात, 6 लाख रुपये नकद और एक लाइसेंसी रिवॉल्वर शामिल है। ठीक बगल में स्थित कल्लू पाण्डेय उर्फ जय प्रकाश के घर में भी चोरों ने सेंध लगाई। यहां से लगभग 5 लाख रुपये के जेवरात चोर उठा ले गए। चोरी की जानकारी सुबह उस समय हुई जब परिजनों ने घर के अंदर सामान बिखरा हुआ देखा। अलमारियां टूटी




पड़ी थीं और कीमती सामान गायब था। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। एक ही रात में दो घरों में लाखों की चोरी से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है। दोनों घरों के आसपास होने और पट्टीदार होने के कारण पुलिस को आशंका है कि चोरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले पूरी रेकी की थी। सूचना मिलते ही त्रिलोकपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और संदिग्धों की तलाश में जुटी है। इस मामले में थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडेय का कहना है कि चोरी की घटना की जांच की जा रही है।

### कानपुर में भीषण गर्मी का असरः हीट स्ट्रोक से निपटने को हैलट अस्पताल ने बनाए विशेष AC वार्ड

**कानपुर।** कानपुर में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। इसी क्रम में शहर के प्रमुख सरकारी अस्पताल हैलट अस्पताल ने हीट स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए विशेष तैयारियां की हैं। अस्पताल प्रशासन ने अलग से एयर कंडीशंड (ह्र) वार्ड तैयार किए हैं, जहां गर्मी से प्रभावित मरीजों को तत्काल राहत और बेहतर उपचार मिल सके। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, इन विशेष वार्डों में 24 घंटे डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम तैनात की गई है। साथ ही जरूरी दवाओं, ह्रक्रस् घोल, ठंडे पानी और इमरजेंसी उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी गंभीर स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। डॉक्टरों का कहना है कि तेज धूप और लू के कारण हीट स्ट्रोक के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में बुजुर्ग, बच्चे और बाहर काम करने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। अस्पताल प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि दोपहर के समय बिना जरूरी काम के बाहर न निकलें, पर्याप्त पानी पिएं और शरीर को हाइड्रेट रखें। हैलट अस्पताल की इस पहल से शहरवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त बेड और सुविधाएं भी बढ़ाई जाएंगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तुरंत इलाज मिल सके।

# ब्लॉक से चल रही पंचायत! भुलईडीह में विकास ठप, भुगतान पर सवाल

» भुलईडीह के ग्रामीण परेशान, काम के लिए लॉक के चकर गांव में नहीं अधिकारी, लॉक में लग रही लाइन- भुलईडीह की हकीकत

» सुविधाओं के लिए भटक रहे ग्रामीण, पंचायत व्यवस्था पर सवाल

» प्रधान बोले- सचिव द्वारा अपने चहेते फर्म पर भुगतान, विकास अधूरा, भुगतान लंबित; मनरेगा कार्य 7 माह से ठप, सचिव ने आरोपों को बताया निराधार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जनपद के विकास खंड रूपईडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत भुलईडीह में पंचायत संचालन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत से जुड़े कार्य पंचायत भवन के बजाय ब्लॉक मुख्यालय से संचालित किए जा रहे हैं, जिससे गांव का विकास प्रभावित हो रहा है और लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान बृजेंद्र नाथ शुक्ला का कहना है कि पंचायत भवन मौजूद होने के बावजूद वहां नियमित रूप से कार्य नहीं किया जा रहा। उनके अनुसार, पंचायत से जुड़े अधिकांश कार्य ब्लॉक परिसर स्थित कार्यालय से किए जा रहे हैं, जिसके कारण विकास कार्यों में देरी हो रही है और कई योजनाएं अधूरी पड़ी हैं।

प्रधान ने आरोप लगाया कि पंचायत में कराए गए कई विकास कार्यों के भुगतान अब तक लंबित पड़े हुए हैं। उनका कहना है कि भुगतान न होने के कारण विकास कार्यों की रफ्तार थम गई है और मजदूरों व संबंधित कार्यदाताओं में असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी गंभीर आरोप लगाया कि पिछले करीब सात महीनों से मनरेगा के कार्य ठप पड़े हुए हैं। प्रधान के अनुसार, सचिव की कार्यशैली और समन्वय की कमी के कारण मनरेगा के तहत कोई ठोस काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है, जिससे ग्रामीणों को रोजगार से वंचित होना पड़ रहा है। इसके साथ ही प्रधान ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ चयनित फर्मों को लगातार भुगतान किया जाता रहा, जबकि उनके खिलाफ शिकायतें पहले ही की जा चुकी थीं। उनका कहना है कि इस संबंध में उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के चलते उन्हें छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। परिवार रजिस्टर की नकल, प्रमाण पत्र, पेंशन, आवास, मनरेगा जैसे कार्यों के लिए लोगों को बार-बार दौड़भाग करनी पड़ रही है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ब्लॉक परिसर में संचालित कार्यालय में ग्राम विकास अधिकारी के एक नजदीकी रिश्तेदार द्वारा दस्तावेजों का कार्य देखा जा रहा है। उनका कहना है कि बाहरी व्यक्ति को अभिलेखीय जिम्मेदारी सौंपे जाने से पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं और कागजातों में गड़बड़ी की आशंका बनी रहती है।


स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत भवन ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं, लेकिन वहां अधिकारियों की अनुपस्थिति से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों प्रभावित हो रही हैं। ग्राम प्रधान ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत भवन पर नियमित रूप से बैठकर कार्य कराया जाए, लंबित भुगतानों का निस्तारण कराया जाए, मनरेगा कार्यों को पुनः शुरू किया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### सचिव का पलटवार- 'सभी आरोप बेबुनियाद'

वहीं, पंचायत सचिव नंदिनी मौर्या ने प्रधान और ग्रामीणों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि पंचायत से जुड़े सभी कार्य शासन के नियमों और निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही किए जा रहे हैं। सचिव के अनुसार, 'पंचायत में कार्य





क्लस्टर व्यवस्था के अनुसार संचालित किए जाते हैं। सभी भुगतान, अभिलेखीय कार्यवाही और विकास कार्य संबंधित अधिकारियों की जानकारी में और नियमानुसार किए जाते हैं। अनियमितता या पक्षपात के आरोप पूरी तरह निराधार हैं।

### आरोप-प्रत्यारोप से गरमाई पंचायत की सियासत

भुलईडीह पंचायत में प्रधान और सचिव के बीच जारी आरोप-प्रत्यारोप ने स्थानीय स्तर पर राजनीतिक और प्रशासनिक माहौल को गरमा दिया है। एक ओर जहां प्रधान पक्ष विकास कार्यों में पारदर्शिता, नियमित उपस्थिति, भुगतान और मनरेगा कार्यों की बहाली की मांग कर रहा है, वहीं दूसरी ओर सचिव पक्ष सभी प्रक्रियाओं को नियमसम्मत बता रहा है।

**अब सबकी नजर प्रशासन पर टिकी है-** क्या इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी और सच्चाई सामने आएगी, या फिर यह विवाद केवल आरोप-प्रत्यारोप तक ही सीमित रह जाएगा?

## संक्षिप्त खबरें

### मासूमों के वार्ड में गंदगी का 'काला सच', वीडियो ने खोली सिस्टम की परतें




**NICU-PICU तक फैली लापरवाही? वायरल वीडियो से स्वास्थ्य विभाग पर घिरे सवाल**

**बस्ती।** बस्तीजिले के मेडिकल कॉलेज कैली से सामने आए एक वीडियो ने स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत उजागर कर दी है। वायरल वीडियो में NICU और PICU जैसे अति संवेदनशील वार्डों के आसपास गंदगी का अंबार दिखाई दे रहा है। जगह-जगह कूड़ा फैला हुआ नजर आता है, वहीं बाथरूम की हालत भी बेहद खराब बताई जा रही है। यह वीडियो कथित तौर पर भर्ती बच्चों के परिजनों द्वारा बनाकर मीडिया तक पहुंचाया गया है। हालांकि वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन जो दृश्य सामने आए हैं, वे चिंताजनक हैं और सीधे तौर पर मासूम मरीजों की सेहत से जुड़े हैं। अगर हालात वास्तव में ऐसे हैं, तो यह बड़ा सवाल खड़ा होता है कि जिन वार्डों में नवजात और गंभीर रूप से बीमार बच्चों का इलाज होता है, वहां सफाई व्यवस्था इस कदर लचर कैसे हो सकती है। गंदगी के कारण संक्रमण का खतरा और बढ़ सकता है, जो बच्चों के लिए घातक साबित हो सकता है। सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर किए जा रहे दावों के बीच इस तरह के वीडियो कई सवाल खड़े करते हैं। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और सुधार के लिए क्या कदम उठाते हैं।

### श्रीराम कथा में राम की बाल लीलाओं का वर्णन



**सिद्धार्थनगर।** बिस्कोहर कस्बे से सटे जनपद बलरामपुर सीमा पर स्थित मधुपुर पकड़ी गांव में चल रहे नौ दिवसीय श्री राम कथा के छठवें दिन रविवार की रात श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।यज्ञाचार्य दुर्गेश कुमार शास्त्री अयोध्या से आए हुए जगत गुरु स्वामी राम दिनेशाचार्य ने श्रीराम के बाल लीलाओं बारे में कथा सुनाई। जगत गुरु स्वामी राम दिनेशाचार्य ने प्रभु श्रीराम की मनमोहक बाल लीलाओं का वर्णन कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने उस प्रसंग का वर्णन किया, जब भगवान भोलेनाथ बालक राम के दर्शन की लालसा में भेष बदलकर अयोध्या पहुंचे थे। उन्होंने संदेश देते हुए कहा श्रीराम कथा केवल श्रवण का माध्यम नहीं है बल्कि यह जीवन की पाठशाला है। हमें भगवान राम के आदर्शों और उनके चरित्र को अपने वास्तविक जीवन में उतारना चाहिए तभी ऐसी कथाओं की सार्थकता है। इस दौरान मुख्य यजमान धनीराम प्रजापति, सीताराम प्रजापति, विजय प्रजापति, पंकज प्रजापति, दयाराम प्रजापति, विजय कुमार, धर्मेन्द्र शुक्ला, मनीराम प्रजापति, डॉ मधुसूदन शुक्ला, विजय शरण मिश्रा, संजय सिंह, मोना पाण्डेय, रक्षा राम प्रजापति, विजय कुमार अग्रहरि चेयरमैन प्रतिनिधि ,कृपा शंकर प्रजापति सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश में युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**चार नामजद पर केस दर्ज**

**ललितपुर।** मड़ावरा थाना क्षेत्र के ग्राम गंगचारी में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम गंगचारी निवासी 24 वर्षीय हरी सिंह पुत्र शिवराज ने थाना मड़ावरा में तहरीर देकर बताया कि 26 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 4 बजे वह डीजे लेकर ग्राम झिलोन से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान गंगचारी तिराहे के पास गांव के ही वीरेन्द्र, नीरेंद्र, अमर सिंह और नत्थू सिंह ने उसे रोक लिया और पुराने मुकदमे में राजीनामा करने का दबाव बनाने लगे। आरोप है कि जब हरी सिंह ने समझौता करने से इंकार किया तो सभी आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना मड़ावरा पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352, 351(2) व 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच उपनिरीक्षक को सौंपी गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# वरिष्ठ सहायिका के खिलाफ नही हुई निष्पक्ष जांच

**●अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश से हुई थी शिकायत अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बस्ती मण्डल बस्ती को मिली थी जांच**

**●वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के भ्रष्टाचार को जांच करने के बजाए बचाने में अपर निदेशक स्वास्थ्य ने किया पूरा प्र यास**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन , समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश के दो बार पत्र जारी करने के बाद भी वरिष्ठ सहायिका कनिष्ठ सहायिका के भ्रष्टाचार की जांच नही हो पाई है जब कैबिनेट मंत्री के दो - दो बार पत्र जारी होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच नही की जा रही है तो आम जनता के शिकायत पर कैसे जांच होगा ?

सीएमओ कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच में अपर निदेशक स्वास्थ्य बस्ती मण्डल बस्ती ने लीपापोती किया हैं। अपर निदेशक स्वास्थ्य ने कैबिनेट मंत्री व जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये जांच को ठेंगा दिखाने से कोई कोर कसर नहीं छोड़ा हैं जांच मिलने के 08 माह बीत जाने के बाद भी निष्पक्ष जांच नही हो पाई है अर्थात् जांच के नाम पर अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बस्ती मण्डल बस्ती ने बड़ा खेल कर दिया है अर्थात् जांच के नाम पर पूर्ण रूप से रफा-दफा कर दिया है।

आपको बता दें कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी बस्ती कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के भ्रष्टाचार को लेकर अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश से शिकायत हुई थी और सीएमओ कार्यालय में जमकर भ्रष्टाचार करने वाली वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग की गई थी।

कैबिनेट मंत्री को दिये शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया था कि वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय बस्ती में कई वर्षो से लगातार कार्यरत है तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी की मिलीभगत से एक ही पटल पर अंगद की तरह पैर जमाई हुई है और भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि इनके द्वारा किसी भी कार्य के लिए बिना 20 प्रतिशत हिस्सा लिये एवं बिना 10 बार कार्यालय के चक्कर लगाये कोई भी कार्य नहीं किया जाता है तथा आये दिन अनेकों लोग इनके जाल में फंस कर शिकार हो रहे हैं इसके साथ-साथ यह है कि वर्ष 2024 में अवनी परिधि कम्पनी द्वारा निकाले गये आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती में इनके द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर फर्जी तरीके से नियुक्ति की गयी है। जिससे सरकार की साफ सुथरी छवि धूमिल हो रही है। सरकार की जीरो टोलरेन्स नीति के तहत इनके पटल चिकित्सा पूर्ति भुगतान एवं आउटसोर्सिंग का चार्ज वापस लेते हुए जांच कराना न्याय हित में आवश्यक है जिससे इनके द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार को रोका जा सके। अनिल राजभर कैबिनेट मंत्री श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उत्तर प्रदेश ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच कराने का निर्देश दिया था। पूर्व जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने वरिष्ठ सहायिका कनिज फातिमा के द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार की जांच अपर निदेशक स्वास्थ्य को दिया था लेकिन अपर निदेशक स्वास्थ्य डा0 अश्विनी कुमार ने बिना किसी जांच पड़ताल के मनगढ़ंत एवं कूटरचित रिपोर्ट प्रेषित किया है जिसको लेकर जिले में तरह- तरह की चर्चाएं चल रही है। उक्त प्रकरण में फोन के माध्यम से अपर निदेशक स्वास्थ्य से जानकारी लिया तो अपर निदेशक स्वास्थ्य ने कोई संतोष जनक उत्तर नही दिया।

# तारकोल का दाम बढ़ा, ठेकेदार भड़के, धरना देकर सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में तारकोल का दाम बढ़ने से ठेकेदार संगठन द्वारा एकदिवसीय धरना देकर ज्ञापन सोपा मामला अमेरिका - ईरान, इजराइल युद्ध का असर सड़क बनाने वाले तारकोल पर भी पड़ने लगा है। इसे लेकर ठेकेदार परेशान हैं। सोमवार को ठेकेदार एसोसिएशन बस्ती मण्डल के अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ मिश्र, महामंत्री गोविन्दनाथ पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयन्त्री सिंह के नेतृत्व में ठेकेदारों ने पी.डब्लू.डी. कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। मांग किया कि बढे हुये तारकोल एवं अन्य निर्माण सामग्री के मूल्य के आधार पर अतिरिक्त धन का भुगतान कराया जाय। धरने के बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियन्ता कर्मवीर सिंह को सौंपा गया। अधीक्षण अभियन्ता ने ज्ञापन लेने के बाद कहा कि ठेकेदारों की मांग से शासन को अवगत करा दिया जायेगा। दिशा निर्देश के अनुरूप नियम लागू होंगे। पी.डब्लू.डी. कार्यालय परिसर में आयोजित धरने को रवीन्द्रनाथ मिश्र, गोविन्दनाथ पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य और अमेरिका -ईरान, इजराइल युद्ध को देखते हुये तारकोल विटुमिन' के साथ ही निर्माण में काम आने वाले अनेक सामानों की कीमतें बढ गयी है, ऐसे में पुराने दर अनुबन्ध के आधार पर कार्य करना कठिन होता जा रहा है।

सरकार और विभाग इसे देखते हुये ठेकेदारों को बढे मूल्य के आधार पर भुगतान सुनिश्चित कराये। धरना और ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अजमत, भुवनेश सिंह, वीरेन्द्र पाण्डेय, नागेश सिंह, वीरेन्द्र श्रीवास्तव, राघवराम यादव, अनूप चौधरी, अखण्ड, राकेश पाण्डेय, उमेश तिवारी, प्रेम सागर गुप्ता, दीना वर्मा, राम नरेश पाठक, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय, मनोज तिवारी, सन्तराम चौधरी, हर गोविन्द दूबे, अम्बिका, राजेश, करीम अहमद, हरिशंकर, राजेश गिरी, अमरेन्द्र, विजय यादव, नरेन्द्र सिंह, वी.के. श्रीवास्तव, हरिनरायन दूबे, सुखदेव पाठक, चन्द्रकेश, अनिल, मनीष सिंह, हरिशंकर के साथ ही बड़ी संख्या में ठेकेदार और एसोसिएशन के पदाधिकारी शामिल रहे।

## पेंशनधारी दरोगा ने बेटे को बीपीएल सूची में डालकर किया फ्राड निकाला शौचालय का पैसा

**●साऊँघाट विकास खण्ड के तरेता ग्राम पंचायत से जुड़ा मामला- मामले का भंडाफोड़ होने पर आनन- फानन में शुरू किया निर्माण**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले केसाऊँघाट विकास खण्ड की तरेता ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है बल्कि मनरेगा भ्रष्टाचार का जिन्न परत दर परत खुलता जा रहा है जिसके क्रम में ही प्रधान राम सुभाव का एक और शौचालय घोटाला सामने आया है मिली जानकारी के अनुसार साऊँघाट विकास खण्ड की ग्राम पंचायत तरेता के प्रधान राम सुभाव पेंशनधारी दरोगा हैं जिन्होनें धोखाधड़ी करके अपने लड़के को बीपीएल श्रेणी में डलवाकर शौचालय का पैसा हजम कर लिया था। सेवानिवृत्त दरोगा व वर्तमान प्रधान राम सुभाव द्वारा मात्र शौचालय का पैसा हजम नहीं किया गया है बल्कि अपने लड़के के साथ मिलकर घोखाधड़ी करके बीपीएल सूची में नाम सम्मलित कराया गया है क्योंकि राम सुभाव व उनका परिवार सम्पन्न श्रेणी में है जो कि बीपीएल श्रेणी में कदापि सम्मलित नहीं हो सकता है। ऐसा नहीं कि भ्रष्टाचार केवल प्रधान रामसुभाव व उनके परिवार द्वारा किया गया है बल्कि इस पूरे प्रकरण में तत्कालीन सेक्रेटरी की भी मिलीजुली भूमिका है जिनके सहयोग से इस भ्रष्टाचार की रूप रेखा तय हुई। यद्यपि प्रधान के भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ हो चुका है और हड़पे गए धन से शौचालय निर्माण भी शुरु हो गया है परन्तु सुविधा सम्पन्न होते हुए भी अपने परिवार का नाम बीपीएल सूची में अंकित करवाना और प्रकरण में तत्कालीन सेक्रेटरी की संलिप्तता पर कार्यवाही अभी भी शेष है।

## गाजीपुर में किशोरी का शव गंगा में मिलने का मामला

**निष्पक्ष जांच और न्याय के लिए बहुजन अधिकार सेना का प्रदर्शन**

**सुल्तानपुर**- सोमवार को बहुजन अधिकार सेना ने गाजीपुर में एक 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध मौत के मामले में प्रदर्शन किया। संगठन ने राज्यपाल को संबोधित एक मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें मामले की उच्चस्तरीय जांच और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की गई है। यह मामला गाजीपुर के थाना करंडा क्षेत्र का है, जहां 14 अप्रैल की रात एक 16 वर्षीय किशोरी अपने घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। अगले ही दिन, 15 अप्रैल को उसका शव बरमपुर गंगा पुल के नीचे नदी में बरामद हुआ। प्रथम दृष्टया यह हत्या और दुष्कर्म का मामला प्रतीत हो रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों और सोशल मीडिया पर व्यापक आक्रोश है। बहुजन अधिकार सेना के प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव नारायण विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन इस गंभीर मामले में अपेक्षित संवेदनशीलता और पारदर्शिता नहीं दिखा रहा है। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि प्राथमिकी (FIR) दर्ज करने में भी हीलाहवाली की गई, जिससे पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में संगठन ने सात प्रमुख मांगें रखी हैं।

# स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति व बर्खास्तगी साथ- साथ कैसे बीएसए व बीईओं प्रभात की भूमिका पर उठ रह सवाल

**●बीईओं कप्तानगंज प्रभात श्रीवास्तव की भूमिका बनी संदिग्ध बेसिक शिक्षा अधिकारी व बीईओ प्रभात की दुरभि संधि के चलते प्रतिमाह सरकारी खजाने को पचासों हजार का लग रहा बट्टा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंप्रदेश सरकार की नीतियों पर कुठाराघात करते हुए बस्ती जिले के शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी की बस्ती जिले में लंबी तैनाती भ्रष्टाचार की जड़ बनती जा रही है। जब विभाग के जिम्मेदार अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वयं भ्रष्टाचार में संलिप्त रहेंगे तो शिक्षा विभाग में फैला भ्रष्टाचार कैसे खत्म हो पायेगा चर्चा व जाँच का विषय बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद के एक ख्याति प्राप्त समाजसेवी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय सम्बन्धी जानकारी इकट्ठा करने हेतु आरटीआई के तहत आवेदन दिया तो बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बर्खास्त शिक्षकों की सूची उपलब्ध करायी। मामला तब ज्यादा संवेदनशील हो गया जब यह तथ्य प्रकाश में आया कि बर्खास्त सूची मै शामिल कुछेएक शिक्षक पेंशन भी प्राप्त कर रहे हैं जिसको लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी व उनका कार्यालय कटघरे में आ गया कि आखिर बर्खास्त शिक्षकों को पेंशन कैसे मिल रही है।

सूत्रों की माने तो बर्खास्त सूची में शामिल शिक्षको ने नौकरी में फर्जी प्रमाण पत्र का प्रयोग किया था जिसकी शिकायत एसटीएफ समेत अन्य उच्च अधिकारियों से की गई थी। सूत्रों से यह भी पता चला है कि एसटीएफ ने पहले ही आरोपी शिक्षक के खिलाफ रिपोर्ट शिक्षा विभाग को सौंपी थी परन्तु बेसिक शिक्षा अधिकारी व सम्बन्धित बीईओ तथा पटल बाबू संतोष गुप्ता ने आपस में सांठगांठ करके फर्जी शिक्षक को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दिला दिया ताकि शिक्षक को बर्खास्त ना करना पड़े और एफआईआर एवं रिकवरी से बचाव हो सके इसके बदले आरोपी शिक्षक से खूब




धनादोहन भी किया गया। अब बड़ा सवाल है कि जब शिक्षक ने स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति ली थी तो बीएसए ने क्यों जिले में बर्खास्त शिक्षकों की सूची में उसका नाम डाला? और मामले को दबाने हेतु आरोपी शिक्षक का नाम बर्खास्त शिक्षकों की सूची में दर्ज कर जन सूचना सार्वजनिक कर दिया गया है। एक ही शिक्षक का नाम बर्खास्तगी सूची व पेंशन सूची में होने से पूरा बीएसए कार्यालय व उसके रहनुमा बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी व पटल बाबू की भूमिका पर प्रश्नचिन्ह लाजिमी है जिसकी सतही जाँच व कार्यवाही जनहित में जरूरी है।

# श्रीपाल पब्लिक इंटर कॉलेज में मेधावी विद्यार्थियों का प्रोत्साहन

**●वरिष्ठ समाजसेवी ने बढ़ाया उत्साह**

**●डॉ. बृजेश तिवारी ने सराहा प्रोत्साहन कार्य,बोले ऐसे प्रयासों से मजबूत होता है विद्यार्थियों का मनोबल**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार,अमेठी।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल बना हुआ है। लंबे समय से अपने परिणाम का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों को जैसे ही सफलता मिली, उनके चेहरों पर संतोष और गर्व साफ झलकने लगा। इसी क्रम में क्षेत्र के श्रीपाल पब्लिक इंटर कॉलेज में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने का कार्य किया गया।जनपद के बहुचर्चित वरिष्ठ समाजसेवी पी.के. तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए और उन्होंने विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और लगन से ही सफलता हासिल होती है और यही छात्र देश का भविष्य हैं। इस दौरान समाजसेवी तिवारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और श्री राधे-कृष्ण की प्रतिमाएं भेंट कीं। उन्होंने छात्रों से महान व्यक्तित्वों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की अपील की।इस अवसर पर हाई स्कूल के छात्र शिवांशु शुक्ला (पुत्र विनय शंकर शुक्ला) ने लगभग 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं इंटरमीडिएट की छात्रा रहनुमा बानो पुत्री अब्दुल राजा ने करीब 81 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दोनों मेधावी छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की गई।इस बीच श्रीमती दशरथ देवी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बृजेश तिवारी सहित कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। डॉ. तिवारी ने समाजसेवी पी.के. तिवारी के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में जहां कुछ लोग हतोत्साहित करने का कार्य करते हैं, वहीं ऐसे समाजसेवी समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। और प्रोत्साहित करते हैं,अंत में सभी ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या अराधना तिवारी, अध्यापिका संगीता तिवारी अध्यापक विपिन कुमार सोनी व शिक्षक हरिओम पाठक, प्रियंका श्रीवास्तव राम मूरत यादव शिवम शुक्ला सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है आदर्श इंटर कॉलेज- पीके तिवारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुलबाजार अमेठी।** यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद जनपद अमेठी के विद्यालयों मे होनहारों के प्रोत्साहन एवं शुभकामनाओं का सिलसिला अनवरत जारी है और लोग विद्यालय एवं होनहारों के विद्यालय/आवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं दे रहे हैं वहीं शिक्षा क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले आदर्श इंटर कालेज शुकुलबाजार के प्रबंधक जयसिंह चंदेल द्वारा आयोजित होनहारों के सम्मान समारोह मे प्रबंधक जयसिंह चंदेल एवं स्टाफ ने होनहारों का माल्यार्पण कर मुह मीठा कराते हुए सम्मानित किया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

होनहारों ने प्रबंधक एवं स्टाफ का धन्यवाद किया उक्त अवसर पर सामाजिक कार्यो के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने आदर्श इंटरकालेज शुकुलबाजार पहुंचकर हाईस्कूल एवं इंटर के होनहारों के सम्मानपूर्ण अंकों से उत्तीर्ण होकर परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने हेतु प्रबंधक जयसिंह चंदेल की उपस्थिति मे बतौर संस्था प्रबंधक होनहारों को श्री राधाकृष्ण प्रतिमा एवं पेन भेंटकर प्रोत्साहित किया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि होनहारों ने कठिन परिश्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा से यह मुकाम हासिल किया है जो कि क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण है होनहारों ने समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद किया और कहा कि अगली कक्षाओं मे वह और भी बेहतर करने की कोशिश करेंगे।

## बाबूलाल यादव को श्रद्धांजलि, समाजवादी विचारों के रहे क्रांतिकारी अग्रदूत

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर सोमवार को पूर्व सपा जिलाध्यक्ष व शिक्षाविद् स्मृतिशेष बाबूलाल यादव के निर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उन्हें सामाजिक परिवर्तन और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी व्यक्तित्व बताया। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि बाबूलाल यादव क्रांतिकारी चेतना के आगाजकर्ता थे, जिन्होंने समाजवादी और बहुजनवादी विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने अपने गांव मालीबारी में विद्यालय स्थापित कर शिक्षा की अलख जगाई और कई अन्य शैक्षणिक संस्थानों के सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि बाबूलाल यादव ने जिस भी पद पर कार्य किया, वहां अपने कार्यों से अलग पहचान बनाई। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष करते हुए उन्होंने समाज को नई दिशा दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आसमान की ऊंचाईयों से गिरकर दो दुर्लभ गिद्धों की मौत

**●तड़पकर मर गए प्रकृति के दो सफाईकर्मी, सूचना के बाद भी घंटों नहीं पहुंची वन विभाग की टीम**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।**भारत-नेपाल सीमा से सटे मधवलिया रेंज के परसामलिक थाना क्षेत्रांतर्गत झिंगटी एसएसबी कैंप के समीप सोमवार की सुबह करीब दस बजे बॉर्डर डेवलपमेंट रोड पर आसमान में उड़ रहे दो दुर्लभ प्रजाति के गिद्ध अचानक लड़खड़ाकर जमीन पर आ गिरे। जब तक ग्रामीण पानी लेकर उन्हें बचाने के लिए दौड़ते तब तक दोनों पक्षियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रकृति के सफाईकर्मी कहे जाने वाले इन विलुप्तप्राय पक्षियों की अचानक हुई मौत से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी लेकिन विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में रही। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना के घंटों बाद शाम चार बजे तक मृत गिद्धों के शव खुले मैदान में लावारिस पड़े रहे, जिससे उन्हें जंगली व अन्य जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचाने का खतरा बना रहा। वहीं ग्रामीणों के मुताबिक दूसरे गिद्ध से जैसे ही नजर हटा की कोई जानवर उसे लेकर भाग गया। ऐसे में खोजबीन के बाद भी दूसरे गिद्ध का शव नहीं मिला। वन विभाग की इस कथित उदासीनता पर लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई है। वहीं इसकी सूचना पर मधवलिया रेंज के रेंजर अजीत भास्कर ने स्थिति को संज्ञान में लेते हुए कहा कि वन विभाग की एक विशेष टीम जल्द ही मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल करेगी। उन्होंने कहा कि गिद्धों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इन पक्षियों की मौत किसी जहरीले पदार्थ के सेवन से या फिर क्षेत्र में फैले किसी अज्ञात संक्रमण की वजह से हुई है।

## पुलिस अधीक्षक अमेठी ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक


**●एसपी अमेठी द्वारा राजर्षि रणन्जय सिंह इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एन्ड टेक्नोलॉजी कॉलेज में साइबर कार्यशाला के माध्यम से छात्र- छात्राओं को साइबर अपराध के संबन्ध में किया गया जागरूक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** थानाक्षेत्र मुंशीगंज अन्तर्गत राजर्षि रणन्जय सिंह इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एन्ड मैनेजमेन्ट कॉलेज जनपद अमेठी में साइबर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा कॉलेज के बी-टेक व एमबीए के छात्र-छात्राओं व उपस्थित शिक्षकों को साइबर जगत में होने वाले वित्तीय व गैर-वित्तीय साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से उदाहरण के माध्यम से समझाया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया अकाउंट्स पर लागू करने और अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट से बचने की सलाह दी गई व इस दौरान डेमो के लिए एक छात्रा को बुलाकर उसके मोबाइल फोन से और अधिकृत रूप से इंस्टॉल किए जाने वाले ऐप और उसके माध्यम से व्यक्तिगत डेटा चोरी के बारे में बताया गया व क्यू आर कोड के माध्यम से भुगतान करते समय सावधानी बरतने और केवल विश्वसनीय स्रोतों से ही लेनदेन करने पर जोर दिया गया।

साइबर अपराध व डिजिटल अरेस्ट एवं उससे बचने के तरीके और ऐसी घटना होने पर उसके संबंध में रिपोर्टिंग प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नं 1930 पर संपर्क करें अथवा वेबसाइट पर रिपोर्ट करने व स्थानीय थाने पर



सूचना देने हेतु बताया गया । कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा छात्रों से संवाद किया गया जिसमें छात्रों द्वारा विभिन्न साइबर अपराध के बारे में प्रश्न पूछे गए जिसका एसपी अमेठी द्वारा उत्तर देते हुए विस्तार से जानकारी देकर बताया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं के भीतर 'डिजिटल साक्षरता व साइबर जागरुकता' को बढ़ावा देना है ताकि वे तकनीक का लाभ तो उठा सकें, लेकिन इसके खतरों से भी सुरक्षित रहें। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकगण और पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोतवाली में 81 नए पुलिसकर्मियों की तैनाती, सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र की कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कोतवाली में 81 नए पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जिनमें 16 महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। सोमवार को सभी नव प्रशिक्षित जवानों ने कोतवाली में अपनी आमद दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने सभी पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने फील्ड ड्यूटी की बारीकियों से अवगत कराते हुए अनुशासन और व्यवहार को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। साथ ही जवानों को रहने और खाने की व्यवस्था की जानकारी भी दी गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के तरीके भी समझाए गए हैं। महिला पुलिसकर्मियों को विशेष जिम्मेदारियों के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नई तैनाती के बाद कोतवाली में पुलिस बल की संख्या अब करीब 200 हो गई है। इससे क्षेत्र में गश्त बढ़ेगी और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

### घर में घुसे युवक ने मासूम गले पर चाकू रखकर महिला को दी जान से मारने की धमकी

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक युवक ने घर में घुसकर महिला और उसके ढाई साल के मासूम बच्चे पर हमला कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बन्नामऊ गांव निवासी प्रीती पत्नी सूरज ने पुलिस को बताया कि मौसी पक्ष से जुड़े रिश्तेदार सचिन निर्मल पुत्र शिवकुमार उर्फ पप्पू निवासी चोरहनखेड़ा थाना गुरुबख्शगंज अचानक उसके घर में घुस आया। आरोप है कि उसने आते ही गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की। महिला का आरोप है कि आरोपी ने उसके ढाई साल के बेटे रूद्र को भी नहीं बख्शा। उसने मासूम के गले पर चाकू रख दिया। जान से मारने की धमकी दी। घटना से महिला सहम गई। बच्चे के गले पर चोट के निशान भी मिले है। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तब जाकर आरोपी वहां से भाग निकला। घटना के बाद महिला ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला और बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी की तलाश जारी है।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली गेट के सामने सोमवार को तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोदीपुर उतरावा गांव निवासी सुबोध कुमार स्कूटी से सामान लेकर कोतवाली गेट के अंदर जा रहे थे। तभी फतेहपुर की ओर जा रही बेकाबू कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सुबोध सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में स्कूटी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें उठाकर अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### शांति भंग की आशंका में 6 गिरफ्तार, 19 वाहनों का चालान

**भदोही।** जनपद पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के तहत कार्रवाई करते हुए शांति भंग की आशंका में 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया। पुलिस के अनुसार, थाना कोईरौना क्षेत्र में दो, थाना चौरी क्षेत्र में एक तथा थाना सुरियावां क्षेत्र में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं यातायात पुलिस ने भी नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखाते हुए अभियान चलाया। इस दौरान 18 दोपहिया और 1 चारपहिया समेत कुल 19 वाहनों का चालान कर 19 हजार रुपये का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था और यातायात नियमों के पालन को लेकर अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# पंचायत चुनाव से पहले बिना कार्यों के भुगतान कर चुनाव भुनाने की तैयारी

**● रूपईडीह ब्लॉक में बड़ा खेल ?**

**●जीरो टॉलरेंस नीति पर सवाल! रूपईडीह में फर्जी भुगतानों का खेल उजागर**

**●हैंडपंप रिबोर से लेकर सड़क-नाली तक कागजों में विकास, बिना कार्य निकाले जा रहे लाखों रुपये**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के बावजूद विकास खंड रूपईडीह में कथित फर्जी भुगतानों का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। आरोप है कि पंचायत सचिव और प्रधान की मिलीभगत से विभिन्न विकास योजनाओं के नाम पर बिना कार्य कराए ही लाखों रुपये का भुगतान निकाल लिया जा रहा है।ग्रामीणों और सूत्रों के अनुसार, भरियालाबेदपुर, बेलवा कर्मडीह , भवानियापुर उपाध्याय, भटपुरवा, तेंदुआचौखड़िया, पचरन, बभनी सराय,देवरिया कला समेत कई ग्राम पंचायतों में हैंडपंप रिबोर और मरम्मत के नाम पर भारी रकम खर्च दिखाई गई है, जबकि कई स्थानों पर हैंडपंप आज भी खराब पड़े हैं या कुछ ही दिनों में फिर से बंद हो जाते हैं। इससे पेयजल संकट और गहरा गया है। इसके अलावा आरोप है कि पंचायत भवन मरम्मत, सड़क निर्माण, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट स्थापना, कूप मरम्मत और अन्य विकास कार्यों के नाम पर भी कागजों में योजनाएं पूर्ण दिखाकर भुगतान निकाल लिया जाता है। जमीनी हकीकत में कई स्थानों पर या तो कार्य शुरू ही नहीं हुए या बेहद घटिया गुणवत्ता के साथ अधूरे छोड़ दिए गए।ग्रामीणों का कहना है कि इन कार्यों से संबंधित फर्मों, टेंडर और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी स्थानीय स्तर पर किसी को नहीं दी जाती। ना ही कभी गांव में कार्य योजना को लेकर के बैठक भी होती है 'कागजों में सब कुछ पूरा है, लेकिन गांव में विकास कहीं नजर नहीं आता,' ग्रामीणों ने आरोप लगाया। बताया जा रहा है कि कई मामलों में शिकायतों के बावजूद भी संदिग्ध फर्मों को लगातार भुगतान किया जाता रहा। इससे साफ है कि पूरे प्रकरण में प्रशासनिक स्तर पर भी लापरवाही या मिलीभगत की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का मानना है कि यदि इन सभी कार्यों–हैंडपंप मरम्मत, सड़क और नाली निर्माण, पंचायत भवन मरम्मत आदि–की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए, तो भ्रष्टाचार की परत-दर-परत खुल सकती है। यह न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला है, बल्कि सरकार की नीतियों के भी सीधे खिलाफ है।

पंचायत चुनाव नजदीक होने के कारण इस पूरे मामले को चुनावी रणनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है। आरोप है कि कागजी विकास दिखाकर वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि रूपईडीह ब्लॉक की सभी संदिग्ध ग्राम पंचायतों में हुए भुगतानों, कार्यस्थलों और संबंधित फर्मों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**अब बड़ा सवाल यह है—** क्या सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जमीनी स्तर पर भी लागू होगी, या फिर फर्जी भुगतान का यह खेल यूं ही चलता रहेगा?

## तहसील परिसर में खराब पड़ा आरओ प्लांट, भीषण गर्मी में पेयजल संकट



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील परिसर में लगा आरओ वाटर कूलर कई वर्षों से खराब पड़ा है, जिससे भीषण गर्मी में अधिवक्ताओं और फरियादियों को ठंडे पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने परिसर में लगे आरओ प्लांट की जल्द मरम्मत कराए जाने की मांग उठाई है।

तहसील में हर दिन सैकड़ों लोग अपने मामलों की सुनवाई के लिए पहुंचते हैं। इनमें कई लोग दूर-दराज क्षेत्रों से आते हैं, जिन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में पेयजल की उचित व्यवस्था न होना उनके लिए बड़ी परेशानी बन गया है। बताया जाता है कि तहसील परिसर के अधिवक्ता हाल के पास वर्ष 2019 में तत्कालीन विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा लोगों की सुविधा के लिए दो हजार लीटर क्षमता का आरओ प्लांट और 400 लीटर का चिलर लगवाया गया था। लेकिन वर्तमान में यह पूरी तरह खराब हो चुका है। अधिवक्ता वीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि गर्मी की शुरुआत हो चुकी है और आरओ खराब होने के कारण लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री दल बहादुर सिंह ने कहा कि आरओ खराब होने से फरियादियों की परेशानी और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि न्याय की प्रक्रिया पहले ही कठिन होती है, ऐसे में पानी की समस्या नई चुनौती बन गई है।


अधिवक्ता पंकज मिश्रा के अनुसार, आरओ की मरम्मत के लिए कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। तहसील आने वाले लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द आरओ प्लांट को ठीक कराने की मांग की है।

## अमर नगर श्मशान घाट में युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

**● इलाके में शोक की लहर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां/** सीतापुर के अमर नगर मोहल्ले में सोमवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव श्मशान घाट में फंदे से लटकता हुआ पाया गया। मृतक की पहचान संतोष विश्वकर्मा के पुत्र अंकुश विश्वकर्मा के रूप में हुई है। इस हृदय विदारक घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंकुश विश्वकर्मा ने अज्ञात कारणों के चलते मंसाराम श्मशान घाट में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। स्थानीय लोगों ने जब शव को फंदे से लटका देखा, तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। ?परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल जवान बेटे




की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि अंकुश एक मिलनसार युवक था, उसका इस तरह अचानक चले जाना समझ से परे है

**मानसिक स्वास्थ्य पर उठ रहे सवाल**

इस घटना ने एक बार फिर युवाओं में बढ़ती निराशा और मानसिक तनाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध वर्ग ने अपील की है कि समाज को युवाओं की मानसिक स्थिति को समझने की जरूरत है, ताकि ऐसे आत्मघाती कदमों को रोका जा सके। क्षेत्रीय पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### मन लगाकर पढ़ाई करे सफलता के रास्ते खुद आगे खुलते चले जायेंगे-एम दामिनी दास



**लहरपुर सीतापुर–** मन लगाकर पढ़ाई करें खूब मेहनत करें सफलता के रास्ते खुद ही आगे खुलते चले जाएंगे उक्त विचार उप जिलाधिकारी लहरपुर एम दामिनी दास ने यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में उच्च अंक अर्जित करने वाली आशी मिश्रा को सम्मानित करते हुए व्यक्त किया उन्होंने बताया जब हम लक्ष्य बनाकर मन लगाकर पढ़ते हैं तो एक दिन अपनी मंजिल को पा ही लेते हैं। इस मौके पर तहसीलदार लहरपुर योगेश मिश्रा कन्हैया तथा सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी मौजूद रहे हसीन अंसारी ने बताया अति शीघ्र ही एक करियर काउंसलिंग मेले का आयोजन लहरपुर क्षेत्र में किया जाएगा जिससे हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के छात्र एवं छात्रों को अपनी राह चुनने में आसानी होगी और सही मार्गदर्शन मिल सकेगा।

## वे पब्लिक स्कूल में प्रतिभा अलंकरण सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**● मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खिले प्रशस्ति पत्र सम्मान के मुस्कान भरे रंग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिधौली।** कस्बा सिधौली के सिद्धेश्वर मोहल्ला स्थित पावर हाउस के निकट न्यू वे पब्लिक स्कूल में रविवार को प्रतिभा अलंकरण सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, साहित्य और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक सम्मानित व्यक्तित्वों की उपस्थिति ने समारोह को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद् गुरुजी आर. डी. वर्मा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देवेंद्र कश्यप 'निडर', नारी रत्न सामाजिक कार्यकर्ता नीतू वर्मा, तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं शिक्षा प्रेमी भी मौजूद रहे। समारोह के दौरान विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धियों के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को प्रभावित किया। बच्चों के आत्मविश्वास और मंचीय प्रतिभा ने विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था की सुंदर झलक प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता डॉ. चंद्रशेखर प्रजापति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व, अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो विद्यार्थियों को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती है। उन्होंने विद्यालय की शिक्षा पद्धति और विद्यार्थियों की प्रतिभा की मुक्तकंठ से सराहना की। अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि न्यू वे पब्लिक स्कूल कम शुल्क में उच्चस्तरीय शिक्षा



उपलब्ध कराकर क्षेत्र में एक अलग पहचान बना रहा है। विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, बेहतरीन शिक्षा गुणवत्ता और उच्च कोटि के मार्गदर्शन के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम का सफल संचालन आदित्य कुमार द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद अशफाक ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। यह आयोजन विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति विद्यालय प्रबंधन की प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया।

## लू की तीव्रता के दृष्टिगत स्वास्थ्य प्याऊ जल, विशेष चिकित्सीय व्यवस्थाएं की जाए

**● तीव्रता के दृष्टिगत स्वास्थ्य प्याऊ जल, वाटर कूलर, विशेष चिकित्सीय व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित करायें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज–** अपर जिलाधिकारी नगर सत्यम मिश्र ने जनपद प्रयागराज में हीट वेव (लू) के दृष्टिगत प्याऊ जल, वाटर कूलर, चिकित्सीय एवं समाजसेवी संस्थाओं द्वारा की गई व्यवस्थाओं के संबंध में अपर नगर आयुक्त-नगर निगम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत को सम्बन्धित से समन्वय कर समस्त व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित कराते हुए जनहित में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी हीट वेव अलर्ट एवं वर्तमान में बढ़ते तापमान का जनपद प्रयागराज में अत्यधिक गर्मी एवं हीट वेव (लू) की तीव्रता को दृष्टिगत रखते हुए जनसामान्य के स्वास्थ्य एवं जीवन की सुरक्षा हेतु व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की जाना अत्यंत आवश्यक है, जिसमें समस्त सार्वजनिक स्थलों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, चौराहे एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में प्याऊ (शीतल पेयजल) की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रमुख स्थानों पर वाटर कूलर/जल टैंकर स्थापित किए जाएं। पेयजल की स्वच्छता, शुद्धता एवं निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नगर निकाय द्वारा नियमित रूप से जल स्रोतों की सफाई एवं रख-रखाव किया जाए। समस्त सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में हीट वेव प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। ओआरस, ग्लूकोज, आवश्यक दवाइयां एवं प्राथमिक उपचार सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखी जाए। इमरजेंसी वार्ड में पर्याप्त बेड आरक्षित रखे जाएं। 108/102 एम्बुलेंस सेवाओं को पूर्णतः सक्रिय एवं अलर्ट मोड में रखा जाए। स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित की जाए। लू से बचाव हेतु जनसामान्य को जागरूक करने के लिए माइकिंग, पोस्टर, बैनर एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाए। नागरिकों को दोपहर 12:00 बजे से 04:00 बजे तक अनावश्यक बाहर न निकलने की सलाह दी जाए। अधिक मात्रा में पानी पीने, हल्के एवं ढीले कपड़े पहनने एवं छाया में रहने हेतु प्रेरित किया जाए। समाजसेवी संस्थाओं द्वारा प्रमुख स्थानों पर प्याऊ जल, शर्बत, छाछ आदि का वितरण कराया जाए। राहगीरों, श्रमिकों एवं जरूरतमंद व्यक्तियों हेतु छाया एवं विश्राम स्थल की व्यवस्था की जाए। प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर अधिकतम स्थानों पर सहयोग प्रदान किया जाए। अपर जिलाधिकारी नगर ने समस्त संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में व्यवस्थाओं का नियमित स्थलीय निरीक्षण करने के लिए कहा है। कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी के आगमन के कारण मार्ग डायवर्सन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** दिनांक 29.4.2026 को प्रधानमंत्री द्वारा जनपद हरदोई के मल्लांवा में नवनिर्मित गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम के दृष्टिगत कानपुर नगर में नानामऊ से बांगरमऊ (जनपद उन्नाव) से जनपद हरदोई की तरफ जाने वाले भारी वाहनों का डायवर्जन दिनांक 28.4.2026 को समय सांय 6 बजे से दिनांक 29.04.2026 को समय रात्रि 12 बजे तक संशोधन किया गया है। बिल्हौर की तरफ से आने वाले भारी वाहन नानामऊ तिराहा से बांगरमऊ (जनपद उन्नाव) होते हुए जनपद हरदोई की तरफ नहीं जा सकेंगे ऐसे भारी वाहन नानामऊ से बाये मुड़कर अरौल से लखनऊ आगरा एक्सप्रेस होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। अरौल की तरफ से आने वाले भारी वाहन नानामऊ तिराहा से बांगरमऊ (जनपद उन्नाव) होते हुए जनपद हरदोई की तरफ नहीं जा सकेंगे ऐसे भारी वाहन नानामऊ तिराहा से यू टर्न लेकर अरौल से लखनऊ एक्सप्रेसवे होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। कानपुर नगर (शिवराजपुर, चौबेपुर) की तरफ से जाने वाले भारी वाहन नानामऊ तिराहा से बांगरमऊ (जनपद उन्नाव) होते हुए जनपद हरदोई की तरफ नहीं जा सकेंगे, ऐसे भारी वाहन सीधे अरौल से लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेगें । उन्नाव परियर पुल से बिठूर की तरफ आने वाले भारी वाहन मंधना तिराहा से अपने गंतव्य को जा सकेगें । चौबेपुर से आने वाले भारी वाहन बिठूर होते हुए उन्नाव की तरफ नहीं जा सकेंगे, ऐसे भारी वाहन चौबेपुर से शिवराजपुर होते अपने गंतव्य को जा सकेंगे। बिठूर तिराहा / ब्लू वर्ड तिराहा से भारी वाहन बिठूर होकर उन्नाव की तरफ नहीं जा सकेंगे, ऐसे भारी वाहन मंधना चौराहा/गंगा बैराज होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे। यशकोठारी से आने वाले भारी वाहन बिठूर की तरफ नहीं जा सकेंगे, ऐसे वाहन ब्लू वर्ड तिराहा एवं मंधना चौरहा से होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

### कुम्हारों के लिए सुनहरा मौका, मुफ्त चाक मशीन

**देवरिया।** परंपरागत कारीगरों और युवाओं के लिए अच्छी खबर है। एक ओर जहां माटीकला से जुड़े कुम्हारों को सरकार मुफ्त में विद्युत चालित चाक मशीन दे रही है, वहीं दूसरी ओर युवाओं के लिए रोजगार का बड़ा अवसर भी सामने आया है। जिला ग्रामोद्योग विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में 45 विद्युत चाक मशीनें निःशुल्क वितरित की जाएंगी। इसका लाभ 18 से 55 वर्ष के पात्र कुम्हार उठा सकते हैं। खास बात यह है कि आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन होगा और अंतिम तिथि 27 मई तय की गई है। योजना के जरिए मिट्टी के बर्तन, खिलौने और मूर्तियां बनाने वाले कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं युवाओं के लिए 30 अप्रैल को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें टाटा मोटर्स के लखनऊ प्लांट के लिए अप्रेंटिसशिप पर चयन होगा। आईटीआई और हाईस्कूल में 60 प्रतिशत अंक वाले 18 से 25 वर्ष के अभ्यर्थी इसमें हिस्सा ले सकते हैं। चयनित युवाओं को 13,870 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। एक तरफ सरकार स्वरोजगार को बढ़ावा दे रही है, तो दूसरी तरफ युवाओं को उद्योगों से जोड़ने की पहल कर रही है। अब जरूरत है कि पात्र लोग इन योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं।

### प्रसूता के सीने पर बैठने से नवजात की मौत मामले में , DM बदायूं से 3 दिन में मांगी रिपोर्ट

**लखनऊ।** बदायूं जिले की राधिका नर्सिंग होम में प्रसूता के साथ की गई अमानवीयता से नवजात की मौत मामले को प्रदेश सरकार ने गंभीरता से लिया है। राज्य परिवर्तन आयोग (स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन) इस मामले की पूरी जांच कराते हुए विस्तृत रिपोर्ट तीन दिन के अंदर भेजने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए हैं। वहीं, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने वहां के मुख्य चिकित्साधिकारी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। स्टेट ट्रांसफार्मेशन कमीशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को डीएम बदायूं को भेजे गए पत्र की प्रति अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को भी दी है। उल्लेखनीय है कि राधिका नर्सिंग होम में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी ने प्रसूता के सीने पर बैठकर उसका पेट दबाया था, जिससे नवजात की मौत हो गई थी। इस मामले में सीएमओ डॉ. मोहन झा ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादरचौक के चिकित्सा प्रभारी डा. अवधेश सिंह राठौर को दूसरे सीएचसी पर स्थानांतरित कर दिया है। बिना लाइसेंस चल रहे नर्सिंग होम को सील करा दिया है।

## एक दर्जन स्कूली वाहनों का चालान,तीन निरुद्ध

**● प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) राम सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत स्कूली वाहनों और निजी बसों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 स्कूली वाहनों और बसों का चालान किया गया, जबकि 3 वाहनों को गंभीर अनियमितताओं के चलते निरुद्ध कर दिया गया। कार्रवाई की जद में आने वाले विद्यालयों में डोनिव पब्लिक स्कूल, काशी राज पब्लिक स्कूल, केजी मेमोरियल स्कूल, बीपीएमजी स्कूल और पीस कॉटेज स्कूल समेत अन्य शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि कई वाहनों में आवश्यक दस्तावेज अधूरे पाए गए। इनमें कर अदायगी न होना, वैध परमिट का अभाव, प्रदूषण प्रमाण पत्र और बीमा प्रमाण पत्र की कमी जैसी खामियां शामिल रहीं, जो मोटर वाहन अधिनियम के तहत गंभीर उल्लंघन हैं। उन्होंने सभी स्कूल बस और निजी बस संचालकों को निर्देश दिया है कि वे अपने वाहनों के सभी आवश्यक प्रपत्र तत्काल पूर्ण कराएं। चेतावनी देते हुए कहा गया कि भविष्य में बिना दस्तावेजों के वाहन संचालन पाए जाने पर चालान, वाहन सीज करने और पंजीयन निलंबन जैसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जा सके।

## राहिनी सोलर में डीलर एवं उपभोक्ताओं की बैठक आयोजित

**● विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं को हो रही परेशानियों पर विशेष चर्चा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** राहिनी सोलर के एडीए कॉलोनी स्थित कार्यालय में रविवार को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'पीएम सूर्य घर योजना' को लेकर सोलर कंपनी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते उपभोक्ताओं को हो रही बड़ी परेशानियों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। राहिनी सोलर के सीईओ विकास मिश्रा ने बताया कि सोलर कंपनी के डीलर पूरी तरह से परेशान हो चुके है। कंपनी उपभोक्ताओं के घरों में सोलर इंस्टालेशन कराती है। लेकिन विद्युत विभाग को ओर से लगाए जा रहे स्मार्ट प्री पेड मीटर के चलते उन्हें बड़ी दिक्कतों का कामना करना पड़ रहा है। अचानक से विद्युत कनेक्शन काट दिया जा रहा है। उनका रिचार्ज पेमेंट माइनस में बताता है। ऐसे में उन्हें भुगतान करने के बाद भी बिजली विभाग की तरफ से बिजली काट दी जा रही है। इस बैठक में 100 से अधिक डीलरों, इनवर्टर निर्माताओं और बैटरी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उपभोक्ताओं ने अपनी समस्याओं को लेकर कहा कि विभाग में इस समस्या को लेकर जब बात की जाती है तो उन्हें आश्वासन दिया जाता है कि जल्दी ही कोई रास्ता निकाला जाएगा, लेकिन समस्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही इस योजना के तहत हर घर को सोलर ऊर्जा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। विद्युत विभाग की कमियों और लापरवाहियों से उपभोक्ताओं और सोलर कंपनियों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्री पेड मीटर में रिचार्ज नहीं होने पर कनेक्शन काट दिया जा रहा है। दोबारा रिचार्ज करने पर भी माइनस बैलेंस बताता है, ऐसे में उपभोक्ता अपने रिचार्ज को



बढ़ाकर भी रख रहे है, लेकिन इसके बाद भी उन्हें बिजली नहीं मिल पा रही है।राहिनी सोलर के सीईओ विकास मिश्रा ने कहा कि हर महीने इस समस्या को लेकर स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक की जाती है। उन्हें समस्याओं से अवगत भी कराया गया है। लेकिन आज तक इस समस्या का निदान नहीं निकल पाया।उन्होंने यह भी कहा अब उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर इस समस्या का हल निकला जाएगा,इसके लिए विद्युत मंत्री से भी मुलाकात की जाएगी। समस्याओं का निराकरण न होने पर उपभोक्ताओं के साथ उच्चाधिकारियों का घेराव भी किया जाएगा।

# अमेरिकी राष्ट्रपतियों पर जान जानलेवा हमले

**[अब्राहम लिंकन से लेकर डोनाल्ड ट्रंप तक सुरक्षा में चूक।]**



अमेरिका के राष्ट्रपतियों पर जानलेवा हमलों का इतिहास लोकतांत्रिक व्यवस्था की जटिलताओं, राजनीतिक ध्रुवीकरण और सुरक्षा चुनौतियों का एक गंभीर अध्याय रहा है। जिसकी शुरुआत अब्राहम लिंकन की हत्या से मानी जाती है 14 अप्रैल 1865 को वॉशिंगटन डी.सी. के फोर्ड्स थिएटर में नाटक देखते समय अभिनेता जौंन विल्किस बूथ ने उन्हें गोली मार दी, जो गृहयुद्ध के बाद के तनावपूर्ण माहौल और दक्षिणी असंतोष का परिणाम था। इसके बाद 1881 में जेम्स ए गारफील्ड को चार्ल्स जे गेतयु ने गोली दागी थी, जिससे उनकी मृत्यु हो गई और यह घटना राजनीतिक संरक्षण से उपजे गहरे असंतोष को दर्शाती है।1901 में विलियम मेकंली की हत्या लिओन ज़ोलगोस द्वारा की गई, जिसने अराजकतावादी विचारधारा से प्रेरित होकर यह हमला किया था। 20वीं सदी में सबसे चर्चित घटना 1963 में जॉन एफ केनेडी की हत्या है, जब ली हार्वे ओसवाल्ड ने टेक्सास के डलास में गोली चलाई, यह घटना एसेसिनेशन का जॉन एफ कैनेडी के रूप में इतिहास में दर्ज है और आज भी इसके षड्यंत्र सिद्धांतों पर बहस जारी है। हालांकि हर हमला सफल नहीं रहा, 1912 में पूर्व राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट पर चुनाव अभियान के दौरान गोली चलाई गई लेकिन वे बच गए थे और घायल अवस्था में भाषण भी दिया, जो उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और साहस का प्रतीक बना था।

1933 में राष्ट्रपति बनने से रूजवेल्ट सेकंड पर गोसीपी जेंगरा ने गोली चलाई, हालांकि निशाना चूक गया और शिकागो के मेयर की मृत्यु हो गई। 1950 में हेनरी ट्रूमैन पर प्लेयर हाउस के बाहर हमलावरों ने गोलीबारी की, जो प्यूर्टो रिकन राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़े थे, लेकिन ट्रूमैन सुरक्षित बच गए । 1975 मे गेराल्ड फोर्ड पर दो अलग-अलग महिलाओं ने हमले किए, जो उस समय के सामाजिक उथल-पुथल और अतिवादी मानसिकता को दर्शाते हैं। 1981 में रोनाल्ड रीगन पर गोली चलाई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हुए लेकिन वे सुरक्षित बच गए थे, यह घटना मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा तंत्र की समीक्षा का कारण बनी।आधुनिक समय में भी खतरे समाप्त नहीं हुए हैं, 21वीं सदी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चुनावी रैलियों के दौरान हमले या प्रयासों की खबरें सामने आई, और वर्तमान में वॉशिंगटन डीसी में एक समारोह के दौरान उन पर गोलियां चलाई गई वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य सुरक्षित रहे। यह सारी घटनाएं बढ़ते राजनीतिक ध्रुवीकरण और हिंसात्मक प्रवृत्तियों का संकेत देती हैं।

इन घटनाओं के बीच एक महत्वपूर्ण संस्था के रूप मे अमेरिका की खुफिया एजेंसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, जिसकी स्थापना मूलतः वित्तीय अपराधों की जांच के लिए हुई थी लेकिन बाद में राष्ट्रपति सुरक्षा इसकी प्रमुख जिम्मेदारी बन गई। इन हमलों के पीछे विभिन्न कारण रहे हैं राजनीतिक असंतोष, वैचारिक चरमपंथ, मानसिक अस्थिरता, नस्लीय तनाव, और कभी-कभी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा या प्रसिद्धि पाने की चाह जो अमेरिकी समाज के भीतर मौजूद अंतर्विरोधों को उजागर करते हैं। यह भी अत्यंत उल्लेखनीय है कि प्रत्येक घटना के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल और खुफिया तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया गया, जैसे खुले मंचों पर राष्ट्रपति की उपस्थिति को नियंत्रित करना, बुलेटप्रूफ वाहनों और जैकेट्स का उपयोग, तथा सार्वजनिक कार्यक्रमों में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू करना आदि फिर भी लोकतांत्रिक समाज में जनता से सीधा संपर्क बनाए रखना एक चुनौती बना रहता है, क्योंकि सुरक्षा और लोकतांत्रिक खुलापन दोनों के बीच संतुलन आवश्यक है। इस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से यह स्पष्ट होता है कि अमेरिका जैसे विकसित लोकतंत्र में भी सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं और यह केवल सुरक्षा का प्रश्न नहीं बल्कि समाज की वैचारिक दिशा, राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक संतुलन का भी दर्पण है, जहां हर हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और उसके मूल्यों पर भी आघात होता ।

अमेरिका जैसे शक्ति संपन्न राष्ट्र के सर्वाधिक सुरक्षित देश के प्रथम व्यक्ति राष्ट्रपति पर जानलेवा हमले हो सकते हैं और उनकी जान भी जाती रही है तो कल्पना कीजिए कि अन्य विकासशील राष्ट्रों के राष्ट्रीय प्रमुख कितने सुरक्षित हैं। वैसे भी राजनीति कांटों से भर तक माना जाता है और राजनेताओं की जिंदगी भी असुरक्षित ही मानी गई है। इसीलिए सुरक्षागत उपकरणों उपाय और सिद्धांतों को प्रथम प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**संजीव ठाकुर**

# एक वोट का सम्मान और लोकतंत्र की विराट शक्ति मतदान केंद्र का संदेश जो पूरे देश के लिए प्रेरणा बना

गीर के घने जंगलों के बीच स्थापित मतदान केंद्र केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का जीवंत उदाहरण है। जब एक ही मतदाता के लिए पूरा मतदान केंद्र बनाया जाता है तो यह स्पष्ट संदेश देता है कि इस देश में हर नागरिक का वोट बराबर महत्व रखता है। बाणेज क्षेत्र में एकमात्र मतदाता हरिदास बापू के लिए चुनाव आयोग द्वारा की गई यह व्यवस्था दिखाती है कि लोकतंत्र केवल संख्या का खेल नहीं बल्कि अधिकार और सम्मान की भावना है।

गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के इस दूरस्थ इलाके में जहां पहुंचना भी आसान नहीं है वहां चुनाव कर्मियों का जाना और पूरी प्रक्रिया को निभाना अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी और समर्पण का उदाहरण है। यहां न तो भीड़ है और न ही राजनीतिक शोर लेकिन फिर भी मतदान की पूरी प्रक्रिया वैसी ही होती है जैसी किसी बड़े शहर के मतदान केंद्र पर होती है। यह दिखाता है कि भारत का लोकतंत्र हर परिस्थिति में अपने मूल सिद्धांतों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह परंपरा नई नहीं है बल्कि कई वर्षों से चली आ रही है। पहले भरतदास बापू इस केंद्र के एकमात्र मतदाता थे और उनके बाद उनके शिष्य हरिदास बापू इस जिम्मेदारी को निभा रहे हैं। यह केवल एक व्यक्ति का मतदान नहीं बल्कि एक परंपरा का निर्वहन है जो यह बताती है कि लोकतंत्र में भागीदारी एक निरंतर प्रक्रिया है। यह प्रेरणा देता है कि चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों नागरिक को अपने अधिकार का उपयोग करना चाहिए।

घने जंगलों में वन्यजीवों के बीच मतदान केंद्र स्थापित करना आसान नहीं होता। चुनाव कर्मियों को कठिन रास्तों से गुजरना पड़ता है सुरक्षा बलों को तैनात करना पड़ता है और हर छोटी बड़ी व्यवस्था का ध्यान रखना पड़ता है। फिर भी यह सब केवल एक वोट के लिए किया जाता है। यह उस सोच को दर्शाता है जिसमें हर नागरिक को समान अधिकार दिया गया है और किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाता। हरिदास बापू का यह कहना कि जब सरकार एक व्यक्ति के लिए इतनी व्यवस्था कर सकती है तो हर नागरिक को मतदान करना चाहिए एक गहरी बात है। यह केवल एक बयान नहीं बल्कि पूरे देश के लिए एक संदेश है। अक्सर देखा जाता है कि शहरों में लोग मतदान के दिन घर पर ही रहते हैं या छुट्टी का आनंद लेते हैं। ऐसे लोगों के लिए यह उदाहरण एक आईना है जो उन्हें अपने कर्तव्य की याद दिलाता है।

गुजरात में हुए स्थानीय स्वराज चुनाव भी इस बात का प्रमाण हैं कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद लोग लोकतंत्र में अपनी आस्था बनाए रखते हैं। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों ने मतदान किया और औसतन अच्छा प्रतिशत दर्ज हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में तो उत्साह और भी अधिक देखने को मिला जहां लोगों ने बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग किया। यह दर्शाता है कि लोकतंत्र की जड़ें गांवों में कितनी मजबूत हैं। महानगरपालिकाओं में अपेक्षाकृत कम मतदान प्रतिशत जरूर चिंता का विषय है लेकिन यह भी एक अवसर है सुधार का। जब एक व्यक्ति जंगल में मतदान कर सकता है तो शहरों में रहने वाले लोगों के लिए मतदान करना और भी आसान होना चाहिए। यह सोचने की जरूरत है कि आखिर क्यों शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता देखने को मिलती है और इसे कैसे दूर किया जा सकता है।

चुनाव आयोग की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक निष्पक्ष और पारदर्शी संस्था के रूप में उसने बार बार यह साबित किया है कि वह हर परिस्थिति में लोकतंत्र की रक्षा के लिए तैयार है। चाहे वह दूरदराज का इलाका हो या भीड़भाड़ वाला शहर हर जगह एक समान प्रक्रिया का पालन किया जाता है। यही कारण है कि भारत का चुनावी तंत्र विश्व में सबसे बड़ा और सबसे विश्वसनीय माना जाता है। कई बार राजनीतिक दल चुनाव आयोग पर आरोप लगाते हैं और उसकी निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं। लेकिन बाणेज जैसे उदाहरण इन आरोपों का सीधा जवाब देते हैं। जब एक वोट के लिए इतनी मेहनत और संसाधन लगाए जाते हैं तो यह स्पष्ट हो जाता है कि चुनाव आयोग अपने कर्तव्य के प्रति कितना गंभीर है। ऐसे में बिना ठोस आधार के आरोप लगाना न केवल संस्था की छवि को नुकसान पहुंचाता है बल्कि लोकतंत्र के प्रति लोगों के विश्वास को भी कमजोर करता है।

यह जरूरी है कि राजनीतिक दल और नेता अपनी जिम्मेदारी को समझें और लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करें। आलोचना लोकतंत्र का हिस्सा है लेकिन वह तथ्यों और प्रमाणों पर आधारित होनी चाहिए। निराधार आरोप केवल भ्रम फैलाते हैं और जनता को गुमराह करते हैं। बाणेज का यह उदाहरण बताता है कि सच्चाई क्या है और व्यवस्था कितनी मजबूत है। मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि एक कर्तव्य भी है। यह वह माध्यम है जिसके जरिए नागरिक अपनी सरकार चुनते हैं और अपने भविष्य को आकार देते हैं। जब लोग मतदान नहीं करते तो वे अपने अधिकार को खो देते हैं और दूसरों को निर्णय लेने का मौका दे देते हैं। इसलिए हर नागरिक को यह समझना चाहिए कि उसका एक वोट कितना महत्वपूर्ण है। आज के समय में जब तकनीक और सुविधा हर जगह उपलब्ध है तब भी अगर लोग मतदान से दूर रहते हैं तो यह चिंताजनक है। बाणेज का मतदान केंद्र हमें यह सिखाता है कि अगर इच्छाशक्ति हो तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने अधिकार का सम्मान करें और हर चुनाव में भाग लें।झ अंत में यह कहा जा सकता है कि गिर के जंगल में स्थापित यह मतदान केंद्र केवल एक स्थान नहीं बल्कि एक विचार है। यह विचार है समानता का अधिकार का और जिम्मेदारी का। यह हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल सरकार का नहीं बल्कि हर नागरिक का है। इसे मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। जब एक व्यक्ति के लिए पूरा मतदान केंद्र बनाया जा सकता है तो यह हमारे लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती है। यह संदेश हमें हमेशा याद रखना चाहिए और अपने जीवन में अपनाना चाहिए। तभी हम एक मजबूत और जागरूक समाज का निर्माण कर पाएंगे जहां हर आवाज सुनी जाएगी और हर वोट की कीमत होगी।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्यः एक वैश्विक मानवीय प्रतिबद्धता




विश्व कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 28 अप्रैल को मनाया जाता है और यह दिन दुनिया भर में काम करने वाले करोड़ों लोगों के जीवन से सीधे जुड़ा हुआ है। यह केवल एक औपचारिक अवसर नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन की सुरक्षा, गरिमा और अधिकारों की रक्षा का एक गंभीर स्मरण भी है। इस दिन का उद्देश्य कार्यस्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं, बीमारियों और जोखिमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सरकारों, संस्थाओं और समाज को यह याद दिलाना है कि आर्थिक विकास का वास्तविक आधार सुरक्षित और स्वस्थ श्रमिक ही होते हैं।

विश्व स्तर पर श्रमिकों की स्थिति पर नजर डालें तो यह स्पष्ट होता है कि आज भी बड़ी संख्या में लोग असुरक्षित परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुमान के अनुसार हर वर्ष लगभग 2.78 मिलियन लोग कार्यस्थल से जुड़ी दुर्घटनाओं और बीमारियों के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। इसके अलावा करीब 374 मिलियन गैर घातक दुर्घटनाएँ होती हैं, जिनसे लोगों को गंभीर चोटें और लंबे समय तक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ होती हैं। ये आँकड़े यह दर्शाते हैं कि कार्यस्थल की सुरक्षा केवल एक विकल्प नहीं बल्कि एक अनिवार्यता है।

विकासशील देशों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण है। भारत जैसे देशों में बड़ी संख्या में लोग असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं, जहाँ न तो उचित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध होते हैं और न ही स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ। खेतों में काम करने वाले मजदूर, निर्माण स्थलों पर काम करने वाले श्रमिक, छोटे कारखानों के कर्मचारी और घरेलू कामगार अक्सर जोखिम भरे वातावरण में काम करते हैं। कई बार उन्हें यह भी पता नहीं होता कि वे किन खतरों के बीच काम कर रहे हैं। यह अज्ञानता और संसाधनों की कमी मिलकर दुर्घटनाओं की संभावना को और बढ़ा देती है।

कार्यस्थल पर सुरक्षा का अर्थ केवल शारीरिक सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य भी शामिल है। आधुनिक समय में काम का दबाव, लंबे समय तक काम करना, अस्थिर रोजगार और आर्थिक असुरक्षा जैसे कारक मानसिक तनाव को बढ़ा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं के कारण हर वर्ष लगभग 12 बिलियन कार्य दिवसों का नुकसान होता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मानसिक स्वास्थ्य भी कार्यस्थल की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

तकनीकी प्रगति ने जहाँ एक ओर काम को आसान बनाया है, वहीं दूसरी ओर नए प्रकार के जोखिम भी उत्पन्न किए हैं। मशीनों का अधिक उपयोग, रसायनों का संपर्क, और डिजिटल उपकरणों पर निर्भरता ने नए स्वास्थ्य खतरे पैदा किए हैं। उदाहरण के लिए लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठने से आँखों और रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्याएँ बढ़ रही हैं। इसी प्रकार औद्योगिक क्षेत्रों में रसायनों के संपर्क से गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं। इसलिए सुरक्षा उपायों को समय के साथ अद्यतन करना आवश्यक है।

विश्व कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य रोकथाम की संस्कृति को बढ़ावा देना है। इसका मतलब यह है कि दुर्घटना होने के बाद प्रतिक्रिया देने के बजाय पहले से ही ऐसे उपाय किए जाएँ जिससे दुर्घटना की संभावना कम हो जाए। इसके लिए जोखिम का आकलन, सुरक्षा प्रशिक्षण, उचित उपकरणों का उपयोग और नियमित निरीक्षण जैसे कदम आवश्यक हैं। यदि किसी कार्यस्थल पर सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है, तो न केवल श्रमिक सुरक्षित रहते हैं बल्कि उत्पादकता भी बढ़ती है और आर्थिक नुकसान कम होता है।

सरकारों की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मजबूत कानून, प्रभावी निगरानी और सख्त कार्यान्वयन के बिना कार्यस्थल सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती। भारत में भी श्रम कानूनों के माध्यम से सुरक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े कई प्रावधान किए गए हैं, लेकिन इनका सही क्रियान्वयन अभी भी एक चुनौती बना हुआ है। कई छोटे उद्योगों में नियमों का पालन नहीं किया जाता और निरीक्षण की प्रक्रिया भी पर्याप्त नहीं है। इस स्थिति को सुधारने के लिए सरकार, उद्योग और समाज के बीच सहयोग आवश्यक है।

नियोक्ताओं की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। उन्हें यह समझना होगा कि श्रमिक केवल उत्पादन का साधन नहीं बल्कि संगठन की सबसे मूल्यवान पूंजी हैं। सुरक्षित कार्यस्थल प्रदान करना न केवल कानूनी दायित्व है बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। उचित प्रशिक्षण, सुरक्षा उपकरण, स्वच्छ वातावरण और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता से श्रमिकों का विश्वास बढ़ता है और उनका प्रदर्शन भी बेहतर होता है।

श्रमिकों की जागरूकता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कई बार दुर्घटनाएँ इसलिए होती हैं क्योंकि श्रमिक सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करते या उन्हें उनकी जानकारी नहीं होती। यदि श्रमिक अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक हों, तो वे खुद को बेहतर तरीके से सुरक्षित रख सकते हैं। इसके लिए शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार आवश्यक है। कोविड 19 महामारी ने कार्यस्थल सुरक्षा के महत्व को और अधिक स्पष्ट कर दिया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों, सफाई कर्मचारियों और आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों ने अत्यधिक जोखिम के बीच काम किया। इससे यह सीख मिली कि आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों को और मजबूत करने की आवश्यकता होती है। साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था एक दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं।

जलवायु परिवर्तन भी कार्यस्थल सुरक्षा के लिए एक नई चुनौती बनकर उभर रहा है। बढ़ते तापमान, अत्यधिक गर्मी और प्राकृतिक आपदाओं के कारण श्रमिकों के लिए काम करना कठिन होता जा रहा है। विशेष रूप से खुले में काम करने वाले लोगों जैसे किसान और निर्माण श्रमिकों के लिए यह एक गंभीर समस्या है। अत्यधिक गर्मी के कारण हीट स्ट्रेस, निर्जलीकरण और अन्य स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ रही हैं। इसलिए जलवायु के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए नई नीतियाँ बनाना आवश्यक है। इस दिवस का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह हमें मानवीय मूल्यों की याद दिलाता है। आर्थिक विकास, उत्पादन और लाभ तभी सार्थक हैं जब वे मानव जीवन की सुरक्षा और सम्मान के साथ जुड़े हों। यदि किसी भी विकास की कीमत मानव जीवन हो, तो वह विकास अधूरा है। इसलिए यह दिन हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि हम किस प्रकार एक ऐसे समाज का निर्माण कर सकते हैं जहाँ हर व्यक्ति सुरक्षित और सम्मानजनक परिस्थितियों में काम कर सके। भविष्य की दिशा में देखते हुए यह आवश्यक है कि हम तकनीक, नीति और जागरूकता को एक साथ लेकर चलें। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्वचालन जैसे क्षेत्र कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित बना सकते हैं, लेकिन इसके साथ ही नए प्रकार के कौशल और प्रशिक्षण की आवश्यकता भी होगी। यदि हम इन परिवर्तनों को सही तरीके से अपनाते हैं, तो हम एक ऐसे कार्य वातावरण का निर्माण कर सकते हैं जो सुरक्षित, स्वस्थ और समावेशी हो।

**अंततः** विश्व कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक संकल्प है। यह संकल्प है कि हर श्रमिक का जीवन मूल्यवान है, हर कार्यस्थल सुरक्षित होना चाहिए और हर व्यक्ति को स्वस्थ वातावरण में काम करने का अधिकार है। जब तक दुनिया का हर श्रमिक सुरक्षित नहीं होता, तब तक यह प्रयास जारी रहना चाहिए। यही इस दिन का वास्तविक संदेश है और यही मानवता की सच्ची प्रगति का आधार भी है।

**महेन्द्र तिवारी**

# आग उगलती भीषण गर्मी में प्यासे कंठों की कौन सुने दास्तां



देश के कई राज्यों में इस समय भीषण और भयावह गर्मी का प्रकोप जारी है। हर वर्ष तापमान अपने पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए नई ऊंचाइयां छू रहा है। आसमान से बरसती आग ने मानो समस्त जीव-जंतुओं के कंठ सूखा दिए हैं। यह बढ़ती हुई भीषण गर्मी कहीं न कहीं मानव द्वारा किए जा रहे पर्यावरण के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति-विनाश का परिणाम है। इसी के चलते जल के प्राकृतिक स्रोत समाप्त हो रहे हैं और भूजल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है। जंगलों के अंधाधुंध विनाश के कारण अनेक प्राकृतिक जल स्रोत सूख चुके हैं, जिससे मूक वन्यजीवों के जीवन पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। पानी प्रकृति के समस्त जीवों की मूलभूत और अनिवार्य आवश्यकता है, लेकिन विडंबना यह है कि जब यही आवश्यकता पूरी नहीं हो पा रही, तो जीवों के अस्तित्व पर संकट गहराना स्वाभाविक है।

यह स्वीकार करना होगा कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी देश के कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ऐसे में यह कल्पना करना कठिन नहीं कि वन्यजीव अपनी प्यास बुझाने के लिए कितनी कठिनाइयों का सामना करते होंगे। मानव जीवन के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु केंद्र और राज्य सरकारें हर वर्ष अनेक प्रयास करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर ये प्रयास अभी भी अपर्याप्त सिद्ध हो रहे हैं। विशेषकर सुदूर ग्रामीण अंचलों में पेयजल व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार की 'नल-जल योजना' एक महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी पहल है। बावजूद इसके, कई स्थानों पर जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण इन योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। अनेक गाँवों में बनी पानी की टंकियाँ केवल दिखावा बनकर रह गई हैं। ये टंकियाँ प्यासे कंठों को राहत देने के बजाय व्यवस्था की खामियों का प्रतीक बनती जा रही हैं।

पानी हर जीव की मूलभूत आवश्यकता है, और यदि इसी आवश्यकता की पूर्ति में कमी रह जाए, तो यह न केवल गंभीर लापरवाही है, बल्कि अक्षम्य अपराध के समान है। भीषण गर्मी में जब लोग घर से बाहर निकलने से बचते हैं, तब ग्रामीण क्षेत्रों के लोग मीलों दूर से पानी लाने को विवश होते हैं। जल संकट के कारण मूक पशु-पक्षियों का जीवन बचाना भी एक बड़ी चुनौती बन गया है।

प्रकृति-विनाश के चलते बढ़ती गर्मी और अस्तित्व बचाने के लिए भटकते वन्यजीव–ये दोनों ही हमारी सामूहिक जिम्मेदारी हैं। ऐसे में सरकार और समाज को मिलकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम छोर तक मानव और वन्य प्राणियों के लिए पेयजल की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

यदि इस दिशा में ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए, तो देश के हर कोने में सभी जीवों के लिए पर्याप्त और सुरक्षित जल उपलब्ध कराया जा सकता है। अन्यथा, हर वर्ष की भाँति आग उगलती गर्मी में प्यासे मूक प्राणियों की दास्तां अधूरी ही रह जाएगी।

**अरविंद रावल**

# महंगी किताबें, अभिभावकों की जेब पर डाल रही डाका

भारत में निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों के बजाय निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें लगाने की प्रथा एक गंभीर समस्या बन गई है। इससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, जबकि शिक्षा का उद्देश्य समानता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एन एचआरसी) ने हाल ही में इस मुद्दे पर केंद्र सरकार, शिक्षा मंत्रालय, सीबीएसई और सभी राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शिकायत में कहा गया है कि निजी स्कूल एनसीईआरटी की सस्ती किताबों की जगह महंगे प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबें अनिवार्य कर अभिभावकों को हजारों रुपये अतिरिक्त खर्च करने को मजबूर कर रहे हैं।

एनसीईआरटी किताबें सरकारी सब्सिडी के कारण सस्ती होती हैं। प्राथमिक कक्षाओं (कक्षा 1 से 8) के लिए एनसीईआरटी किताबों का पूरा सेट आमतौर पर 200 से 700 रुपये तक आता है। वहीं, निजी प्रकाशकों की किताबों का बंडल 5,000 से 8,000 रुपये या उससे भी अधिक का हो सकता है।

लखनऊ के नीलमठा निवासी प्रिंस लेनिन का मामला इस समस्या का ज्वलंत उदाहरण है। उनके दो बच्चे क्लास 7 और क्लास 3 में पढ़ते हैं। जब वे स्कूल से जुड़ी दुकान क्लेवर पेस बुक स्टोर (वृंदावन सेक्टर-9) से किताबें खरीदने गए, तो दुकानदार ने साफ कहा कि अलग-अलग किताबें नहीं बेची जाएंगी–पूरी सेट और नोटबुक साथ खरीदनी होंगी। लेनिन ने बताया कि उन्होंने अमीनाबाद से नोटबुक आधी कीमत पर बेहतर क्वालिटी में खरीद ली थी, लेकिन स्कूल के दबाव के कारण पूरा सेट लेना पड़ा। ऐसे कई अभिभावक रिपोर्ट करते हैं कि एनसीईआरटी किताबों का पूरा सेट 200-700 रुपये में आ जाता है, जबकि निजी प्रकाशकों का बंडल 5,000 से 10,000 रुपये या उससे ज्यादा का हो जाता है।

एक वायरल वीडियो में लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के कैम्ब्रिज सेक्शन में क्लास 5 की एक अंग्रेजी किताब (बर्लिंगटन इंग्लिश सीरीज) की कीमत 1,035 रुपये बताई गई, जिसने सोशल मीडिया पर तीखी बहस छेड़ दी। अभिभावक पूछ रहे हैं कि जब एनसीईआरटी सिलेबस फॉलो किया जाता है, तो इतनी महंगी प्राइवेट किताबें क्यों थोपी जा रही हैं? कई स्कूल हर साल नई एडिशन लाकर पुरानी किताबों को इस्तेमाल करने नहीं देते, जिससे खर्च और बढ़ जाता है शिक्षक कभी-कभी एनसीईआरटी किताबों को बोर्ड परीक्षा के लिए अपर्याप्त बताकर निजी किताबों का प्रचार करते हैं। यह प्रथा सीबीएसई के दिशानिर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है।

सीबीएसई ने अगस्त 2024 में अपने एफिलिएशन बायलॉज में संशोधन कर कक्षा 9 से 12 के लिए एनसीईआरटी किताबें अनिवार्य कर दी हैं, जबकि कक्षा 1 से 8 के लिए इनका उपयोग दृढ़ता से सलाह दिया गया है। पूरक सामग्री की अनुमति है, लेकिन एनसीईआरटी किताबें मुख्य आधार होनी चाहिए। दिल्ली शिक्षा विभाग ने भी अगस्त 2024 में स्पष्ट निर्देश जारी किए थे कि प्राथमिक कक्षाओं में एनसीईआरटी/एससीईआरटी के अलावा अन्य किताबें अनिवार्य नहीं की जा सकतीं। ओडिशा के स्कूल एवं जन शिक्षा मंत्री ने भी कहा कि निजी स्कूल केवल एनसीईआरटी किताबें ही लगाएं, अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी। पटना, भोपाल और अन्य शहरों में रिपोर्ट्स बताती हैं कि ज्यादातर निजी स्कूल इन दिशानिर्देशों की अनदेखी कर रहे हैं।

### लखनऊ में प्रशासन की सख्ती

लखनऊ के जिला मजिस्ट्रेट ने हाल ही में फीस रेगुलेटरी कमिटी की बैठक में स्पष्ट आदेश दिए कि कोई भी स्कूल अभिभावकों को किताबें, यूनिफॉर्म या स्टेशनरी विशिष्ट दुकानों से खरीदने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। उल्लंघन पर 5 लाख तक जुर्माना या स्कूल की मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी गई है। लखनऊ के गैर-सरकारी निजी स्कूल संघ (यूपीएसए) ने भी घोषणा की है कि सदस्य स्कूल अब अभिभावकों को किसी खास ब्रांड या दुकान से किताबें खरीदने के लिए नहीं कहेंगे और किताबें बार-बार नहीं बदलेंगे। फीस बढ़ोतरी भी 2026-27 सत्र के लिए 7.5% तक सीमित रखी गई है। फिर भी, कई अभिभावक शिकायत करते हैं कि ग्राउंड लेवल पर स्कूलों की मनमानी जारी है। शिक्षक कभी-कभी क्लास में एनसीईआरटी किताबों को अपर्याप्त बताकर प्राइवेट किताबों का प्रचार करते हैं। कुछ स्कूल कमीशन के चक्कर में प्राइवेट पब्लिशर्स से टाई-अप रखते हैं, जिससे एनसीईआरटी की सस्ती किताबें (सरकारी सब्सिडी वाली) हाशिए पर चली जाती हैं।




### आरटीई एक्ट और शिक्षा की समानता पर असर

राइट टू एजुकेशन (आरटीई) एक्ट 2009 की धारा 29 के तहत पाठ्यक्रम और किताबें एनसीईआरटी/एससीईआरटी द्वारा निर्धारित की जाती हैं। इसका उद्देश्य शिक्षा में uniformity लाना, गुणवत्ता बनाए रखना और लागत कम करना है। निजी स्कूलों में प्राइवेट किताबें लगाने से न केवल आरटीई का उल्लंघन होता है, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए शिक्षा और महंगी हो जाती है। एनएचआरसी ने कहा है कि यह अभिभावकों पर 'अत्यधिक वित्तीय बोझ' डालता है और एनईपी 2020 के मानदंडों का भी विरोध करता है। आयोग ने राज्यों से पूछा है कि क्या उन्होंने आरटीई धारा 29 के अनुपालन के लिए कोई निरीक्षण या ऑडिट किया है। शिक्षाविदों का कहना है कि कुछ स्कूल किताब बिक्री से अतिरिक्त कमाई करते हैं, क्योंकि स्कूल फीस पर सख्त नियम हैं। यह 'बिजनेस वेंचर' की तरह काम करता है, जबकि स्कूलों को सामुदायिक सेवा के रूप में चलना चाहिए। कई अभिभावक रिपोर्ट करते हैं कि किताबों के अलावा यूनिफॉर्म, स्टेशनरी और अन्य सामान भी स्कूल निर्दिष्ट दुकानों से ही खरीदने पड़ते हैं, जिससे सालाना खर्च कई हजार रुपये बढ़ जाता है।

**बढ़ती शिक्षा लागतः एक व्यापक समस्या** भारत में निजी स्कूलों की फीस और किताबों की लागत तेजी से बढ़ रही है। सरकारी स्कूलों में प्रति छात्र सालाना शिक्षा संबंधी खर्च औसतन 2,863 रुपये है, जबकि निजी स्कूलों में यह 28,693 रुपये तक पहुंच जाता है–लगभग 10 गुना अधिक। किताबें और स्टेशनरी सरकारी स्कूलों में कुल खर्च का 40% हिस्सा हैं, जबकि निजी स्कूलों में फीस मुख्य बोझ है। मध्य वर्ग और निम्न-मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए यह बोझ शिक्षा को 'सुविधा' की बजाय 'लग्जरी' बना रहा है।

लखनऊ और उत्तर प्रदेश जैसे शहरों में भी अभिभावक इस समस्या से जूझ रहे हैं। नए सत्र की शुरुआत में किताबों की लंबी लिस्ट और उनकी कीमतें देखकर माता-पिता परेशान हो जाते हैं। कुछ राज्यों में स्कूल बैग पॉलिसी 2020 को लागू करने की बात भी उठी है, ताकि बच्चों के बैग का वजन कम हो और अनावश्यक किताबें न लगाई जाएं।

### समाधान की दिशा में कदम

एनएचआरसी ने केंद्र और राज्यों से 30 दिनों के अंदर जवाब मांगा है कि वे एनसीईआरटी/एससीईआरटी

किताबों के अनुपालन के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। विशेषज्ञ सुझाव देते हैं किः

- सभी सीबीएसई/निजी स्कूलों को अपनी वेबसाइट पर निर्धारित किताबों की सूची प्रकाशित करनी चाहिए।
- स्कूल परिसर में किताबें या यूनिफॉर्म बेचना बंद किया जाए।
- उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, जैसे मान्यता रद्द करना।
- एनसीईआरटी किताबों की गुणवत्ता में सुधार और पूरक सामग्री के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश।

शिक्षा विशेषज्ञ एमके श्रीधर (NEP 2020 ड्राफ्टिंग कमिटी सदस्य) का कहना है कि कक्षा 8 तक निजी प्रकाशकों को कुछ स्वतंत्रता दी जा सकती है, लेकिन एनसीईआरटी को मुख्य आधार बनाना चाहिए ताकि रचनात्मकता बनी रहे और लागत नियंत्रित रहे। यह समस्या केवल आर्थिक नहीं, बल्कि शिक्षा की समानता और गुणवत्ता से जुड़ी है। यदि निजी स्कूलों की यह मनमानी जारी रही, तो मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और दूर होती जाएगी। सरकार और नियामक संस्थाओं को अब सख्ती से हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि शिक्षा सस्ती, समान और गुणवत्तापूर्ण बने। अभिभावकों को भी जागरूक होकर स्कूलों से एनईपी और सीबीएसई नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग करनी चाहिए।

**लेखक/संपादकः राजीव शुक्ला**


स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बलरामपुर में कूड़े पर कोहराम! मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदला, कई लोग पहुंच गए अस्पताल

**बलरामपुर** उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जनपद के उतरौला कोतवाली थाना क्षेत्र के दुभराडीह गांव में कूड़ा फेंकने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. घटना का 43 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें महिला और पुरुष लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर से दूसरे पर हमला करते नजर आ रहे हैं.बताया जा रहा है कि 22 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे गली में कूड़ा फेंकने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई. मारपीट इतनी गंभीर थी कि एक ही परिवार के पति, पत्नी और बेटी के हाथ टूट गए, जबकि पति के हाथ और पैर दोनों में गंभीर चोट आई है. उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है और एक युवक गंभीर है उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना में कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं.वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह दोनों पक्ष आमने-सामने आकर एक पक्ष दूसरे पर हमला कर रहा हैं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग दहशत में आ गए. घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, वहीं पीड़ित परिवार में कोहराम मचा है और भय का वातावरण है.स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई धीमी रही और अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे लोगों में आक्रोश है. हालांकि, उतरौला कोतवाली प्रभारी अवधेश राज सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और घायलों की एक्स-रे रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है. रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी

### दीक्षांत परेड के बाद रिजर्व पुलिस लाइन में सांस्कृतिक संध्या व बड़ा खाना आयोजित



**डीएम व एसपी ने किया शुभारंभ, रिक्रूट आरक्षियों का बढ़ाया उत्साह**

**बलरामपुर।** रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में दीक्षांत परेड के उपरांत रिक्रूट आरक्षियों के सम्मान में परंपरागत 'सांस्कृतिक संध्या' एवं 'बड़ा खाना' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने रिक्रूट आरक्षियों के लगभग नौ माह के कठोर, अनुशासित एवं समर्पित प्रशिक्षण की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पुलिस सेवा के मूल्यों, कर्तव्यपरायणता तथा जनसेवा की भावना को सदैव सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने स्वयं रिक्रूट आरक्षियों को भोजन परोसकर उनका उत्साहवर्धन किया, जिससे पूरे आयोजन में आत्मीयता, सौहार्द एवं अपनत्व का माहौल बना रहा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, कमांडेंट 9वीं वाहिनी एसएसबी मनोरंजन कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति श्री, क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी ललिया डी.के. श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात वीरसेन सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कठिन प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद रिक्रूट आरक्षी पासिंग आउट परेड में सम्मिलित होकर उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बन चुके हैं और अब जनसेवा तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### सूचना

मुझे सन्त गुलाम यादव उर्फ अजय कुमार यादव पुत्र भानु प्रताप उर्फ भानु प्रताप यादव के नाम से जाना जाए मेरे जीवन बीमा पालिसी सं. 215138740 में संत गुलाम यादव दर्ज है एवं आधार कार्ड में अजय कुमार यादव दर्ज है मेरे बचत खाता सं. भारतीय स्टेट बैंक राम नगर बलरामपुर में 38134111617 में अजय कुमार यादव नाम दर्ज है मुझे सन्त गुलाम यादव उर्फ अजय कुमार यादव के नाम से जाना जाता है

सन्त गुलाम यादव उर्फ अजय कुमार यादव पुत्र भानु प्रताप यादव उर्फ भानु प्रताप

ग्राम बेमिहा पो. नरायनपुर बेमिहा पचपेड़वा तहसील तुलसीपुर जनपद बलरामपुर उ. प्र.

# डीएम की अध्यक्षता में उद्योग, व्यापार, बैंकर्स व खाद्य सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु, जिला व्यापार बंधु, बैंकर्स समिति एवं जिला खाद्य सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान, विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद के उद्यमियों व व्यापारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में उद्योग एवं व्यापार के अनुकूल वातावरण तैयार करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एमओयू प्रगति तथा निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित मामलों की स्थिति पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत बैंकों में लंबित ऋण आवेदनों पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने सभी प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर ऋण वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैंकर्स समिति की बैठक में सभी बैंक शाखाओं को स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर निपटाने तथा अनावश्यक विलंब न करने को कहा गया। जिला खाद्य सुरक्षा समिति की समीक्षा में जिलाधिकारी ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए मिलावटी एवं अवमानक खाद्य पदार्थों के खिलाफ नियमित अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य लाइसेंस व पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने तथा लोगों को खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उद्योग, व्यापार और खाद्य सुरक्षा से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे जिले में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले और आमजन को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## गुमशुदा नाजिया खातून को पुलिस ने किया सकुशल बरामद

**ठूठीबारी निवासी गायत्री मंदिर थाना ठूठीबारी, जनपद महराजगंज को सकुशल बरामद किया गया**

**महराजगंज ब्यूरो** निचलौल तहसील क्षेत्र के कोतवाली ठूठीबारी की युवती को कोतवाली पुलिस टीम ने सकुशल बरामद किया है। जिसके बाद से कस्बा के व्यापारियों ने पुलिस की सराहनीय कार्य को लेकर प्रशंसा की है। जानकारी के मुताबिक गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत थाना ठूठीबारी द्वारा सोमवार को महिला दरोगा खूशबू और कांस्टेबल मृत्युजंय तिवारी के द्वारा गुमशुदगी युवती को सकुशल बरामद किया है। उक्त मामले में स्थानीय थाने पर मुकदमा अपराध संख्या 07/26 दर्ज था । जिसके बाद से ही युवती को तलाश थी घटना से संबंधित गुमशुदा नाजिया खातून पुत्री कुर्बान निवासी गायत्री मंदिर, थाना ठूठीबारी, जनपद महराजगंज, उम्र लगभग 20 वर्ष को राजाबारी (ठूठीबारी-नौतनवा रोड) के पास से सकुशल बरामद किया गया। बरामद शुदा गुमशुदा उपरोक्त को थाना लाया गया। परिजनों को सूचना दिया गया। खबर लिखे जाने तक अग्रिम विधिक कार्यवाही किया जा रहा।

### मिशन शक्ति से जागरूकता, ट्रैफिक पर सख्ती; हत्या के प्रयास में 6 बाल अपचारी गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद में एक ओर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर अपराध और यातायात उल्लंघन पर सख्ती भी तेज कर दी गई है। सोमवार को 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत विभिन्न थानों की टीमों ने कस्बों और गांवों में महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश दिया। उधर, यातायात पुलिस ने शहर में अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की। बस स्टैंड और मालवीय रोड पर चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी और बिना कागजात वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 53 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि 2 वाहन सीज किए गए। इसी बीच लार थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने तेजी दिखाते हुए।

### कार्यालय ग्राम पंचायत कालू बनकटवा विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0एस0ए0/एस0 एल0 डब्लू0 एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया/पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCB मशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 30.04.2026 से दिनांक 02.05.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 03.05.2026 उपस्थिति में 10.00 बजे से 01.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान/सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**मकबूल** **श्री धनंजय सिंह यादव**

# डीएम ने सफाई व्यवस्था का किया औचक किया निरीक्षण

**●सफाई नायकों और कर्मचारियों को नियमित सफाई के निर्देश, लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर-** नवागत जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने सोमवार को नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और इसमें सुधार के निर्देश दिए। इस अचानक निरीक्षण से नगर पालिका प्रशासन और सफाई कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीताकुंड और सिविल लाइन वार्ड का दौरा किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था, कूड़ा निस्तारण और नालियों की स्थिति का बारीकी से मुआयना किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज और सफाई इंस्पेक्टर अधूलिका सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सफाई नायकों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और कहीं भी गंदगी न रहने पाए। डीएम ने चेतावनी दी कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डीएम इंद्रजीत सिंह ने नगर पालिका कार्यालय का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की, जिससे अधिकारियों में बेचैनी देखी गई। स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी के इस सक्रिय



कदम की सराहना की। उनका कहना था कि वे लंबे समय से ऐसे अधिकारी का इंतजार कर रहे थे, जो जमीनी स्तर पर आकर समस्याओं का समाधान करे। जिलाधिकारी के इस औचक निरीक्षण से यह स्पष्ट है कि अब शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन सख्त रुख अपनाने जा रहा है।

### कार्यालय ग्राम पंचायत पिपरा रामचन्दर विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0एस0ए0/एस0एल0 डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया / पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCB मशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 02.05.2026 उपस्थिति में 11.00 बजे से 03.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान / सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**गुलाम मकसूद** **श्री अरुण कुमार यादव**

### कार्यालय ग्राम पंचायत पंडरी रैकवार विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0 एस0ए0/एस0 एल0 डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया/पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCBमशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.04.2026 से दिनांक 29.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 01.05.2026 उपस्थिति में 10.00 बजे से 01.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान / सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**सुभाषचंद्र वर्मा** **श्री शम्भू दयाल**

### कार्यालय ग्राम पंचायत गोमड़ी विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/ स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0 जी0 एस0ए0/एस0 एल0 डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया / पत्थर गिट्टी / ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और छ्ब्ष्क्षमशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 02.05.2026 उपस्थिति में 10.00 बजे से 01.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान/सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**चन्द्रवती** **श्री धनंजय सिंह यादव**

### कार्यालय ग्राम पंचायत बनगवा विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0एस0ए0/ एस0एल0 डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया / पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCB मशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.04.2026 से दिनांक 29.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 01.05.2026 उपस्थिति में 10.00 बजे से 01.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान / सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**रहमतुनिशा** **श्री अरुण कुमार यादव**

### कार्यालय ग्राम पंचायत मुजेहना विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त7 आयोग/राज्य वित्त आयोग/स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0एस0ए0/ एस0 एल0 डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन,7 वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया/पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCB मशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 01.05.2026 उपस्थिति में 12.00 बजे से 02.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान/सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**सचित वर्मा** **श्री अरुण कुमार यादव**

### कार्यालय ग्राम पंचायत बेलई बुजुर्ग विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0एस0ए0/ एस0एल0 डब्लू0 एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया /पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCB मशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 02.05.2026 उपस्थिति में 10.00 बजे से 01.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान/सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव श्री**
**गुलाम मो.** **अरुण कुमार यादव**

# संक्षिप्त खबरें

## तीन दिवसीय होमगार्ड भर्ती कड़ी सुरक्षाववस्था के तहत हुई संपन्न



**बरेली/रिठौरा।** नगर के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज में चल? रही तीन दिवसीय होमगार्ड भर्ती परीक्षा छह शिफ्टों में सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मजिस्ट्रेट श्याम नारायण अग्निहोत्री, मजिस्ट्रेट सुखपाल सिंह, पुलिस विभाग की ओर से निरीक्षक अपराध योगेंद्र यादव, निरीक्षक अपराध तारिक खां, केंद्र व्यवस्थापक आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में परीक्षा हुई। सोमवार को कुल पंजीकृत 480 परीक्षार्थियों में प्रथम पाली में,363 तथा द्वितीय पाली में 359 ने परीक्षा दी।इस दौरान परीक्षा प्रमुख कुसुम गंगवार, रघुवीर सरन, डॉ सर्वेश कुमार, डॉ हरमीत सिंह,प्रदीप कुमार गुप्ता, ब्रजेश कुमार शर्मा, रामसिंह, राजपाल डॉ राजेश कुमार गंगवार, मुरारीलाल, एस आई सत्यवीर गिरि, चंद्रवीर सिंह,लोकेश कुमार,,वरूण वर्मा,रमेश चंद्र, विजिल कुमार राविंद्र सिंह, अमरेश कुमार, ब्रजेश गंगवार, कांस्टेबल सौरभ चौधरी इमरान हुसैन,मीनू सिंह, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## रक्षा अध्ययन विभाग की पहल छात्रों को मिलेगा सैन्य प्रशिक्षण का व्यावहारिक अनुभव



**बरेली।** प्राचार्य ओ0 पी0 राय के संरक्षण में रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली की ओर से एम.ए.एम.एस.सी. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का शैक्षणिक एवं व्यावहारिक ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से मंगलवार को रामनगर (उत्तराखण्ड) के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है। इस भ्रमण का संयोजन डॉ यशार्थ गौतम के द्वारा किया जा रहा है। इस भ्रमण के अंतर्गत छात्र-छात्राएं सैन्य प्रशिक्षण केंद्रों, रहन-सहन एवं संबंधित संस्थानों का अवलोकन करेंगे। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रक्षा अध्ययन से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं, सैन्य व्यवस्था, प्रशिक्षण प्रक्रियाओं तथा अनुशासनात्मक संरचना से अवगत कराना है। विभाग प्रभारी प्रो एम0 पी 0सिंह के अनुसार यह शैक्षणिक यात्रा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा उनके विषय संबंधी ज्ञान को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक होगी साथ ही यह भी कहा कि ऐसे भ्रमण भविष्य में प्रत्येक वर्ष अलग-अलग स्थानों एवं संस्थानों में आयोजित किया जाता रहेगा।

## आमने-सामने की टक्कर में मां की मौत, बेटा गंभीर रूप से घायल

### देवीपाटन से दर्शन कर लौट रहे थे मां-बेटा

**बस्ती।** बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के रामजानकी मार्ग परदेर रात एक भीषण सड़क हादसे में मां की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों देवीपाटन धाम से दर्शन कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार, लालगंज थाना क्षेत्र के डिहुकपुरवा निवासी संतराम पुत्र रामराज ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनका ममेरा भाई मनोज विश्वकर्मा अपनी 61 वर्षीय मां आरती देवी के साथ देवीपाटन दर्शन कर लौट रहा था। देर रात कुदरहा पहुंचने के बाद दोनों मोटरसाइकिल से अपने घर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे चकिया गांव के पास रामजानकी मार्ग पर पहुंचे, सामने से तेज रफ्तार में आ रही दूसरी मोटरसाइकिल, जिस पर तीन युवक सवार थे, ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मां-बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस की सहायता से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरहा पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान आरती देवी की मृत्यु हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल मनोज विश्वकर्मा को जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार युवक नशे की हालत में थे और घटना के बाद मौके से फरार हो गए, जिससे उनकी पहचान नहीं हो सकी।इस संबंध में चौकी प्रभारी कुदरहा उमेश सिंह ने बताया कि दोनों मोटरसाइकिलों को कब्जे में ले लिया गया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फरार बाइक सवारों की तलाश की जा रही है।

# कागज़ों में 'पर्याप्त गैस', ज़मीन पर हाहाकार

### ● धौरहरा में उपभोक्ता लाइन में बेहाल, कालाबाज़ारी बेलगाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**धौरहरा (तहसील क्षेत्र)-** जिला प्रशासन के दावों और हकीकत के बीच खाई कितनी गहरी हो सकती है, इसका जीता-जागता उदाहरण धौरहरा कस्बे में देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर अधिकारी 'पर्याप्त गैस आपूर्ति' का दावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सैकड़ों उपभोक्ता रोज़ सुबह 6 बजे से ही गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आते हैं – भूखे-प्यासे, उम्मीद लिए... और अंत में खाली सिलेंडर लेकर निराश घर लौटने को मजबूर।

**होम डिलीवरी ठप, उपभोक्ता बेहाल**

धौरहरा कस्बे में गैस की होम डिलीवरी व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी पर घंटों लाइन में लगने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल रहा। कई लोगों को 'स्टॉक खत्म' कहकर टरका दिया जाता है, जबकि उनके कनेक्शन पर डिलीवरी पहले ही दर्ज दिखा दी जाती है।

**काला बाज़ार चरम पर, खुलेआम लूट**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अवैध रिफिलिंग करने वाले दुकानदारों और एजेंसी के डिलीवरी बॉय के बीच मिलीभगत से गैस की खुलेआम कालाबाज़ारी हो रही है।

घरेलू सिलेंडर: 1300-1500 तक

गैस रिफिल: 120-150 प्रति किलो

हैरानी की बात यह है कि जहां आम उपभोक्ता लाइन में धक्के खा रहा है, वहीं इन दुकानदारों को तुरंत गैस उपलब्ध हो रही है। **संदिग्ध प्रक्रिया:** 'सिलेंडर रखो, बाद में ले जाओ 'जानकार बताते हैं कि उपभोक्ताओं से सिलेंडर जमा करवा लिए जाते हैं और 1-2 घंटे बाद आने को कहा जाता है। इस बीच क्या होता है, यह बड़ा सवाल है। आशंका है कि इसी दौरान गैस की हेराफेरी और रिफिलिंग का खेल चलता है।

**घरेलू सिलेंडर से चल रहे कारखाने**

सूत्रों का दावा है कि कस्बे के कई छोटे कारखानों में कमर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहे हैं। इससे आम जनता के हिस्से की गैस सीधे कारोबारियों के पास पहुंच रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती।

**घर-घर में चूल्हा ठंडा, बीमारी का खतरा**

गैस की किल्लत के कारण सैकड़ों घरों में खाना बनाना मुश्किल हो गया है। लोग मजबूरी में तला-भुना (पूड़ी-पराठा) खाकर गुज़ारा कर रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है और लोग डॉक्टरों की शरण में जाने को मजबूर हैं। छोटे दुकानदारों पर संकट -- रेहड़ी-पटरी और छोटे फूड व्यवसाय चलाने वाले लोग या तो दुकान बंद करने को मजबूर हैं या फिर तिगुनी कीमत पर गैस खरीद रहे हैं। यह स्थिति सीधे तौर पर उनकी रोज़ी-रोटी पर चोट कर रही है। अधिकारियों के दावे बनाम हकीकत जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार का साफ कहना है: 'जिले में कहीं भी गैस की कोई कमी नहीं है, पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है। ' लेकिन जमीनी हकीकत इस दावे को पूरी तरह नकारती नजर आ रही है। उपजिलाधिकारी धौरहरा शशिकांत मणि ने बातचीत में कहा: 'गैस की कोई दिक्कत नहीं है। अगर कोई ब्लैक में सिलेंडर बेचता या खरीदता है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ऐसी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। ' बड़ा सवाल जब अधिकारी 'सब कुछ ठीक' बता रहे हैं, तो आखिर धौरहरा की जनता किस सच्चाई से जूझ रही है? क्या यह प्रशासनिक लापरवाही है, या फिर मिलीभगत का खेल?

# डीजल पेट्रोल की सप्लाई ब्यवस्था ध्वस्त

### ● जिला पूर्ती अधिकारी जिले मे पर्याप्त सप्लाई का राग रहे अलाप

### किसान नेता अंजनी दिक्षित ने किसानो को डीजल न मिलने से जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** गोला तहसील क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद, जडौरा तेन्दुआ, बघमरा, सेहरूआ, सहित ऐक दर्जन से अधिक गावो मे लगी पंपो पर पेट्रोल व डीजल की सप्लाई न होने के चलते किसान नेता ने बयान जारी कर कहा है कि वर्तमान समय में गन्ने की सिंचाई हेतु किसानों को डीजल की अत्यंत आवश्यकता है, जिला पूर्ति अधिकारी अपने बयानों में डीजल और पेट्रोल की कोई कमी नहीं बता रहे हैं लेकिन किसान पेट्रोल पंपों से खाली हाथ लौट रहे हैं, कुछ पेट्रोल पंप मालिक पंप डीजल और पेट्रोल उपलब्ध होने पर भी जानबूझकर बंद कर देते हैं जिनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए जो व्यक्ति भंडारण कर रहा है उसे पर कड़ी निगरानी की जाए किसानों की फसल सूखने ना पाए इसके लिए आवश्यक है, आवश्यकता अनुसार किसानों को डीजल मिलता रहे पेट्रोल पंप मालिक जानबूझकर डीजल पेट्रोल की कमी का भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। अंजनी कुमार दीक्षित जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने अतिशीघ्र ही डीजल पेट्रोल की सप्लाई दुरूस्त किये जाने के लिये ठोस कदम उठाये नही तो अन्दोलन के बाध्य होना पडेगा अंजनी कुमार सिह जिला पूर्ति अधिकारी, जिले मे डीजल पेट्रोल की कोई कमी नही है,यदि किसी पेट्रोल पंप की जांच के दौरान अनियमितता पाई जायेगी तो कार्रवाई की जायेगी, प्रतीक्षा त्रिपाठी उप जिला अधिकारी गोला, आप के द्वारा जानकारी मिली है अतिशीघ्र ही इन पेट्रोल पंपो से स्पष्टीकरण मांगा जायेगा।

# 7 वर्षीय मासूम से दरिंदगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### ● नीमगांव पुलिस ने भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नीमगांव खीरी।** जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे कड़े अभियान के तहत नीमगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**क्या है पूरा मामला?**

जानकारी के अनुसार, थाना नीमगांव क्षेत्र के बेहजम निवासी धीर सिंह पुत्र चंद्रभाल सिंह पर एक 7 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने का जघन्य आरोप था। इस संबंध में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ मु0 अ0सं0 152/ 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (B.N.S.) की धारा 65(2) और 5(द्व)/6 पॉक्सो (POCSO) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था।

**पुलिस की कार्रवाई**

पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए टीम गठित की गई थी। क्षेत्राधिकारी मितौली के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम के नेतृत्व वाली टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए रविवार (26 अप्रैल) को अभियुक्त धीर सिंह को उसके गांव बेहजम से गिरफ्तार कर लिया।

**न्यायालय में पेशी**

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूरी कीं और सोमवार को आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

# राजस्व कर्मियों की मनमानी: पैसे लेकर भी गलत तरीके से की भूमि की पैमाइश

### ● पीड़ित ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** तहसील निघासन के अंतर्गत ग्राम पंचायत बंगलहा तकिया में राजस्व विभाग के खेल का एक गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने लेखपाल और कानूनगो पर रिश्वत लेने और मिलीभगत कर भूमि की गलत पैमाइश करने का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला?**

मजरा तकियापुरवा निवासी विजय पाल पुत्र चुरामणि ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी गाटा संख्या-452 की पैमाइश के लिए कानूनगो देशराज वर्मा और लेखपाल ज्योति प्रकाश वर्मा मौके पर आए थे। आरोप है कि राजस्व कर्मियों ने प्रार्थी को सूचना दिए बिना, उसके अन्य चार भाइयों की मौजूदगी में भूमि की गलत तरीके से पैमाइश कर दी, जिससे भाइयों के बीच भूमि का बंटवारा असमान हो गया।

**रिश्वत लेने और फर्जी आख्या लगाने का आरोप**

विजय पाल का आरोप है कि इस कार्य के लिए कानूनगो देशराज वर्मा ने उनसे 30,000 रुपये भी लिए थे, जिसके साक्ष्य प्रार्थी के पास मौजूद होने का दावा किया गया है। इसके बावजूद, कानूनगो द्वारा पोर्टल पर गलत और फर्जी आख्या लगा दी गई। प्रार्थी ने पहले भी 29 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री पोर्टल और जिलाधिकारी को ऑनलाइन शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**बंटवारे में भारी विसंगति**

प्रार्थना पत्र के अनुसार, कुल भूमि का बंटवारा इस प्रकार किया गया है कि किसी को 150 डिसमिल तो प्रार्थी को केवल 136 डिसमिल जमीन दी गई है। प्रार्थी का कहना है कि राजस्व कर्मियों ने विपक्षीगणों से मिलकर अपनी मनमानी की है और उन्हें उनके हक से वंचित रखा जा रहा है।

**जिलाधिकारी से उच्चाधिकारियों द्वारा जांच की मांग**

पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी से निवेदन किया है कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों की एक टीम गठित की जाए, जो मौके पर जाकर पुनः निष्पक्ष पैमाइश कराए और प्रार्थी को उसकी भूमि पर कब्जा दिलाते हुए न्याय सुनिश्चित करे।

## कानपुर झकरकटी ट्रैफिक में फंसे लोग बोले, त्राहिमाम- त्राहिमाम

**घाटमपुर।** कानपुर शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में शामिल झकरकटी बस अड्डा के सामने सोमवार को भीषण जाम लग गया, क़रीब दो घंटे तक लगे इस जाम ने राहगीरों और यात्रियों को बुरी तरह परेशान कर दिया, सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई,, जिससे पूरा इलाका जाम से जूझता नजर आया,, औद्योगिक नगरी में सूरज की तपिश और भीषण लू के साथ साथ अब बेकाबू जाम ने जनता का जीना मुहाल कर दिया,, सोमवार को शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आई,, चिलचिलाती धूप और 44 डिग्री सेल्सियस के पार जाते पारे के बीच घंटों जाम में फंसे लोग गर्मी से त्राहि-त्राहि कर उठे,,शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में, झाड़ी बाबा पड़ाव,, टाटमिल, रामादेवी,,परेड,और घंटा घर में सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें देखनें को मिली जाम का आलम यह था कि एंबुलेंस से लेकर स्कूली बसें तक घंटों जाम में फंसीं रही,, सड़क पर डामर पिघलने जैसी गर्मी के बीच दोपहिया वाहन सवार सबसे ज्यादा परेशान दिखे,,कई राहगीर तों गर्मी के चलते सड़क किनारे बेहोशी की हालत में आ गए।

# दिनदहाड़े दंपति से छीना-झपटी में पुलिस ने दो बदमाशो को किया गिरफ्तार

### ● सड़क पर छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिंगाही-खीरी।** सिंगाही-निघासन नेशनल हाईवे पर रविवार को बाइक सवार दंपति के साथ सनसनीखेज लूट की वारदात सामने आई। पीछे से आ रहे बाइक सवार बदमाशों ने चलती बाइक में लात मारकर दंपति को सड़क पर गिरा दिया और नवविवाहिता महिला के कमर में बंधा बिछुवा छीनकर फरार हो गए थे सिंगाही पुलिस ने सड़क पर छिनैती की वारदात करने वाले बदमाशों को पकड़ कर छिना गया कमर बंद बिछुवा बरामद कर एक चोरी की मोटर साइकिल पकड़ी है। दोनों लुटेरों को न्यायालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, कुशाही बाजार बेलरायां निवासी राजू अपनी पत्नी शिव लोचना के साथ अदलाबाद में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। निघासन-सिंगाही रोड पर मोटे बाबा पुल के पास पीछे से आए दो बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया। हादसे में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके का फायदा उठाते हुए बदमाशों ने महिला के कमर में बंधा बिछुवा छीन लिया और भाग निकले। सूचना मिलते ही निघासन पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दंपति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन में भर्ती कराया। इसी दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी को लेकर सूचना सिंगाही पुलिस को दी गई। सिंगाही पुलिस जब घटनास्थल का निरीक्षण कर रही थी, तभी दो संदिग्ध युवक बाइक से मौके पर पहुंचे। पीड़ित द्वारा पहचान कराने पर पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम प्रीतम और गोपी निवासी प्रीतम पुरवा, थाना निघासन बताया! पुलिस क्षेत्राधिकारी निघासन शिवम कुमार ने घटना के खुलासा करने के लिए मामले की जांच सिंगाही पुलिस के साथ शुरू की और राहजनी के दोनों आरोपियों के पास से कमर बिछुवा व एक चोरी की मोटर साइकिल बरामद कर दोनों बदमाशों को पकड़ कर न्यायालय भेज दिया है।

## विद्या निकेतन में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम संपन्न



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** स्थानीय विद्यालय स्थानीय विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज गोला, गोकर्णनाथ-खीरी में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे छात्राओं ने नारी शक्ति का अभिनंदन करने वाले नारे लिखे पोस्टर का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय की बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वेदों और भारतीय परंपरा ने हमेशा 'बसुंधरा-तले भारत-रमणी नुहे हीन नुहे दीन अमर कीरति कोटि युगे केभें जगतुं नोहिब लीन' अर्थात भारत की नारी पृथ्वी पर किसी की तुलना में न तो हीन है, न दीन है का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भारत में नारी शक्ति, नीति, निष्ठा, निर्णय शक्ति और नेतृत्व का प्रतिबिम्ब है एवं बालिकाओं को सक्षम, सामर्थ्य और राष्ट्र को दिशा देने के लिए प्रेरित किया।

# जर्जर मैलानी चांदपुर मार्ग,बन सकता है हादसों का कारण

### ● सड़क की इस दयनीय स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मैलानी-खीरी।** मैलानी से चांदपुर तक जाने वाला मुख्य संपर्क मार्ग इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति के कारण लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है।सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं और कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है, जिससे इस मार्ग पर आवागमन करना बेहद खतरनाक हो गया है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी रास्ते से लोग बाजार,अस्पताल,स्कूल तथा अन्य आवश्यक कार्यो के लिए मैलानी से चांदपुर ग्राम आते जाते रहते हैं।बरसात के दौरान सड़क पर पानी भर जाने से गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना और भी बढ़ जाती है।आए दिन वाहन फंसने और गिरने की घटनाएं हो रही हैं,जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस सड़क की खराब स्थिति कई वर्षों से बनी हुई है।समय-समय पर केवल औपचारिक रूप से थोड़ी बहुत पैचिंग कर दी जाती है,जो कुछ ही दिनों में फिर से उखड़ जाती है।इससे स्पष्ट है कि सड़क की मरम्मत के लिए कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग जनप्रतिनिधियों के आवागमन का भी प्रमुख रास्ता है,फिर भी वर्षो से इसकी स्थायी मरम्मत नहीं कराई गई है।सड़क की इस दयनीय स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश है और जन सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मैलानी से चांदपुर तक की इस सड़क का शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कराकर गुणवत्तापूर्ण और स्थायी पुनर्निर्माण कराया जाए,ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# डीएम ने जनता दर्शन में शुरू कराई नि:शुल्क मट्ठा सुविधा



### ● गर्मी में फरियादियों को राहत

### एसी वेटिंग रूम, पर्याप्त कुर्सियां और आरओ पानी की व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** भीषण गर्मी के बीच कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों के लिए राहत की ठोस व्यवस्था शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी की पहल पर यहां दूरदराज से बड़ी संख्या में पहुंचने वाले लोगों को प्रतीक्षा के दौरान नि:शुल्क छाछ-मट्ठा उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उन्हें गर्मी में काफी राहत मिल रही है। सुबह से ही अपनी समस्याएं लेकर पहुंचने वाले लोग वेटिंग रूम में बैठकर मट्ठा पीते नजर आए। लंबी दूरी तय कर आए कई फरियादी यहां कुछ देर ठहरकर राहत महसूस करते दिखे और इस व्यवस्था को उपयोगी बताते नजर आए। जिलाधिकारी की पहल पर वेटिंग रूम में बैठने की व्यवस्था को और सुव्यवस्थित किया गया है। पर्याप्त कुर्सियां उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे फरियादी आराम से अपनी बारी का इंतजार कर सकें। कक्ष में एसी की सुविधा के साथ स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ वाटर भी उपलब्ध है, जिससे गर्मी के बीच वातावरण संतुलित बना रहता है। जनता दर्शन के दौरान वेटिंग रूम में बैठे लोग मट्ठा पीते हुए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। गर्मी के बीच यह व्यवस्था फरियादियों को राहत देती नजर आई।

## कानपुर में बेटी के जन्मदिन पर पिता ने फंदा लगाकर दी जान

**घाटमपुर।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत सेन पश्चिम पारा थाना अंतर्गत घरेलू कलह के चलते एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गई,, क्षेत्र निवासी बुद्धि प्रकाश 50 वर्ष ने रविवार रात को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली,, घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फ़ैल गई, बताया जा रहा है कि बुद्धि प्रकाश जाजमऊ स्थित एक लेदर फैक्ट्री में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे,,उनकी पत्नी रेखा ने पुलिस को बताया कि पति शराब के आदी थे,, और आए दिन घर में विवाद कर मारपीट करते थे,, तीन दिन पहले भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था,, जिंसके बाद वह अपने मायके यशोदा नगर चली गई थी, रविवार देर शाम जब घर पहुंचे,, परिजनों ने बुद्धि प्रकाश 50 वर्ष को फंदे से लटका देखा,, तो चीख पुकार मच गई,, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, और फारेसिक टीम के साथ जांच शुरू की, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है,,जिस दिन बेटी का जन्मदिन था उसी दिन पिता की मौत ने पूरे परिवार को गम में डुबा दिया।

# भीषण गर्मी का प्रकोप झुलसाने वाली गर्मी और लू से सावधान

### ● बहुआयामी संस्था से परवेज आलम ने नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मितौली खीरी-** अप्रैल का महीना गुजरने वाला है इसी के साथ देश के कई हिस्सों में लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है और जनपद लखीमपुर खीरी में भी गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है गर्मी के कारण जहां अस्पतालों में डायरिया के मामलों में खास तेजी बढ़ती जा रही है जिससे मौसम विभाग ने लू(हीट वेव/हीट ) के खतरे को देखते हुए परवेज आलम ने आम लोगों से अपील की है।

उन्होंने कहा है तेज धूप और लू के कारण आम नागरिक स्वास्थ्य पड़ रहे हैं जिले में तापमान में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी को देखते हुए प्रशासन ने भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं आमजन से अपील की है कि हीट वेव के दौरान आवश्यक चीजें बरते ताकि जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके गर्मी और लू से बचाव बेहद बहुत जरूरी है विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। परवेज आलम ने लोगों से अपील की करते हुए कहा है कि हीट वेव के लक्षणो को समय रहते पहचानना जरूरी है जैसे किसी व्यक्ति को चक्कर आना, तेज बुखार,पसीना आना, उल्टी बेहोशी या शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ना, ऐसे लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न करें तुरन्त 108 या 102 एंबुलेंस सेवा पर तुरन्त संपर्क करें स्वास्थ्य विभाग ने हीट स्ट्रोक को मेडिकल इमरजेंसी बताते हुए कहा है लापरवाही न बरतने की सलाह दी है गर्मी से बचाव के लिए लोगों को दिनभर पर्याप्त पानी पीने, यात्रा के दौरान पानी साथ रखने और ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी जैसे पेय पदार्थो का सेवन करने की सलाह दी गई है वही बाहर के खाद्य पदार्थो से फिलहाल दूरी बनाने की सलाह दी।तरबूज, खीरा और बेल जैसे ठंडक देने वाले फलों को आहार में शामिल करने को कहा गया है। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। बाहर जाते समय हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें और सिर को ढककर रखें। बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और मजदूरों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

# संक्षिप्त खबरें

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दूसरे दिन सम्पन्न हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा

**भदोही।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट-2025 के तहत आयोजित लिखित परीक्षा के क्रम में जनपद भदोही में 27 अप्रैल को आयोजित परीक्षा की दोनों पालियों में अभ्यर्थियों की अच्छी उपस्थिति दर्ज की गई। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्रथम पाली में कुल 2496 अभ्यर्थियों में से 1826 उपस्थित रहे, जबकि 670 अनुपस्थित रहे। इस पाली में उपस्थिति प्रतिशत 73.16 रहा। वहीं द्वितीय पाली में भी अभ्यर्थियों की उपस्थिति बेहतर रही। कुल 2496 अभ्यर्थियों में से 1879 उपस्थित रहे, जबकि 617 अनुपस्थित रहे। इस पाली में उपस्थिति प्रतिशत बढ़कर 75.28 दर्ज किया गया। जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों—ज्ञान देवी बालिका इंटर कॉलेज भदोही, काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर, एमएएमटी समद इंटर कॉलेज भदोही, श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज, विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर तथा जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर—पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और पारदर्शिता के कड़े इंतजाम किए गए थे। अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। कुल मिलाकर दूसरे दिन की परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही और परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

## सीखड़ मे निकाला गया जन आक्रोश रैली




**सीखड़ मीरजापुर** भाजपा सीखड़ में जन आक्रोश महिला विरोध प्रदर्शन महिलाओं के अधिकारों पर वार, सपा, कांग्रेस है जिम्मेदार महिलाओं के नेतृत्व में सीखड मंडल में निकाला गया महिला जन आक्रोश रैली इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय वर्मा विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल एवं मंडल महामंत्री आनंद शर्मा सरोज कुमार नीरज मंडल मंत्री अनूप सिंह मंडल उपाध्यक्ष रीमा शर्मा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेशमा देवी, पुष्पा देवी सुनील बिंद हजारी मनवीर सिंह, सुनील, पटेल आदि मंडल के सम्मानित पदाधिकारीगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## गाय से टकराकर बाइक सवार पति-पत्नी गिरकर गंभीर रूप से घायल

**हलिया मिर्जापुर**...ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित महेशपुर गांव में सुबह नौ बजे के करीब गाय से टकराकर बाइक सवार पति पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों ने घायल पति पत्नी को उपचार हेतु 108 एंबुलेंस सेवा से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र अंतर्गत छापर हरदौन गांव निवासी 38 वर्षीय शेषमणि कोरी अपनी 35 वर्षीया पत्नी सीमा देवी के साथ रविवार की शाम हलिया थाना क्षेत्र के गोविंदिया गांव स्थित अपनी रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से गए थे शादी समारोह में शामिल होने के बाद सोमवार को सुबह पत्नी को बाइक पर बैठाकर घर वापस लौट रहे थे बाइक सवार जैसे ही ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचे कि अचानक सामने आई गाय से टकराकर बाइक सवार पति पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए बाइक पर पीछे बैठी पत्नी के सिर तथा चेहरे में गंभीर चोटें आई हैं वहीं पति के हाथ और पैर में चोटें आई हैं मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल दंपती को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजवाया जहां डा. आलोक सिंह यादव व डा? रीना सिंह द्वारा उपचार किया जा रहा है।

## थाना को0 देहात पुलिस द्वारा चोरी का बीजली के चार के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा वाहन चोरी एवं बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में सोमवार को उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी करनपुर मय पुलिस टीम क्षेत्र में वाहन चेकिंग में मामूर थे कि इस दौरान जरिए मुखबिर सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्रांतर्गत ग्राम इटवा से एक अभियुक्त अनिल मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा निवासी लोहिया तालाब थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तारी किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से बीजली का मोटा तार (एल्मुनियम) 21 मीटर तथा अर्थ का तार 58 मीटर बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तार व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-198/2026 धारा 305ए, 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया।

# पूर्व सांसद पं उमा कांत मिश्र के बारहवीं पूण्यतिथि पर 7 मई को श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया मीरजापुर।** 27 अप्रैल। मीरजापुर भदोही संसदीय क्षेत्र से आठवें लोकसभा सांसद एवं विधिवेत्ता पं उमा कांत मिश्र की की बारहवीं पूण्यतिथि 7 मई को अपराह्न तीन बजे से छः बजे तक उनके पैतृक निवास बेलन बरौधा स्थित कठार मुहल्ले में आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से मीरजापुर सोनभद्र प्रयागराज एवं भदोही वाराणसी के के उनके जाने पहचाने वाले एवं जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। बताते चलें कि पूर्व सांसद पं उमा कांत मिश्र का निधन 7 मई 2014 को दौरान इलाज गंगा नर्सिंग होम प्रयागराज में हो गया था। उल्लेखनीय है कि स्व श्री मिश्र 1981=84 एवं 85=89 दो बार सांसद जबकि 1972=78 एवं 78=81 तक विधान परिषद सदस्य (एम एल सी) मीरजापुर वाराणसी स्थानीय निकाय क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे।वहीं गांव सभा एवं स्थानीय निकाय पुनर्गठन की शुरुआत 1662 से 72 तक वह हलिया ब्लाक से प्रथम ब्लाक प्रमुख चूने गये थे। राजनीतिक शुरुआत उन्होंने वकालत पेशा के दौरान सर्व प्रथम 1953 में उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी संगठनात्मक चुनाव के लिए जिला कांग्रेस कमेटी सभापति रहें स्वतंत्रता सेनानी पं शिवमूर्ति दूबे के द्वारा सुझाए गए नाम पर अविभाजित मीरजापुर जिला कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव अधिकारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रहे स्वतंत्रता सेनानी पं मुनेश्वर दत्त उपाध्याय के अनुमोदन पर नियुक्त किए गए थे। और स्व श्री मिश्र ने नवालक तबेला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय से निश्पक्षता पूर्वक चुनाव संपन्न कराया था। उसके बाद से उनकी रूझान कांग्रेस पार्टी की ओर बढ़ता गया और वह कांग्रेस राजनीति में शनै शनै सक्रियता पूर्वक आगे बढ़ते गए। उसके बाद वह मीरजापुर शहर के प्रथम विधायक रहे जिला परिषद चेयरमैन रहे पं अमरेश चंद पाण्डेय के छत्रछाया में कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में माने जाने लगे। गौरतलब बात यह है कि स्व श्री मिश्र का ज़िले के सर्वशक्तिशाली राजनीतिज्ञ रहे अजीज इमाम से कांग्रेस चुनाव अधिकारी होने के वक्त से राजनीतिक मतभेद बढ़ता गया और वह उनके विपरीत गुट पं श्याम धर मिश्र समर्थक रहे हालांकि उस दौर में मीरजापुर भदोही संसदीय क्षेत्र में सर्वशक्तिशाली गुट पं श्यामधर मिश्र का हुआ करता था जिनके समर्थन में पं अमरेश चंद पाण्डेय,ब्रज भूषण मिश्र ग्रामवासी, जिला परिषद चेयरमैन रहे बाबू रामाधार सिंह एवं कांग्रेस संगठन के जिला अध्यक्ष रहे शिवमूर्ति दूबे दलित नेता विधायक रहे राम किशुन एवं बेचन राम जैसे लोग एक साथ लामबंद थे। अजीज इमाम स्थानीय स्तर पर राजनीतिक मठाधीश माने जाते थे। उनके मुकाबले के लिए उस वक्त राज्यसभा सांसद एवं सिंचाई एवं ऊर्जा उप मंत्री रहे श्यामधर मिश्र पार्टी के अंदरखाने में आमने सामने होते थे। उस समय पढ़ेंलिखे विद्वान होने के नाते पं उमा कांत मिश्र अजीज इमाम खेमे के खिलाफ रहते थे जबकि हलिया ब्लाक के ही बाबू बांके लाल सिंह शुरू से कांग्रेसी और अजीज इमाम के कट्टर समर्थक होते थे। एक और गौर तलब बात है कि उन दिनों उपरौध एवं मझवां संयुक्त क्षेत्र से कांग्रेस विधायक अजीज इमाम एवं राम किशुन एवं बेचन राम हुआ करते थे। उस समय कांग्रेस प्रत्याशी अजीज इमाम एवं राजा विजयपुर श्री निवास प्रसाद सिंह चुनाव में कांग्रेस एवं निर्दलीय राजा साहब चुनाव चिन्ह नांव से लड़कर जबकि कांग्रेस चुनाव चिन्ह दो बैलों की जोड़ी से मुकाबला होता था। स्व श्री मिश्र को केन्द्रीय राज्यमंत्री रहे पं श्याम धर मिश्र की अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र मीरजापुर शहर से प्रत्याशी बनाया गया लेकिन सोशलिस्ट पार्टी के अश्विनी कुमार चतुर्वेदी राकेश चतुर्वेदी से चुनाव हार गए उसके बाद 1972 में स्व श्री मिश्र सीधे एम एल सी प्रत्याशी बनाए गए उस समय मुख्यमंत्री रहे कमला पति त्रिपाठी ने खुद स्व श्री मिश्र के नाम की संस्तुति कर दिया था उस समय प्रदेश अध्यक्ष रहे अजीत प्रकाश जैन ने गुटबाजी



के चलते कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ शंकर दयाल शर्मा को भेज दिया था जहां कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अजीज इमाम के अनिच्छा के बावजूद स्व श्री मिश्र को मुख्यमंत्री कमला पति त्रिपाठी के प्रयास से कामयाबी हासिल हुई।

ऐसे राजनीतिक मर्मज्ञ रहे पं उमा कांत मिश्र जिन्होंने पंचायत से राज्य विधानमंडल के विधायक बनकर देश के सर्वोच्च संसद सदस्य बनकर उपरौध क्षेत्र का नाम रोशन किया। पं उमा कांत मिश्र पूण्यतिथि एवं विचार संगोष्ठी के मुख्य आयोजक उनके पौत्र क्षेत्रीय युवक कांग्रेस कमेटी के महासचिव अनुराग मिश्र एडवोकेट ने कहा कि पं उमा कांत मिश्र पूण्यतिथि पर एक विचार संगोष्ठी उनके जन्म भूमि कठार गांव में आयोजित किया गया है। जिसके सफलता के लिए पूर्व सांसद पं उमा कांत मिश्र के परिवार की ओर से विस्तार पूर्वक मनाया जाएगा। उक्त पूण्यतिथि एवं विचार संगोष्ठी के आयोजन समिति में पं उमा कांत मिश्र के छोटे भाई देव दत्त मिश्र, नरेंद्र देव मिश्रा, शशि देव मिश्रा, धर्म देव मिश्रा, कृष्ण देव मिश्र,(सोमदेव) इन्द्र देव मिश्रा (लाला भाई) सुरेन्द्र देव मिश्रा, रविन्द्र देव मिश्रा, देवेन्द्र देव मिश्रा, रामेश्वर मिश्र, भुवनेश्वर मिश्र, एवं राजेश कुमार मिश्र तथा बृजेश कुमार मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से धूम्रपान से इस वार उनके पूण्यतिथि पर एक विचार संगोष्ठी आयोजित किया गया है। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट अनुराग मिश्र ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में शासन एवं प्रशासन तथा जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रहेगी।

## 100 सक्रिय सदस्य बनाकर केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को दिया जन्मदिन का तोहफा



**चुनार, मीरजापुर।** रविवार को नगर के दुमदूमा मोहल्ला स्थित चिकित्सा मंच अध्यक्ष डॉ प्रमोद पटेल के पीके गेस्ट हाउस में अपना दल एस किला जोन की बैठक में केंद्रीय मंत्री एवं मिर्जापुर की यशस्वी सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल के आगामी 28 अप्रैल को जन्मदिन के शुभ अवसर पर उन्हें 100 सक्रिय सदस्य बनाकर जन्मदिन का तोहफा समर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन जोन अध्यक्ष आलोक पटेल ने किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव दिव्यांशु पटेल उर्फ दीपू पटेल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव पंचायत मंच सूर्य प्रकाश उर्फ पप्पू पटेल एवं युवा जिला अध्यक्ष उदय पटेल रहे। सदस्यता अभियान अति विशिष्ट अतिथि महिला मंच अध्यक्ष श्रीमती राधा पटेल एवं श्रीमती बिना पटेल के नेतृत्व में चलाया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर दुमदूमा वार्ड के कांग्रेस सभासद प्रत्याशी योगेंद्र सिंह ने अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में संगठन ने संकल्प लिया कि अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत किया जाएगा।

# श्री राम कथा के पंचम दिवस पर धूमधाम से मनाया गया राम जन्मोत्सव



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर** मधपुर पकड़ी क्षेत्र में आयोजित श्री राम कथा के पंचम दिवस पर भगवान श्रीराम जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में कथा वाचक जगतगुरु रामानंदाचार्य पूज्य स्वामी दिनेशाचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीराम के दिव्य अवतार की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम मर्यादा, सत्य, धर्म और आदर्श जीवन के प्रतीक हैं। उनके जीवन से समाज को सदैव प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जन्म केवल एक घटना नहीं, बल्कि अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश है। राम जन्मोत्सव के अवसर पर कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जैसे ही कथा वाचक ने राम जन्म का प्रसंग सुनाया, श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा की और शंखनाद तथा घंटियों की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और भक्तजन झूम उठे। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर आयोजक धनीराम प्रजापति ने सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, संस्कार और सद्भावना का संचार होता है। इस कार्यक्रम में गुरचिहवा समय माता मंदिर समिति के पदाधिकारी शती चन्द्र मिश्रा, एवं कोषाध्यक्ष अध्यक्ष रामपाल यादव,व्यवस्थापक अजय शुक्ला, विनय पाठक, उपाध्यक्ष हरीराम प्रजापति,मीडिया प्रभारी रमेश कुमार यादव, रामपाल गुप्ता विजयपाल प्रजापति सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। श्री राम कथा महोत्सव को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंच रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## दो बाईकों की आमने-सामने की टक्कर में एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल

**हलिया मिर्जापुर**...हलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरी पावर हाउस बंधी के पास सोमवार को दिन में डेढ बजे के करीब दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल बाइक चालक को निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए हलिया थाना क्षेत्र के देवरी गांव निवासी 27 वर्षीय दिलीप बाइक से बैटरी लेने पिपरा बाजार जा रहा था बाइक चालक जैसे ही देवरी पावर हाउस बंधी के पास पहुंचा की सामने से आ रहे अज्ञात बाइक से टक्कर हो गई जिससे बाइक चालक दिलीप गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं अज्ञात दूसरे बाइक चालक को मामूली चोटे आई राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर रूप से घायल बाइक चालक दिलीप को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जहां पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार डॉक्टर रीना सिंह के द्वारा घायल बाइक चालक का उपचार किया जा रहा है वही अज्ञात दूसरा बाइक चालक मौके से फरार हो गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गोमड़ी विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर**

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0 एस0 ए0/एस0एल0 डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया/पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी,% साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCBमशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक% आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 02.05.2026 उपस्थिति में 10.00 बजे से 01.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान/सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**रामशंकर** **श्री धनंजय सिंह यादव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गोमड़ी विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर**

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0 एस0ए0/एस0 एल0 डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया/पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCBमशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 02.05.2026 उपस्थिति में 10.00 बजे से 01.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा हुआ कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान / सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**वकील वानो** **श्री धनंजय सिंह यादव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गौर रमवापुर विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर**

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0एस0ए0/एस0 एल0 डब्लू0 एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया/पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और छ्ष्टक्क मशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 02.05.2026 उपस्थिति में 10.00 बजे से 01.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान / सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**बदरेमुनीर** **श्री राम सुरेश**

**कार्यालय ग्राम पंचायत गायडीह विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर**

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0एस0ए0/ एस0 एल0 डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया/पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCBमशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 02.05.2026 उपस्थिति में 10.00 बजे से 01.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान/सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**जुल्फेंकार अली** **श्री धनंजय सिंह यादव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत शिवपुर महंत विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर**

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0 एस0ए0/एस0 एल0 डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया/पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCB मशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 02.05.2026 उपस्थिति में 10.00 बजे से 01.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान / सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**श्रीमती मनुबेन यादव** **श्री राम सुरेश**

**कार्यालय ग्राम पंचायत त्रिगुनायकपुर विकास खण्ड श्रीदत्तगंज जनपद बलरामपुर**

**पत्रांक: मेमो/ग्रा0पं0/मनरेगा/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/2026-27** **दिनांक: 28.04.2026**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

जिला- बलरामपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मनरेगा/VB-G-RAM-G/केन्द्र वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग/स्वच्छभारत मिशन फेज-2/आर0जी0एस0ए0/एस0 एल0 डब्लू0एम0 के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अन्त्येष्टी स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति इत्यादि कार्य हेतु प्रथम द्वितीय श्रेणी ईट, इंटरलॉकिंग ईट/ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, ग्रेनाईट, सरिया/पत्थर गिट्टी/ह्यूम पाइप/पेंट, सामुदायिक शौचालय मरम्मत, स्ट्रीट लाइट आपूर्ति, लारवा फागिंग पुलिया निर्माण, सोक पिट गड्ढा निर्माण, इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज-कुर्सी अलमारी, साइनबोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री की आवश्यकता है। और JCB मशीन किराये पर ट्रैक्टर-ट्रॉली किराये पर आवश्यकता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 29.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर राशि 05 हजार रूपये मात्र होगी। निविदा एवं कोटेशन दिनांक 02.05.2026 उपस्थिति में 12.00 बजे से 03.00 बजे तक निविदा फार्म खोला जायेगा।

**नियम/शर्ते निम्न है:-**

1- निविदा शुल्क रू0 650 होगी जो कि देय नहीं होगी। 2- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जायेगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दशा में आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरियता क्रम में अन्य फर्म को आपूर्ति आदेश जारी करने हेतु स्वतंत्र है। 3- फर्म को जी0एस0टी0 पंजीकृत हो तो आयकर की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 4-ग्राम प्रधान / सचिव द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्ति की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 5- जो दरे प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा दुलाई चढ़ाई उतराई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 7 सामग्री की आपूर्ति सचिव/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जाए। 8- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी अवरअभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरान्त ही किया जायेगा गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम विकास अधिकारी/सचिव**
**स्वामीनाथन** **श्री राम सुरेश**

# संक्षिप्त खबरें

## भीषण गर्मी में चौराहों पर प्याऊ लगाने की मांग तेज

**नैनी, प्रयागराज।** भीषण गर्मी को देखते हुए शहर में आम नागरिकों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठने लगी है।भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने नगर निगम प्रशासन और महापौर गणेश केसरवानी से शहर के प्रमुख चौराहों पर तत्काल प्याऊ लगवाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि इस समय पड़ रही भीषण गर्मी में राहगीरों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के किसी भी प्रमुख चौराहे पर प्याऊ की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे लोगों को प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। मांग करते हुए कहा कि नगर निगम आयुक्त एवं महापौर को तत्काल प्रभाव से निर्देश जारी कर सभी प्रमुख स्थानों और चौराहों पर प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके।उन्होंने नगर निगम से अपील की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## फाफामऊ बाईपास पर सड़क हादसा: बाइक सवार की मौत

साथी गंभीर रूप से घायल




**फाफामऊ/प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र के जय गुरुदेव आश्रम बाईपास पर सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अशोक कुमार (42 वर्ष), निवासी कटरा गुलाब सिंह, जिला प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अशोक कुमार अपने साथी कमल के साथ बाइक संख्या UP72 K 6524 से प्रयागराज स्थित यश हॉस्पिटल में भर्ती अपने भांजे को देखने जा रहे थे।

**अचानक बिगड़ा संतुलन, पीछे से बस ने मारी टक्कर**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही उनकी बाइक जय गुरुदेव आश्रम बाईपास के पास पहुंची, वह अचानक असंतुलित हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अशोक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे कमल के हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत पास के विनीता हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई है। घटना की सूचना मिलते ही फाफामऊ थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया।

## नारी केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की धुरी है- सांसद प्रवीण पटेल

नारी शक्ति वंदन पदयात्रा में द्य महिलाओं के अधिकारों को लेकर गूंजा आक्रोश



**प्रयागराज।** नारी शक्ति के सम्मान और अधिकारों की मांग को लेकर आयोजित 'नारी शक्ति वंदन - जन आक्रोश पदयात्रा' में सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लेकर जागरूकता और संघर्ष का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने मातृशक्ति के सम्मान को राष्ट्र की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि 'जब तक महिलाओं को उनका पूरा अधिकार और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है।' उन्होंने कहा कि नारी केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की धुरी है। सांसद ने अपने संबोधन में महिलाओं के अधिकारों को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि 33% महिला आरक्षण जैसे ऐतिहासिक अवसर को रोकना करोड़ों बहनों और बेटियों के अधिकारों का सीधा हनन है। पदयात्रा के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। हाथों में तख्तियां और नारों के साथ उन्होंने अपने अधिकारों की मांग को बुलंद किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण और समान अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा और महिलाओं के अधिकारों की आवाज को हर मंच तक पहुंचाया जाएगा।

# अरविंद केजरीवाल ने किया जस्टिस स्वर्णकांता के कोर्ट का बहिष्कार

● कहा- न्याय की उम्मीद नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** अरविंद केजरीवाल ने जस्टिस स्वर्णकांता को पत्र लिखकर बताया कि उनके कोर्ट के समक्ष वो खुद या वकील के जरिए पेश नहीं होंगे। मेरी जस्टिस स्वर्णकांता से न्याय मिलने की उम्मीद टूट गई है, इसलिए मैंने गांधीजी के सत्याग्रह पर चलने का फैसला लिया है। आप नेता ने कहा, 'मैंने यह फैसला अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर लिया है।' साथ ही उन्होंने कानूनी विकल्प भी खुला रखा। पत्र में उन्होंने जोड़ा, 'मैं जस्टिस स्वर्णकांता के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का अधिकार सुरक्षित रखता हूं।' यह घटनाक्रम उन दिनों बाद आया है जब जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने खुद को मामले से हटाने (रिक्यूज) से इनकार कर दिया। केजरीवाल ने पूर्व में पक्षपात और हितों के टकराव का आरोप लगाते हुए रिक्यूजल की मांग की थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में न्यायिक स्वतंत्रता के सिद्धांत पर जोर दिया और निष्पक्षता पर उठाए गए सवालों को अस्वीकार किया। केजरीवाल का पत्र और संदेशपत्र में केजरीवाल ने जोर देकर कहा कि वे जज के न्याय देने की क्षमता पर भरोसा खो चुके हैं। उन्होंने गांधीजी के अहिंसक विरोध के रास्ते को अपनाने का फैसला लिया है। इस कदम ने दिल्ली एक्साइज पॉलिसी घोटाले से जुड़े मामले में उनकी कानूनी लड़ाई को नया मोड़ दे दिया है। इससे पहले हुई सुनवाई पर जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने दिल्ली आबकारी नीति मामले से रिक्यूज करने यानी खुद को अलग करने से इनकार कर दिया था। उनके रिक्यूजल को लेकर दायर की गई याचिका पर सुनवाई के बाद जस्टिस शर्मा ने कहा, 'मैं इस केस से रिक्यूज़ नहीं करूंगी। मैं इस केस की सुनवाई करूंगी।' इसके साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तथा अन्य आरोपियों की याचिका खारिज कर दी। फरवरी 2026 में ट्रायल कोर्ट ने शराब नीति मामले में केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, कविता और अन्य 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। कोर्ट ने सीबीआई की जांच की भी कड़ी आलोचना की थी। सीबीआई ने हाईकोर्ट में अपील दायर की है। इस अपील की सुनवाई जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा कर रही हैं। केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया, दुर्गेश पाठक और अन्य ने भी रिक्यूजल की याचिका दायर की थी।

## बकरी विवाद बना मौत की वजह: भांजे की लाठी से मामा की गई जान




**घुरपुर/प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोगी गांव में एक मामूली विवाद ने सोमवार को खौफनाक रूप ले लिया। बकरी को लेकर शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मामा और भांजे के बीच बकरी को लेकर विवाद हुआ था। पहले दोनों के बीच तीखी बहस हुई, लेकिन कुछ ही देर में गुस्सा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान लाठी-डंडे चलने लगे। झड़प के दौरान भांजे द्वारा चलाई गई लाठी मामा के सिर पर जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में परिजन उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और गांव में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आरोपी की तलाश भी तेज कर दी गई है।

## कांग्रेस नेता पवन खेड़ा पहुंचे सुप्रीम कोर्ट



● असम पुलिस की FIR को दी चुनौती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गौहाटी उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। बता दें कि, गौहाटी उच्च न्यायालय ने मानहानि और जालसाजी के एक मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। यह मामला असम पुलिस ने उनके खिलाफ दर्ज किया है। पवन खेड़ा ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक, खेड़ा ने रविवार को एक स्पेशल लीव पिटीशन (एसएलपी) दायर की है, और इस मामले को डायरी नंबर 25523/2026 के तौर पर रजिस्टर किया गया है। शाम करीब 6.26 बजे दायर की गई यह याचिका फिलहाल 'पेंडिंग' के तौर पर लिस्टेड है। यह याचिका गौहाटी हाईकोर्ट की ओर से खेड़ा को गिरफ्तारी से पहले जमानत देने से इनकार करने के दो दिन बाद आई है। जस्टिस पार्थिवज्योति सैकिया की सिंगल-जज बेंच ने फैसला सुनाया था कि कांग्रेस नेता 'गिरफ्तारी से पहले जमानत का विशेषाधिकार पाने के हकदार नहीं हैं।' गौहाटी हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज करते हुए कहा था कि इस मामले को सिर्फ मानहानि का मामला नहीं कहा जा सकता। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 339 के तहत पहली नजर में मामला बनने के सबूत मौजूद हैं। असम पुलिस ने उनके खिलाफ मानहानि और जालसाजी का मामला दर्ज किया था। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत कुमार सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा ने दर्ज कराया है। उन्होंने खेड़ा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। खेड़ा ने हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया था कि रिनिकी भुइयां सरमा के पास कई विदेशी पासपोर्ट और विदेशों में अघोषित संपत्तियां हैं।

## झुग्गी-झोपड़ी में रहने और ईंट-भट्टे में काम करने वाले बच्चों पर एक मई से फोकस करेगी सरकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रदेश में एक अप्रैल से स्कूल चलो अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग का लक्ष्य है कि 6 से 14 साल का कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। उसका स्कूल में नामांकन हो और वह नियमित स्कूल जाए। इसी क्रम में 1 मई से प्रदेश में श्रमिक बस्तियों, ईंट-भट्ठों और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को नामांकित किया जाएगा। यह अभियान खास तौर पर आउट-ऑफ-स्कूल और ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने पर केंद्रित होगा। दिव्यांग बच्चों को स्पेशल एजूकेटर के सहयोग से चिन्हित कर उनका नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं ड्रॉपआउट बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिलाया जाएगा। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि हर बच्चे का नामांकन सुनिश्चित कराया जाए। स्कूल चलो अभियान के पहले चरण (1 से 15 अप्रैल) में 3 साल पूरा करने वाले बच्चों का आंगनबाड़ी-बाल वाटिका में नामांकन, 6 वर्ष के बच्चों का कक्षा-1 में और 7 से 14 साल के ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अब दूसरे चरण में इसे और तेज करते हुए छूटे हुए बच्चों तक सीधी पहुंच बनाएं। साथ ही कक्षा 5 से 6, 8 से 9 और 10 से 11 तक 100 प्रतिशत ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पढ़ाई बीच में न छूटे।

आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में लॉटरी से चयनित बच्चों का शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराने पर भी विशेष जोर दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कोई भी पात्र बच्चा प्रवेश से वंचित न रहे। अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए ऑपरेशन कायाकल्प और प्रोजेक्ट अलंकार के तहत काम किया जा रहा है। 19 मानकों के आधार पर विद्यालयों में सुविधाएं दी गई गई हैं। एक बार फिर से विशेष अभियान चलाकर शेष अवस्थापना संबंधी कमियों की पहचान करें। उन्हें सीएसआर और अन्य माध्यमों से पूरा करें।

## बनारस की अजगरा विधान सभा सीट जहां से कभी कोई स्थानीय नेता विधायक नहीं बन पाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बनारस जिला में एक अजगरा विधान सभा क्षेत्र है पहले यह सैद पुर विधान सभा के नाम पर पहचाना जाता था जबकि इस विधान सभा में अस्सी प्रतिशत वोट चोला पुर ब्लाक का था ।पर कभी भी इस सैद पुर विधान सभा क्षेत्र से चोला पुर ब्लाक का कोई नेता वह किसी भी दल का रहा हो विधायक नहीं बना बस एक बार सपा की सरकार में धरहरा से मुलायम सिंह के बहुत प्रिय राजनाथ यादव उप चुनाव जीते थे।फिर आज तक कोई नहीं दुसरा स्थानीय नेता चुनाव जीत पाया। नये परिसीमन में सैदपुर को बाहर करकेपूर्ण रूप से बनारस जिले के मतदाताओं का विधानसभा अजगरा बना दिया गया और आरक्षित हैं।फिर भी कोई चोलापुर ब्लाक का मूल विधायक नहीं बन पाया है । नहीं इस ब्लाक का को को ई नेता सांसद भी बन पाया । यह विधान सभा चन्दौली संसदीय क्षेत्र में है।चन्दौली क्षेत्र में आने से पहले यह केराकत क्षेत्र में था ।चन्दौली क्षेत्र में दोबारा सांसद महेन्द्र पाण्डेय बने पर वह भी मूल पुर से बाहरी गाजीपुर जिले से है । पर बनारस में मकान बना लिया वहीं रहते हैं। पर मूल तो नहीं है जिस कारण से विकास से उपेक्षित रहा है। आज अजगरा विधान सभा में विधायक टी राम जो कभी मायावती के खास थे। तब वह बहुजन समाज से एकबार बने विधायक मूल पुर से केराकत के है उनके काल में भी विधान सभा में कुछ नहीं हुआ एक बार सोनकर जी शहर बनारस से जाकर विधायक बन गये तब भी कुछ नहीं हुआ।आज बहुजनसमाज से भाजपा में आये टी राम यानि त्रिभुवनराम विधायक हैं। पर अजगार विधानसभा में कोई कारखाना नहीं कोई उघोग नहीं लगा पाते हैं। बस यहां की जनता का वोट लेकर मौज में है ।जगरा विधानसभा में ढंग की सड़क नहीं नहीं चोलापुर में हास्पिटल सही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जो बस साधारण मरीज का ईलाज करता है बाकी सबको शहर में भेज देता है।विधायकबस बुलाने पर पार्टी के कार्यक्रम में देखें जाते हैं इसी अजगरा विधान सभा क्षेत्र का यह दूर्भाग्य है कि यहां की जनता कभी अपनों को भोजन नहीं देती है यानि चुनाव नहीं जितने देती न जाने किस विवेक से वह हमेशा बाहरी लोगो के साथ ही खड़ा होती है जो जनता को ठग रहे हे । अगर स्थानीय विधायक रहता तो उस पर जनता का दबाव भी होता और जन हित में कार्य भी होता पर यह बहुत बड़ी विडम्बना है कि जब से अजगरा विधान सभा अस्तित्व में आया है तभी से बाहरी ही विधायक बन रहे हैं। अजगरा के मतदाताओं को यह सोचना चाहिए क्यों बाहरी लोगो पर भरोसा इतना करते हैं । अपनी जमीन को किसी और को क्यों दे रहे हैं ।क्या जनता अपने जमीर को बेच देती है या अजगरा विधान सभा में मूल अजगरा विधानसभा में कोई नेता नहीं जिस पर विश्वास नहीं और बाहरी पर एतबार हो जाता है।अब समय आ रहा है अजगरा विधानसभा के लोग जागरूक बने और अंजगरा विधानसभा के मूल निवासी को अपना विधायक चुने बाहरी हटाओ अपने को गले लगाओ की निती पर चलेंगे तभी विधान सभा के हर पंचायत गांव का विकास होगा कुछ उघोग लगेंगे ।नहीं तो बाहर के लोग आपका बनाया भोजन करके आपको ही गाली देंगे की मूर्खो को मूर्ख बनाकर सत्ता का आनन्द लेते हैं । और क्षेत्र में कोई विशेष विकास नहीं होता है। जनता बस सड़क या पंचायत भवन नहीं अब 2027नजदीक आ रहा है तो गांव के मन्दिर को कुछ विधायक जी धन देते हैं उसी पर विधायक का चरण चुम्बक बने कर जय कारा लगाते हैं। स्वागत करते रहते है ।कभी कोई उघोग नहीं मांगा न लगा विधान सभा में कि विधानसभा के लड़कों को रोजगार मिले ।हिमाचल का एक विधान सभा क्षेत्र भारत में बहुत प्रसिद्ध है नाम हरोली है जहां का विधायक स्थानीय है उस विधान सभा क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय के साथ ट्रिपल आई आई टीसरकारी महाविद्यालय है तो उघोगा की भर मार है स्थानीय युवाओं के साथ प्रदेश व देश के लोगों को नौकरी मिली है।क्या अजगरा विधानसभा में ऐसा हो सकता है क्यों नहीं अजगरा विधानसभा में सरकारी महाविद्यालय खुला ।अगर स्थानीय विधायक होगा तो अपने लोगों के बारे में सोचेगा ?उघोग सरकारी और निजी क्षेत्र में लायेगा पर सोच बदलें जनता अपने पर विश्वास कर अपनों को विधायक बनाये।नहीं तो उधार के सिन।दूर से अजगरा कभी सुहागन का दर्जा नहीं पायेगा।वह बस उधार वाला ही कहा जायेगा। अब 2027नजदीक आ रहा है।चुनाव होगा ही अभी नया परिसीमन होगा नहीं तो अजगरा विधानसभा सुरक्षित विधान सभा सीट ही रहेगा या जनता चुनाव आयोग को एक मुहिम चला कर पत्र भेजे की इस विधानसभा को अब ओपेन सामान्य वर्ग के लिए किया जाये जिससे सामान्य वर्ग भी चुनाव लड सके।पर अब पुनः ,वाले वहीं पुतिन कब तक बाहरी लोगों का पैर धोयेगे आजगरा के मतदाता।क्या कोई अपना नहीं जो क्षेत्र की क्विज विधानसभा में उठा सकें क्षेत्र में उघोग लगे युवाओं कि पलायन रोका जाये नशे से मुक्ति इन युवाओं को मिल सके। इस बार अंगारा विधानसभा के लोग तय कर लें अपनी धरा पर अब बाहरी नहीं चाहे किसी भी दल का हो।

## राघव चड्ढा समेत 7 सांसदों की सदस्यता रद्द होगी?

● आप का बड़ा दावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** क्या राघव चड्ढा समेत उन सभी 7 सांसदों की सदस्यता रद्द होगी जिन्होंने आम आदमी पार्टी छोड़कर खुद को बीजेपी में विलय कर लिया है? कम से कम आम आदमी पार्टी ने तो यही दावा करते हुए राज्यसभा चेयरमैन से लिखित में अनुरोध किया है कि इन सभी सातों सदस्यों की सदस्यता रद्द की जाए। इसने कहा है कि संविधान के विशेषज्ञों का यही कहना है और संविधान की 10वीं अनुसूची में भी ऐसा ही लिखा है। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने इस मामले में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा, 'संविधान के कई जानकारों, देश के वरिष्ठ अधिवक्ता व संविधान के विशेषज्ञ कपिल सिब्बल और पीडीटी आचार्य ने साफ़ कर दिया है कि आप को तोड़कर बीजेपी में विलय करने का फ़ैसला लेने वाले सात लोगों की सदस्यता ख़त्म होगी। ये बहुत साफ़ तौर पर है।' संजय सिंह ने कहा कि कपिल सिब्बल जैसे संविधान के जानकारों की राय लेकर राज्यसभा के सभापति और देश के उपराष्ट्रपति को एक याचिका भेजी है जिसमें संविधान की 10वीं अनुसूची के मुताबिक इन सातों सदस्यों की सदस्यता रद्द की जाए, इसके बारे में अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सभापति महोदय से मांग की है कि इसकी जल्द से जल्द सुनवाई करके अपनी ओर से न्यायपूर्ण फैसला दें। संविधान की 10वीं अनुसूची में भी साफ़ तौर पर लिखा गया है कि इस तरह की किसी भी तोड़फोड़ की इजाजत भारत का संविधान नहीं देता है। आप के पूर्व राज?यसभा उपनेता राघव चड्ढा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ऐलान किया कि पार्टी के 10 में से 7 राज?यसभा सांसद पार्टी छोड़ रहे हैं और बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि यह संख्या दो-तिहाई से ज्यादा है, इसलिए वे एंटी-डिफेक्शन कानून यानी दलबदल विरोधी कानून से बच सकते हैं। बागी सांसदों में राघव चड्ढा के अलावा अशोक मित्तल, संदीप पाठक, राजिंदर गुप्ता, विक्रमजीत सिंह साहनी, हरभजन सिंह और स्वाति मालीवाल हैं। इनमें से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक शुक्रवार को ही बीजेपी में शामिल हो गए। स्वाति मालीवाल ने शनिवार को बीजेपी जॉइन करने की पुष्टि की। आप के इन सात सांसदों की बगावत के बाद अब आप के पास राज्यसभा में सिर्फ 3 सांसद बचे हैं- संजय सिंह, एनडी गुप्ता और बलवीर सिंह सीचेवाल। इन सात सांसदों की बगावत पर आप के वरिष्ठ नेता और राज?यसभा सांसद संजय सिंह ने पहले ही कहा था, 'यह गैरकानूनी, गलत, असंवैधानिक और संसदीय नियमों के खिलाफ है। हम इनकी पूरी सदस्यता समाप्त करने की मांग करेंगे।'संजय सिंह ने कहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का समय मांग रहे हैं और वे पंजाब से चुने गए 6 बागी सांसदों को वापस बुलाने की मांग करेंगे। हालांकि, संविधान में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। वरिष्ठ वकील और संविधान के विशेषज्ञ कपिल सिब्बल ने एचटी से कहा कि पार्टी खुद पहले मर्जर का फैसला नहीं ले ले तब तक कोई भी खुद से मर्जर नहीं कर सकता। पार्टी स्तर पर रेजॉल्यूशन पास करना ज़रूरी है। पूर्व लोकसभा महासचिव पीडीटी आचार्य ने एचटी से कहा कि ये 7 सांसद अयोग्यता से बच नहीं सकते। हालाँकि, सांसदों को वापस बुलाने यानी हटाने के अधिकार पर पूर्व पंजाब एडवोकेट जनरल अशोक अग्रवाल ने साफ़ किया कि 'राइट टू रिकॉल' यानी वोटर द्वारा सांसद को बीच में हटाने का अधिकार संविधान में कहीं नहीं है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात जो लिखेगा, वही टिकेगा www.swatantraprabhat.com
ब्रेकिंग न्यूज़

## पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण से पहले चुनाव आयोग सख्त

● भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी चुनावों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी चुनावों के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए हैं। सूत्रों के अनुसार, आयोग ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त (सीपी), सभी उपायुक्त (डीसीपी), जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सहित थाना स्तर तक के अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोग ने निर्देश दिया है कि यदि किसी भी अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में किसी व्यक्ति के पास विस्फोटक सामग्री पाई जाती है या डराने-धमकाने की कोई रणनीति अपनाई जाती है, तो संबंधित थाना प्रभारी को इसके लिए सीधे जिम्मेदार माना जाएगा। आयोग ने चेतावनी दी है कि ऐसी स्थिति में संबंधित अधिकारी को अभूतपूर्व परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, आयोग ने सभी पुलिस अधिकारियों को अगले 24 घंटों के भीतर अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक तलाशी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान किसी भी प्रकार की अवैध या संदिग्ध सामग्री, विशेषकर विस्फोटक पदार्थों को तत्काल जब्त करने को कहा गया है। साथ ही संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के भी निर्देश दिए गए हैं। चुनाव आयोग का यह कदम चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। आयोग का मानना है कि किसी भी प्रकार की हिंसा या धमकी




लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है, इसलिए इसे हर हाल में रोका जाना जरूरी है। पुलिस प्रशासन से यह भी कहा गया है कि वे स्थानीय खुफिया तंत्र को सक्रिय रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत उच्च अधिकारियों तक पहुंचाएं। इसके अलावा, आम जनता से भी अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। चुनाव आयोग के इस सख्त रुख से स्पष्ट है कि वह चुनावों के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या हिंसा को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता और इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। 29 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए मतदान होगा।

## दुकान में भीषण आग,लाखों का सामान जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी रविवार देर शाम नैनी बाजार स्थित तिवारी बक्सा वाले की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और दो दमकल गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।घटना की जानकारी मिलते ही नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने में जुट गए। आग बुझाने में काफी समय लगा, लेकिन अंततः दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग को नियंत्रित कर लिया गया।इस हादसे में दुकान का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। हालांकि, समय रहते आग पर काबू पा लेने से आसपास की दुकानों को बड़ी क्षति से बचा लिया गया।मौके पर क्षेत्र के पार्षद राकेश जायसवाल, पूर्व पार्षद विनय जायसवाल 'बाबा', पार्षद मयंक यादव, व्यापारी लाल जी जायसवाल, पूर्व पार्षद प्रत्याशी प्रेम मिश्रा सहित सिविल डिफेंस के मुकेश जायसवाल,सोनू मिश्रा,दीपक पंडा, और धर्मराज पटेल समेत कई स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य में सक्रिय सहयोग किया।स्थानीय लोगों और प्रशासन की तत्परता से स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे व्यापारी ने राहत की सांस ली।

## दुर्घटना में युवक की मौत, अज्ञात ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मार्ग दुर्घटना में घायल ईरिक्शा चालक की मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के रघवापुर निवासी सुशील कुमार पाण्डेय ने पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस अप्रैल की शाम करीब छह बजे उसका भतीजा पच्चीस वर्षीय सौरभ पाण्डेय पुत्र अनिल कुमार अपने ईरिक्शा से बाबूगंज से सवारी लेकर सगरासुन्दरपुर जा रहा था। पीड़ित का आरोप है कि डिहवा के पास सामने से आ रहे अज्ञात टैऊक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये ईरिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे घायल सौरभ पाण्डेय की मौत हो गयी। वहीं ईरिक्शा में बैठा प्रेम वर्मा पुत्र मिट्ठू लाल वर्मा निवासी शिवबक्स का पुरवा लालगंज घायल हो गया है। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात टैऊक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान,उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं




**नैनी, प्रयागराज।** कमला स्मारक इंटर कॉलेज में सोमवार को यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल विश्वकर्मा एवं प्रधानाचार्य अलका विश्वकर्मा ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। हाईस्कूल परीक्षा में खुशी गुप्ता ने 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा अभिनव शुक्ला (93.5%), शुभम कुमार (93.33%), कविता भारतीय (92.83%), आदर्श यादव (92.66%), सुधा साहू (91.33%), मयंक केसरवानी (90.83%), सत्यम यादव (90.66%), कशिश यादव (90.33%) एवं खुशी यादव (90.16%) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में आर्यन सिंह ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रमुख विद्यार्थियों में आशीष कुमार (85.6%), एस. पांडे (84.6%), सूरत पटेल (84%), हर्ष विश्वकर्मा (83.4%), शशि देव (83.2%), दीपक पटेल (82.8%), अमित यादव (82.6%), अंजनेय द्विवेदी (82.6%), अर्पित तिवारी (82.6%), आशीष पटेल (82.2%) एवं मोहम्मद रेहान (82%) शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया।

# संक्षिप्त खबरें

## सड़क हादसे में एक की मौत ,तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेजा**



**महराजगंज ब्यूरो–** महराजगंज जिले के भिटौली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक से सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना भिटौली पेट्रोल पंप के पास हुई . जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने देखते हो देखते युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अगया मनियरा बारी निवासी धर्मवीर प्रसाद (लगभग 35 वर्ष) पुत्र छेदी प्रसाद के रूप में हुई है। धर्मवीर अपने पीछे पत्नी प्रमिला (30 वर्ष) और 14 वर्षीय पुत्र कुंदन को छोड़ गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। चीख पुकार से सभी गमगीन हो गए। सूचना मिलने पर भिटौली चौकी इंचार्ज यदुवीर यादव और थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में शामिल ट्रक को भी जब्त कर थाने भेज दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक तेज गति में था, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और यह हादसा हो गया। घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोग सड़क हादसों की बढ़ती संख्या को लेकर प्रशासन से उचित कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री करेंगे गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण

**डीसीपी यातायात ने किया डायवर्सन का निरीक्षण**



**कानपुर।** प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा जनपद हरदोई के मल्लांवा में नवनिर्मित गंगा एक्सप्रेस- वे के प्रस्तावित लोकार्पण कार्यक्रम के दृष्टिगत जनपद कानपुर नगर के बिल्हौर एवं अरौल क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी यातायात द्वारा डायवर्सन एवं होल्डिंग एरिया का गहनता से अवलोकन करते हुए यातायात प्रबंधन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए गए । उन्होंने कार्यक्रम के दौरान संभावित यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्गों के प्रभावी संचालन, बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड एवं पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे तथा उन्हें अपने-अपने क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित एवं सुचारु बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, आपातकालीन सेवाओं के निर्बाध संचालन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए।

## सपा की बैठक में सरकार पर तीखा हमला

**30 अप्रैल को प्रदर्शन का एलान**

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी ने जनपद में बढ़ते अपराध और कथित उत्पीड़न के मुद्दे पर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को बांस देवरिया स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में नेताओं ने आरोप लगाया कि सपा कार्यकर्ताओं को फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है, जबकि वास्तविक घटनाओं पर कार्रवाई नहीं हो रही है। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है और आमजन महंगाई व भ्रष्टाचार से परेशान है। आरोप लगाया कि सत्ता संरक्षण में अपराधी बेलगाम हैं और पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई करने में विफल साबित हो रही है। बैठक में बरहज विधानसभा के लक्ष्मीपुर व दुबौली गांव के प्रधानों को कथित रूप से गलत मुकदमों में फंसाने के विरोध में आंदोलन की रणनीति बनाई गई। पार्टी ने 30 अप्रैल को बरहज में जोरदार प्रदर्शन करने का एलान किया है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो पार्टी सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष तेज करेगी। बैठक में पूर्व सांसद, पूर्व विधायक समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जन बच्चों ने कभी रोशनी नहीं देखी उनके जीवन मे अब उजाले की गुंजाइश

**● अंध विद्यालय में 105 बच्चों की जांच, 13 सर्जरी योग्य चिन्हित सीएसआर के तहत होगा निःशुल्क ईलाज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** जिन बच्चों ने कभी रोशनी नहीं देखी, उनके जीवन में अब उजाले की गुंजाइश बनी है। कानपुर अंध विद्यालय में लगे नेत्र शिविर में 105 दृष्टिबाधित बच्चों की जांच के दौरान 13 ऐसे बच्चे चिन्हित हुए, जिनकी आंखों की रोशनी सर्जरी से वापस लाई जा सकती है। इनमें कक्षा एक के हर्ष, कक्षा दो के शिव शंकर और कक्षा चार के नैतिक व केशव दुबे जैसे बच्चे शामिल हैं। जिला प्रशासन के तत्वावधान में रोटरी क्लब ऑफ कानपुर सूर्या और जेसीआई के सहयोग से आयोजित इस नेत्र परीक्षण शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने प्रत्येक बच्चे की आंखों का गहन परीक्षण किया। जन्मजात नेत्रहीनता के कारण अब तक दुनिया को न देख पाने वाले इन बच्चों के लिए यह निष्कर्ष एक महत्वपूर्ण संभावना के रूप में सामने आया है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जैन, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विनय उत्तम और वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. शालिनी मोहन भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। दिव्यांग बच्चों ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी मोहन ने किया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल परीक्षण करना नहीं, बल्कि ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराना है, जिनकी दृष्टि वापस लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से यह एक अभिनव प्रयास किया जा रहा है, जिसे सफल होने पर व्यापक स्तर पर लागू किया जा सकता है। प्रशासन इस दिशा में हर संभव सहयोग सुनिश्चित करेगा।

## थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के अभियोग से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मु0 अ0 सं0-141/ 2026 धारा-64/ 352/ 351(3)/ 333 भा0 न्या0 सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अंगद सरोज पुत्र रामलाल सरोज निवासी कटेहरा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ को थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-26.04.2026 को राज्य मध्य प्रदेश के भिण्ड स्थित रबड़ फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त द्वारा पीड़िता के घर में घुसकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया गया तथा विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गयी, जिसके सम्बंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-141/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

## विद्युत भंडार केंद्र में भीषण आग

**● लाखों के उपकरण जलकर राख**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र स्थित विद्युत भंडार केंद्र (स्टोर) में सोमवार दोपहर अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की इस घटना में बड़ी मात्रा में विद्युत उपकरण जलकर नष्ट हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नैनी में टीएसएल कंपनी गेट के समीप स्थित विद्युत भंडार केंद्र में सोमवार लगभग 2:30 बजे अचानक धुआं उठता दिखाई दिया। धुआं देखते ही वहां मौजूद मजदूरों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जब तक वे स्थिति को संभालने का प्रयास करते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेजी से पूरे स्टोर में फैल गई।स्थानीय कर्मचारियों ने प्रारंभिक स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने घंटों की कड़ी मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।इस घटना में स्टोर में रखे कई महत्वपूर्ण विद्युत उपकरण जलकर खाक हो गए। बताया जा रहा है कि महाकुंभ से वापसी के बाद स्टोर में रखे गए गार्ड वायर के टुकड़े भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो गए। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। संबंधित विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी होती रहीं, जिससे यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## उपायुक्त ने किया अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः–** उपायुक्त हेमंत सती ने सोमवार को सदर प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचायतों की संख्या, हल्का की संख्या एवं कार्यरत कर्मचारियों की संख्या, पंजी एवं विभिन्न अभिलेखों की जांच की। इस क्रम में उपायुक्त ने उपस्थित कर्मियों से संवाद कर उनके कार्यों एवं दायित्वों की जानकारी भी ली। उपायुक्त ने सदर अंचल अधिकारी से प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में प्राप्त होने वाले प्रमुख मामलों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को संबंधित कर्मचारी अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहें, ताकि जन समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने म्यूटेशन से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की तथा इनके शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने अंचल निरीक्षक कक्ष का भी निरीक्षण किया एवं अभिलेखों के समुचित संधारण पर बल दिया। उपायुक्त ने कार्यालय परिसर का अवलोकन करते हुए विभिन्न कक्षों में अनावश्यक कागजों के भंडारण को हटाने एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित प्रबंधन का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड कार्यालय में पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, पेवर ब्लॉक निर्माण, वृक्षारोपण एवं आमजन के लिए शेड निर्माण कराने के निर्देश दिए, ताकि कार्यालय परिसर स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बन सके। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी चौकीदारों को निर्धारित वर्दी (पूर्ण ड्रेस) में ड्यूटी करने का निर्देश दिया।

## ऋषिराज की बासंती छटा में निखर रही है प्राकृतिक सौन्दर्य

**धूप छांव की आंख-मिचौली में लोगों को मिलता दिखा कुछ सुकून**



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः–** 26 अप्रैल को पाकुड़िया के आसमान पर हल्के बादल छाए रहने और मंद-मंद हवा चलने से लोगों को कुछ सुकून मिलता दिखा। बताया जाता है पिछले कई दिनों से तीखी धूप व गर्मी से लोग परेशान देखे गये। वहीं दूसरी ओर ऋतुराज बसंत में इठलाती वृक्षों की डालियों पर हरि-हरि कोमल पत्तियों से धरा की मनोहारी छटा लोगों को लुभाती दिख रही है। हालांकि 27 को धूप की प्रखरता में कमी रही। समाचार संप्रेषण करने तक पाकुड़िया के नभ मंडल पर हल्के सफेद बादल छाए रहे और धूप में नरमी रहने व हल्की हवा बहने से लोगों ने राहत की सांस ली।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**● बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर**

**नर्सरी से यूकेजी तक के अभिभावकों की सहभागिता, नई शिक्षा पद्धति व शिशु वाटिका योजना की दी गई जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः–** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में अरुण से प्रभात कक्षा (नर्सरी से यूकेजी) तक के बच्चों के अभिभावकों के लिए अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे, प्रभारी राजू कुमार एवं अभिभावक अरुण कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव नागेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राखी पांडे ने परिचय सत्र प्रस्तुत किया। इसके बाद प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे ने गोष्ठी की प्रस्तावना रखते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आचार्य-अभिभावक संवाद को मजबूत करना, बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना, क्रियात्मक एवं खेल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना तथा भारतीय संस्कृति एवं परिवार की भागीदारी को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि इससे बच्चे सहज और सकारात्मक वातावरण में बेहतर ढंग से शिक्षा ग्रहण करते हैं। गोष्ठी के दौरान अभिभावकों को विभिन्न गतिविधियों जैसे ठप्पा कार्य, मोती पिरोना, खेल-कूद एवं अपने बच्चों की पहचान जैसे प्रयोगों के माध्यम से नई शिक्षा पद्धति की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि विद्यालय में पठन-पाठन इसी पद्धति के अनुसार हो रहा है और अभिभावक घर पर भी इसी प्रकार बच्चों का मार्गदर्शन करें। शिशु वाटिका योजना एवं सुवर्णप्राशन के विषय पर विद्यालय की आचार्या रश्मि ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिशु वाटिका की 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं के बारे में बताते हुए कहा कि इन व्यवस्थाओं के माध्यम से बच्चों का समग्र विकास होता है। साथ ही उन्होंने भारतीय परंपरा से जुड़े सुवर्णप्राशन के महत्व को बताते हुए कहा कि यह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए लाभकारी है और विद्या भारती के विद्यालयों में इसे लागू किया जा रहा है। अभिभावकों को बच्चों की शुद्ध भाषा के विकास के लिए भी प्रेरित किया गया और उन्हें घर पर अभ्यास कराने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में सचिव नागेंद्र कुमार ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय हर प्रकार की असुविधा को दूर करने के लिए तत्पर है। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की आचार्या प्रियंका कुमारी ने किया, जबकि शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

**● कुल 18 पदक अपने नाम किए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः–** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, रांची में 25 से 26 अप्रैल 2026 तक आयोजित झारखंड राज्य सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराटे चैंपियनशिप 2026 में हजारीबाग की द कोबरा कराटे अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक अपने नाम किए।नअकादमी ने 7 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य पदक जीतकर पूरे राज्य में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। स्वर्ण पदक विजेता में प्रांजल कुमार (कुमिते स्पर्धा), सुबी कुमारी (काता स्पर्धा), कुमार उज्ज्वल (काता स्पर्धा), कार्तिक राज गुप्ता (कुमिते स्पर्धा), विहान कश्यप (काता स्पर्धा), आरव रॉय (कुमिते स्पर्धा), रूबी मुंडा (कुमिते स्पर्धा) रहें। रजत पदक विजेता रिया राज (कुमिते स्पर्धा), सूर्य प्रताप यादव (कुमिते स्पर्धा), स्वस्तिका गुप्ता (कुमिते स्पर्धा), प्रांजल कुमार (काता स्पर्धा), सुबी कुमारी (कुमिते स्पर्धा) रहें। कांस्य पदक विजेता कुमारी हर्षिता यादव, (कुमिते स्पर्धा), वात्सल्य दास (कुमिते स्पर्धा), राघव देव मुंडा (कुमिते स्पर्धा), सान्वी (कुमिते स्पर्धा) रहें। अकादमी के संस्थापक एवं हेड कोच सेम्पाई चंद्र प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि सभी स्वर्ण पदक विजेताओं के साथ कैडेट मेल टीम काता के खिलाड़ी प्रांजल कुमार, अभिजीत कुमार और कुमार उज्ज्वल का चयन आगामी सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप 2026 के लिए हुआ है। यह चैंपियनशिप 4 जून 2026 से देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित की जाएगी। सेम्पाई उपाध्याय ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और अपने गुरु सेंसेई शशि पांडेय के मार्गदर्शन को दिया। साथ ही उन्होंने कोच संजय कुमार, मनीष राज, प्रियंका कुमारी और टीम मैनेजर प्रमोद यादव के सतत प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की। इस जीत पर अकादमी के संरक्षक डॉ. रबींद्र कुमार मिश्रा और डॉ. हर्षवर्धन कुमार सहित अन्य सदस्यों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और राष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतने की कामना की।

## संतों और गौ सेवकों ने उप जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**● राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भेजा गया ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज ब्यूरो।** निचलौल तहसील में उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ गुप्ता को गौ सेवकों ने ज्ञापन दिया गया । गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए केंद्रीय कानून बनाने की मांग को लेकर निचलौल तहसील में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत एक प्रार्थना पत्र सौंपा गया। संतों और गौ सेवकों ने यह ज्ञापन उप जिलाधिकारी को दिया, जिसे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भेजा जाना है। यह अभियान वृंदावन के संतों के आह्वान पर देशभर के 700 जिलों की 5 हजार से अधिक तहसीलों में चलाया जा रहा है। निचलौल तहसील क्षेत्र में दामोदरी पोखरा के पास बड़ी संख्या में गौ सेवक, संत समाज और आमजन एकत्रित हुए। यहां से संत श्री बालक दास और संत श्री ब्रह्मानंद गिरी के नेतृत्व में भजन-कीर्तन करते हुए एक शांतिपूर्ण संकीर्तन रैली निकाली गई, जो तहसील परिसर पहुंची। अभियान के जिला प्रभारी योगेश जायसवाल ने बताया कि इस पहल के तहत एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। निचलौल तहसील से कुल 4664 हस्ताक्षर जुटाए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महाराजगंज जनपद की चारों तहसीलों में इसी प्रकार के प्रार्थना पत्र सौंपे जा रहे हैं। अभियान की मुख्य मांगों में देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा, गौशाला मंत्रालय की स्थापना और गौवंश के लिए पर्याप्त चारा व्यवस्था शामिल हैं। इस कार्यक्रम में अमित पुरी, मिथिलेश पांडे, आशुतोष भालोटिया, बिपिन जायसवाल, रविराज जायसवाल, अतुल जायसवाल, कृष्ण मुरारी सिंह, अंकित लाठ, सूरज रावत, अनुप मद्धेशिया, मोहित अग्रवाल, कन्हैया शर्मा, मयंक जायसवाल, ओमप्रकाश, रंजीत, राम कृष्ण मिश्र सहित बड़ी संख्या में गौ सेवक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा पशु क्रुरता के अभियोग से सम्बन्धित 01 अभियुक्त गिरफ्तार




**ब्यूरो प्रयागराज–** थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-27.04.2026 को अभियुक्त मो0 असद पुत्र स्व0 मंगरू निवासी ग्राम मुबारकपुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत बाबा का पूरा उल्दा महेशगंज स्थित बाग के पास से 01 पिकअप वाहन पर लादे जा रहे 04 राशि गोवंश (सांड) के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-143/2026 धारा-3/5/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## नारायणपुर में जनगणना को लेकर प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः–** सोमवार से नारायणपुर प्रखंड सभागार में भारत की जनगणना को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। बीडीओ देवराज गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। बीडीओ ने कहा 2021 में ही जनगणना होना था, परंतु कोरोना के किरण जनगणना में डिले हुआ है। जनगणना में पर्यवेक्षक व प्रगणकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण लेकर बढ़िया से कार्य करें। प्रशिक्षक रोशन कुमार, सुधिर सोरेन, राणाजीत घोष और अनिल कुमार ने बताया कि इस बार जनगणना डिजिटल होना है। पेपर वर्क ना के बराबर होना है। जनगणना से 15 दिन पहले अपने से सबकुछ भरेंगे। इससे जनगणना काम आसान हो जाएगा। आपको गलत सही देखना है। गलत है तो डिटेल फिर से भरना है। परिवार के सदस्य भी भर सकते हैं। कार्य दो पेज में होना है। मकान गणना फिर व्यक्ति की गणना होगी। कार्य ऐप से होगी। लोगों द्वारा लिखे को जांच कर ओके करें।इस अवसर पर प्रेसेनजीत कुमार, योगेश मंडल, पवन सिंह, रविकिशोर रवि, जयदेव पांडेय, सौरभ मालवीय, उमेश मिश्रा, चक्कू चंद्र दास, परेश मंडल, सुरेश कुमार, परमानन्द मरांडी, रामधन चौबे आदि उपस्थित थे।

## लातेहार में राजधानी एक्सप्रेस ठहराव से खुशी




**● लेकिन चंदवा में बढ़ी रेल फाटक समस्या पर जनता में आक्रोश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंडः–** लातेहार क्षेत्र के लिए एक ओर जहां बड़ी खुशखबरी सामने आई है, वहीं दूसरी ओर चंदवा के लोगों की परेशानियां और भी बढ़ती नजर आ रही हैं। सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह ने जानकारी दी है कि रांची से नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव अब लातेहार में होगा, जिसकी स्वीकृति रेल मंत्रालय से मिल चुकी है। इसके अलावा लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस का ठहराव चंदवा टोरी में करने की भी मंजूरी दी गई है। इस फैसले से लातेहार के लोगों को राजधानी दिल्ली तक सीधी और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। हालांकि, इस फैसले के साथ ही चंदवा क्षेत्र की जनता में नाराजगी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले से ही रेलवे फाटक लंबे समय तक बंद रहने की समस्या गंभीर बनी हुई है, और अब ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव से यह परेशानी और बढ़ेगी। एक ट्रेन के गुजरने पर लगभग 10 मिनट तक फाटक बंद रहता है, जबकि कोयला ढोने वाली मालगाड़ियों के कारण कई बार आधे घंटे से लेकर एक घंटे तक आवागमन ठप हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, इससे स्कूली बच्चों को रोज देर होने की समस्या झेलनी पड़ रही है। कई बार स्कूल गेट बंद हो जाते हैं। वहीं, गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी भारी दिक्कतें आती हैं, जिससे कभी-कभी स्थिति जानलेवा हो जाती है। लगातार बढ़ती दुर्घटनाएं और जाम की स्थिति से लोगों में आक्रोश है। ओवर ब्रिज बाबत संबाददता के द्वारा सांसद के निजी सहायक द्वारा कहा गया उम्मीद रखिए काम होगा।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय का आईआईबीएफ से करार

**● बैंकिंग करियर को मिलेगा नया आयाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः–** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग ने बैंकिंग और वित्तीय शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (आईआईबीएफ), मुंबई केए साथ एमओयू किया है। यह समझौता भोपाल के मिंटो हॉल में आयोजित 5वें समर्थ भारत कॉन्क्लेव 2026 के दौरान हुआ। इस साझेदारी का उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को बैंकिंग और वित्त क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। एमओयू के तहत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं से जुड़े विशेष डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों का लाभ मिलेगा। इनमें डिजिटल बैंकिंग, धन शोधन निरोधक (एएमएल), केवाईसी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई), साइबर अपराध एवं धोखाधड़ी प्रबंधन, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) तथा लघु वित्त बैंकिंग जैसे समकालीन विषय शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों की विशेषता यह है कि ये आईआईबीएफ के प्रतिष्ठित जेएआईआईबी समकक्ष बैंकिंग एवं वित्त डिप्लोमा से जुड़े होंगे, जिससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की व्यावसायिक योग्यता प्राप्त होगी। इस मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि यह समझौता युवाओं के भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास भी उतना ही जरूरी है। यह साझेदारी विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में व्यावसायिक दक्षता और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करेगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा रोजगारोन्मुख शिक्षा को प्राथमिकता देता रहा है। इस समझौते से विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र की व्यावहारिक समझ मिलेगी और वे पेशेवर दुनिया की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकेंगे। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस, मुंबई के सीईओ दीपक कुमार लल्ला ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य बैंकिंग और वित्तीय संस्थानों के लिए कुशल और प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना है। यह साझेदारी युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण देकर बैंकिंग क्षेत्र में सफल करियर बनाने का अवसर देगी। बताते चलें कि इस समझौते से विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के प्रमाणपत्र, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी, रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि तथा वित्तीय संस्थानों में प्रशिक्षण और नियुक्ति के अवसर प्राप्त होंगे। इससे ग्रामीण और शहरी पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को समान अवसर मिलेंगे तथा बैंकिंग क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गौरव शुक्ला, समकुलपति डॉ एसआर रथ व प्राध्यापक प्राध्यापिकाओं ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे विद्यार्थियों के भविष्य के लिए मील का पत्थर बताया और कहा कि यह समझौता शिक्षा और उद्योग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगा और विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान के साथ रोजगारोन्मुख कौशल प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कौशल प्रशिक्षण केंद्र' का विधायक प्रभात वर्मा ने किया उद्घाटन



**मनकापुर गोण्डा:** विधानसभा क्षेत्र गौरा के अंतर्गत राम नारायन शिक्षण एवं सेवा संस्थान, वीरपुर (भरपुरवा) में आयोजित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत 'कौशल प्रशिक्षण केंद्र' का उद्घाटन विधायक प्रभात कुमार वर्मा द्वारा बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विधायक जी ने कहा कि कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त होता है। यह प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र के युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में राम नारायन, संचालक कीर्तिवर्धन सिंह, प्रधानाचार्य श्रीमती पूजा सिंह, मैनेजर शुभम मिश्रा, प्रेम नाथ सिंह, परमानंद गामा, विनय सिंह सहित क्षेत्र के सम्मानित प्रधानगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ओबरा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कोई जनहानि नहीं

**स्थानीय लोगों ने स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड, बिजली विभाग के कर्मचारियों की भूरि भूरि प्रसंशा की और धन्यवाद दिया।**

**ओबरा /सोनभद्र-** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की रात लगभग 12:00 बजे गैस गोदाम रोड के पास खाली पड़ी जमीन के अंदर से बिजली के कई तार घरों में गए थे जहाँ पोल दूर होने के कारण आसपास के कुछ घरों में बिजली के तार पोल से होकर जमीन से होते हुए उनके घरों तक गए थे । बताते कि जहां पर कुछ दिन पूर्व एक व्यक्ति के द्वारा भूसा रखवाया गया था जिसके नीचे केबलों के दब जाने के कारण के केबलो में खिंचाव उत्पन्न हो गया था जो रात्रि लगभग 12:00 बजे अचानक उन तारों में तेज स्पार्किंग के साथ शॉर्ट सर्किट होने लगा । जिससे आसपास रहने वाले लोगों में भय उत्पन्न हो गया और देखते ही देखते हैं शॉर्ट सर्किट से आग के रूप में विकराल रूप धारण कर लिया । तत्पश्चात स्थानीय लोगों के द्वारा स्थानीय पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अपने टीम के साथ मौके पर उपस्थित होकर के आग को बुझाने का काम जोर शोर से शुरू किया उसके कुछ ही देर बाद फायर ब्रिगेड (उत्पादन निगम) की गाड़ी आ गई। वहीं बिजली विभाग के कर्मचारियों व फायर ब्रिगेड एवं स्थानीय पुलिस के कड़ी मेहनत से आग पर नियंत्रण पाया गया तब जाकर स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली। अगलगी से कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं हुई और न कोई भी जान माल का नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों ने स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड, बिजली विभाग के कर्मचारियों की भूरि भूरि प्रसंशा की और धन्यवाद दिया।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर बोले ए.के. शर्मा, महिलाओं के अधिकारों पर राजनीति नहीं




**भदोही।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने भदोही प्रवास के दौरान औराई ब्लॉक सभागार में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में आयोजित जनआक्रोश मार्च में भी भागीदारी की। मंत्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियानों से समाज में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर कहा कि इसे पारित कराने के लिए प्रयास किए गए, लेकिन विपक्ष के असहयोग के कारण यह संभव नहीं हो सका। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में यह विधेयक अवश्य पारित होगा। उन्होंने विपक्ष के रुख की आलोचना करते हुए कहा कि महिला अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राजनीति करना स्वीकार्य नहीं है। सरकार महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसद विनोद बिंद, विधायक दीनानाथ भास्कर, विधायक विपुल दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रियंका जायसवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पूनम मौर्या, कार्यकारिणी सदस्य रेनू पांडे सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

# सिद्धार्थनगर में नवविवाहिता की जलकर मौत, केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के ढेबरुआ थाना क्षेत्र के ग्राम संसरी के टोला करूआ में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को जलकर मौत हो गई। इस घटना के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर की हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। राजेंद्र यादव के पुत्र राजेश यादव की पत्नी मंजू उर्फ लाली की उनके दूसरे मकान के एक कमरे में संदिग्ध हालात में जलकर मौत हुई।

घटना के बाद ससुराल पक्ष ने पहले मायके वालों को सूचना दी। उन्होंने जले हुए शव को कपड़े से ढककर कमरे को बाहर से बंद कर दिया और मायके वालों के आने का इंतजार करते रहे थे। करीब दो घंटे बाद पुलिस को सूचना मिली। ढेबरुआ पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खोलकर स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी, थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद और फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

मृतका की सास शुभावती ने घटना के संबंध में पुलिस को बताया कि सुबह मंजू उर्फ लाली मंजन करने के लिए एक मकान से दूसरे मकान में गई थी, तभी कमरे में आग लग गई। उन्होंने बताया कि उस समय मंजू के पति राजेश ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मिट्टी गिराने गए थे, देवर मोहित भैंस चराने और ससुर राजेंद्र दूध बेचने गए हुए थे। मृतका की मां कपूरा देवी, जो ग्राम दुबौलिया थाना चिल्हिया की निवासी हैं। उन्होंने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की शादी 18 अप्रैल 2024 को राजेश यादव से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष- ससुर राजेंद्र, पति राजेश, देवर मोहित और मोहित की पत्नी सरोज उसे प्रताड़ित करते थे।

कपूरा देवी का आरोप है कि इन्हीं लोगों ने मिलकर उनकी बेटी को जलाकर मार डाला। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मृतका के पति राजेश के अपनी भाभी सरोज से अवैध संबंध थे, जिसको लेकर भी अक्सर विवाद होता रहता था। मायके पक्ष के अनुसार, मृतका और उसके पति के बीच पहले भी कई बार



मृतका फाइल फोटो

विवाद हो चुका था और दो बार मामला पुलिस तक पहुंचा था, लेकिन समझौता कराकर वापस भेज दिया गया था।

घटना की सूचना मिलते ही मृतका की मां, बहन और अन्य परिजन गांव पहुंचे, जहां उनके करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। मां बार-बार बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए बेहोश हो रही थी। पूरे गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दी गई है । शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर महिलाओं और विभागीय कर्मियों में हुई झड़प

**● महिलाओं ने एक घर में दो कर्मचारियों को बनाया बंधक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** कस्बे के तिलक नगर स्थित पुष्पा गार्डन के पास सोमवार दोपहर उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब बिजली विभाग के कर्मचारी चुपचाप घरों में मीटर लगाने पहुंच गए। नाराज मोहल्ले की महिलाओं ने विरोध जताते हुए दो कर्मचारियों को एक मकान में बंधक बना लिया।

सूचना मिलने पर विजिलेंस टीम और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन स्थिति शांत होने के बजाय मामला और बिगड़ गया। महिलाओं और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। आरोप है कि इस दौरान विजिलेंस टीम ने महिलाओं के परिजनों को पकड़ने की कोशिश की, जिससे आक्रोश बढ़ गया और मौके पर हंगामा शुरू हो गया। महिलाओं का कहना है कि पिछले दिनों बिना किसी पूर्व सूचना के उनके घरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा दिए गए। कई घरों में ताले लगे होने के बावजूद मीटर स्थापित कर दिए गए जिससे



लोगों में नाराजगी है। उनका आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के कुछ ही दिनों बाद कई घरों की बिजली आपूर्ति बंद हो गई और अब वे रिचार्ज भी नहीं करा पा रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि इस समस्या की शिकायत स्थानीय अधिकारियों से भी की गई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उनका कहना है कि वे पिछले करीब एक माह से बिना बिजली के जीवन यापन करने को मजबूर हैं। दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार चलाने वाले लोगों के सामने अब स्मार्ट मीटर का खर्च उठाना भी बड़ी समस्या बन गया है। घटना के दौरान महिलाओं ने विजीलेंस टीम पर अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप लगाया है। वहीं, स्थिति बिगड़ती देख कुछ कर्मचारी और अधिकारी मौके से खिसकते नजर आए।

### मारपीट कर घर में आग लगाने की कोशिश करने का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के अटा गांव में रविवार शाम दबंगई, मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। गांव के एक व्यक्ति ने कुछ युवकों पर गाली-गलौज, मारपीट करने के साथ ही घर में आग लगाने की कोशिश का भी आरोप लगाया है। घटना में बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गंगाप्रसाद पुत्र भगोले रविवार शाम करीब 6 बजे अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी गांव के ही कुछ युवक वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर उसका पुत्र राहुल मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा। आरोप है कि हमलावरों ने उस पर भी डंडों से हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन दोनों घायलों को लेकर कोतवाली कोंच पहुंचे, जहां से पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों तरफ से एनसीआर में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नन्हे चैंपियन ने नेपाल में लहराया तिरंगा, सहजनवा का बेटा बना देश का गौरव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर:** नेपाल की धरती पर आयोजित 5वीं एमजीके इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में भारत के एक नन्हे खिलाड़ी ने ऐसा दमदार प्रदर्शन किया कि हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। लुंबिनी प्रांत के रुपन्देही जिले के तिलोत्तमा नगर पालिका में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत, नेपाल समेत कई देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, लेकिन सबकी नजरें जिस खिलाड़ी पर टिक गई, वह थे गोरखपुर के सहजनवा के होनहार विश्वेश प्रताप शाही।

कम उम्र में बड़े हौसले के साथ मैट पर उतरे विश्वेश ने अपने खेल में गजब की तकनीक, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया। हर मुकाबले में उन्होंने विरोधियों को कड़ी टक्कर देते हुए शानदार प्रदर्शन किया और आखिरकार दूसरा स्थान हासिल कर विजेता मंच पर जगह बनाई। यह उपलब्धि सिर्फ उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र और देश के लिए गर्व का विषय बन गई।

प्रतियोगिता का आयोजन नेपाल कराटे फेडरेशन और मिनिस्ट्री ऑफ यूथ एंड स्पोर्ट्स, नेपाल के तत्वावधान में हुआ, जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के बीच अपनी पहचान बनाना किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। विश्वेश की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती, बल्कि मेहनत और लगन से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। सबसे खास पल तब आया जब पुरस्कार वितरण समारोह में विश्वेश ने मंच पर तिरंगा लहराया। यह दृश्य वहां मौजूद हर व्यक्ति के लिए भावुक और गर्व से भर देने वाला था। उनके इस जज्बे ने देशभक्ति की भावना को और भी प्रबल कर दिया। विश्वेश प्रताप शाही, सहजनवा वार्ड नंबर 09 निवासी वरुण कुमार सिंह के पुत्र हैं। जैसे ही उनकी इस सफलता की खबर घर पहुंची, बधाई देने वालों का तांता




लग गया। क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला, पूर्व विधायक जी.एम. सिंह, सहजनवा चेयरमैन संजू सिंह, घघसरा चेयरमैन प्रभाकर दुबे समेत कई जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने उनके घर पहुंचकर इस नन्हे चैंपियन को शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि ने न सिर्फ सहजनवा, बल्कि पूरे गोरखपुर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर दिया है। अब सभी की नजरें इस उभरते सितारे के भविष्य पर टिकी हैं, जिससे और भी बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद की जा रही है।

# ग़ोला में : दिनदहाड़े ज्वेलर्स शॉप में लूट: नाबालिग बेटी की बहादुरी ने बचाई इज्जत, बदमाश फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोरखपुर।** गोला उपनगर में सोमवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब दिनदहाड़े एक ज्वेलर्स की दुकान में लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। हैरानी की बात यह रही कि दुकान संभाल रही नाबालिग बेटी ने न सिर्फ बदमाशों का सामना किया, बल्कि एक को पकड़कर गिरा भी दिया। हालांकि चोटिल होने के बावजूद उसकी हिम्मत के आगे बदमाश कुछ पल के लिए लड़खड़ा गए, लेकिन आखिरकार बाइक से फरार होने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 17 में डॉ. अनिल तिवारी के क्लिनिक के सामने स्थित देवांश स्वर्णकला केंद्र के संचालक राकेश वर्मा अपनी बड़ी बेटी की 29 अप्रैल को होने वाली सगाई के निमंत्रण कार्ड बांटने रिश्तेदारी गए थे। दुकान की जिम्मेदारी उनकी छोटी बेटी अमृता वर्मा संभाल रही थी।

दोपहर करीब 2:20 बजे दो युवक ग्राहक बनकर दुकान में दाखिल हुए और गहने दिखाने को कहा। जैसे ही अमृता ने गहने निकालकर दिखाए, एक बदमाश ने मौका पाकर लगभग 20 ग्राम के 4-5 जोड़ी कान के झाले झपट्टा मारकर उठा लिए और भागने लगा। घटना को समझते ही अमृता ने अद्भुत साहस का परिचय दिया। उसने जोर-जोर से शोर मचाया और बदमाशों के पीछे दौड़ पड़ी। उसने एक आरोपी को पकड़कर जमीन पर




गिरा भी दिया, लेकिन बदमाश झटका देकर छूट गया। इस दौरान अमृता के हाथ में चोट भी आई, फिर भी उसने हार नहीं मानी।

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि दूसरा साथी पहले से ही सरया सब्जी मंडी के पास, थाने के बगल में बाइक लेकर खड़ा था। दोनों आरोपी बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं अमृता की बहादुरी की जमकर सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है कि घटना के वक्त मौजूद लोग बदमाशों को पकड़ने के लिए आगे नहीं आए। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह घटना एक ओर जहां कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, वहीं दूसरी ओर एक नाबालिग बेटी की हिम्मत और साहस की मिसाल भी पेश करती है।

### सड़क पर कुत्ते को बचाने में गिरी बाइक, पिता सहित बेटा-बेटी घायल

**कोंच(जालौन)-** सोमवार की सुबह एक सड़क हादसे में बुजुर्ग समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बाइक के सामने अचानक से कुत्ता आ गया और बाइक चालक संतुलन खो बैठा जिसके चलते बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम झीलरा निवासी अशोक कुमार (60) अपने बेटे जसन प्रसाद (26) और बेटी रिया (17) को लेकर बाइक से झांसी जा रहे थे। दोनों बच्चों को होमगार्ड भर्ती परीक्षा में शामिल होना था। सुबह करीब 8 बजे घर से निकलने के बाद उक्त लोग उरई रोड स्थित ग्राम पड़री के पास पहुंचे तभी अचानक एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में अशोक कुमार बाइक पर नियंत्रण नहीं रख सका और बाइक सवार तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीरों ने मौके पर पहुंचकर घायलों की मदद की और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया जहां डॉक्टरों द्वारा उपचार किया गया। अशोक कुमार की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने आए दिन हो रहे सड़क हादसों को लेकर सड़क पर बढ़ते आवारा पशुओं के विचरण की समस्या पर नाराजगी जताई है और प्रशासन से इस दिशा में ठोस कार्यवाही की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# जनता की समस्याओं पर मिली लापरवाही तो क्षम्य नहीं- समय पर निस्तारण जिलाधिकारी

**● कार्यालय में सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से अधिकारी करें जनसुनवाई-जिलाधिकारी**

**● कलक्ट्रेट में फरियादियों की जिलाधिकारी ने संवेदनशीलता के साथ सुनीं एक-एक समस्या**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/**उत्तर प्रदेश- सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने राजस्व, विकास, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, आवास एवं अन्य जनहित से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखें तथा शिकायतकर्ता को प्रगति की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक अपने-अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जनसुनवाई करें और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय से पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसलिए सभी अधिकारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें, ताकि जनता को उनकी समस्याओं से शीघ्र निजात मिल सके और उन्हें योजनाओं का समयबद्ध लाभ प्राप्त हो सके।

### ज्ञानपुर रोड से पुणे तक अमृत भारत एक्सप्रेस से आम जनता को मिलेगी सीधी सुविधा




**भदोही।** जनपद के यात्रियों के लिए बड़ी राहत भरी खबर है। मोदी सरकार द्वारा नॉन एसी प्रीमियम अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत 28 अप्रैल से की जा रही है, जिससे आम जनता को झांसी, भोपाल और पुणे जैसे बड़े शहरों के लिए सस्ती और सीधी यात्रा सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को इस ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन स्पेशल ट्रेन (02531) बनारस से हडपसर (पुणे) के लिए शाम 4:45 बजे रवाना होगी और ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर शाम 5:40 बजे ठहराव करेगी। यह ट्रेन प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर (गोविंदपुरी), झांसी, भोपाल (रानी कमलापति) समेत कई प्रमुख स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन पुणे पहुंचेगी। ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें 8 स्लीपर और 11 सामान्य श्रेणी के कोच शामिल हैं, जिससे यह खास तौर पर आम यात्रियों के लिए किफायती विकल्प साबित होगी। इस नई सुविधा से भदोही और आसपास के लोगों को लंबी दूरी की यात्रा में काफी सहूलियत मिलने की उम्मीद है।

# अनपरा प्रो वॉलीबॉल लीग-8 का शानदार समापन

**● टीम सेटर्स को ब्लॉकर्स ने 3-1 से हराया, खिलाडियों में जबरजस्त उत्साह रहा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा /सोनभद्र-** अनपरा तापीय परियोजना के आवासीय परिसर स्थित ऑपरेटिंग क्लब में रविवार की देर शाम को अनपरा प्रो वॉलीबॉल लीग संस्करण -8 का समापन हुआ।फाइनल मैच में टीम ब्लॉकर्स ने टीम सेटर्स को 3-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

अनपरा स्पोर्टिंग क्लब अनपरा की ओर से आयोजित प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि व परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक इं अजय कुमार कटियार, विशिष्ट अतिथि इं निखिल चतुर्वेदी (महाप्रबंधक प्रशाशन), इं एसपी यादव (महाप्रबंधक), इं चंद प्रकाश (महाप्रबंधक ब ताप), अधीक्षण अभियंता इं गजेंद्र सिंह, इं उत्पल शंकर, इं वीके दिनकर, इं एसके रजक, इं वीके सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अमरनाथ बरनवाल, अधिशासी अभियंता इं सुभाष चंद्र पटेल, इं बीआर पटेल, इं डीके विकल, इं संजय महतो, इं डीके त्रिपाठी, इं मनोज प्रसाद, इं मेहदी हसन, सुभाष चौहान सहित नगर के तमाम सम्मानित लोगों की उपस्थिति मे हुआ। प्रतियोगिता मे अनपरा, डिबूलगंज, बीना, बीजपुर, शक्तिनगर, खड़िया ककरी,



रेणुसागर एवं आस पास के खिलाड़ी विभिन्न टीमों में शामिल थे।विदित हो कि यह प्रतियोगिता सोनभद्र वॉलीबॉल संघ के सचिव सुरेश चंद्र मिश्र की एक योजना के तहत स्पोर्टिंग क्लब अनपरा द्वारा विगत सात वर्षो से कराया जा रहा है,जिसमे नए खिलाड़ियों को भी अपना प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलता है।

सचिव सुरेश चंद्र मिश्र ने बताया कि विगत 13 अप्रैल से चल रही इस प्रतियोगिता मे इं धीरेन्द्र चौबे की टीम स्पाइकर्स ,इं अदालत वर्मा की टीम सेटर्स,इं बीआर पटेल की टीम अटैकर्स,इं एसके रजक की टीम डिफेंडर्स, इं अनिरुद्ध सिंह की टीम ब्लॉकर्स ने भाग ली थीं।टीमों के प्रयोजक विक्रमा राम,शशि चंद यादव,अमित सिंह,सतेंद्र यादव, आकाश गोयल हैं। फाइनल मैच टीम सेटर्स और ब्लॉकर्स के बीच खेला गया, जिसमे ब्लॉकर्स ने कड़े मुकाबले मे सेटर्स को 3-1 से मैच हराकर ट्रॉफी को अपने नाम किया।फाइनल मैच का स्कोर 25-22,23-25 25-21, 25-23 रहा।समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है और इससे शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।खेल हमे अनुशासन एवं टीम वर्क के साथ काम करने की सीख देता है। आयोजन समिति ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।टीम मैनेजर की भूमिका मे डीएन द्विवेदी,ओमब्रत सिंह, इंद्रमन प्रसाद, जयप्रकाश विश्वकर्मा, देवेंद्र मल्ल,कमलेश कुमार, ओमप्रकाश पांडेय, शिवप्रकाश उर्फ श्री, शिवा सिंह ने निभाई।आयोजक समिति मे इं पवन सिंह, पवन चौरसिया, इं जनकधारी, इं सतीश सिंह, इं कमलेश, प्रवीण, मनोज, ओमप्रकाश, हिमांशु, निशांत, अवनीश, आकाश, रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं सारा आयोजन सुशील यादव के द्वारा किया गया।

# विदेश भेजने का झांसा देकर 12.03 लाख की ठगी, डेढ़ दर्जन बेरोजगारों से वसूली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां गोरखपुर:** जिले के सहजनवा थाना क्षेत्र में विदेश भेजने के नाम पर बड़े ठगी कांड का मामला सामने आया है, जहां जालसाजों ने डेढ़ दर्जन बेरोजगार युवकों से 12.03 लाख रुपये ठगकर फरार हो गए। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है और पीड़ितों में आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार, सहजनवा के सरैया रहीमाबाद में किराए के मकान में रहकर कुछ लोगों ने 'अभि इंटरप्राइजेज' नाम से फर्जी कंपनी संचालित कर रखी थी। यह गिरोह बेरोजगार युवाओं को विदेश, खासकर जॉर्डन भेजने का झांसा देता था। बेहतर नौकरी और मोटी कमाई का सपना दिखाकर इन जालसाजों ने करीब डेढ़ दर्जन युवकों से लाखों रुपये ऐंठ लिए।

बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पीड़ितों से अलग-अलग माध्यमों, खासकर ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए पैसे जमा कराए। इसके बाद सभी को 9 अप्रैल को विदेश भेजने का भरोसा देकर मुंबई बुला लिया गया। लेकिन वहां पहुंचने के बाद जालसाजों ने फोन पर सूचना दी कि टिकट रद्द हो गया है और अब 22 अप्रैल को यात्रा होगी। इस बीच जब पीड़ितों ने 13 अप्रैल को दोबारा संपर्क करने की कोशिश की तो आरोपियों के मोबाइल फोन स्विच ऑफ मिले। संदेह होने पर जब कुछ लोग सहजनवा स्थित उनके कार्यालय पहुंचे, तो वहां ताला लटका मिला। आसपास के लोगों ने बताया कि जालसाज रातोंरात फरार हो चुके हैं। इस घटना के बाद पीड़ितों ने सहजनवा थाने में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं में रंजित कुमार मद्धेशिया, सोनू कुमार मद्धेशिया, सोनू ठाकुर, बलिराम मद्धेशिया, पप्पू कुशवाहा, संजय कुशवाहा, संजय सिंह, लाल बहादुर, नरेंद्र सिंह, विपिन कुमार, पवन कुमार, रमन शर्मा, राकेश कुमार, मनीष सिंह, जगुनाथ राम, कुंदन सिंह, सुरेंद्र कुमार और सिपाही सिंह शामिल हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा। वहीं, इस घटना ने बेरोजगार युवाओं को सतर्क रहने की भी चेतावनी दी है कि वे ऐसे फर्जी एजेंटों के झांसे में न आएं।

### सड़क हादसे में महिला सहित दो लोग घायल

**कोंच (जालौन)-** सड़क हादसे में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब एक आवारा कुत्ता अचानक बाइक के सामने आ गया जिससे बाइक सवार संतुलन खो बैठा और अनियंत्रित होकर बाइक गिर गई। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कानपुर निवासी लक्ष्मी (35) अपने मायके कोंच क्षेत्र के ग्राम पड़री आई हुई थी। सोमवार को वह अपनी 17 वर्षीय पुत्री खुशी और 26 वर्षीय भाई तरुण कुमार के साथ रिश्तेदारी में ग्राम पड़री से सिमिरिया जा रही थी। बताया गया है कि जब उनकी बाइक ग्राम भदारी और बरोदा के बीच पहुंची, तभी अचानक एक आवारा कुत्ता सड़क पर आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार लक्ष्मी और तरुण कुमार घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत घायलों की मदद की और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया। अस्पताल में दोनों घायलों का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# गोला में तेज रफ्तार का कहर- स्कॉर्पियो-ट्रैक्टर ट्रॉली की भीषण टक्कर में तीन युवकों की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग़ोला/गोरखपुर (गोला बाजार)।** रविवार देर रात गोला थाना क्षेत्र के भर्रोह के पास रामजानकी मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और ट्रैक्टर-ट्रॉली की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान ग्राम कोहड़ी निवासी प्रसून यादव उर्फ अंकुर (पुत्र दिनेश यादव), कुणाल यादव (पुत्र देवेंद्र यादव) और अजय यादव (पुत्र रविंद्र यादव) के रूप में हुई है। तीनों की उम्र 18 से 21 वर्ष के बीच बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली राशन का सामान लेकर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रही स्कॉर्पियो ने ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दो युवकों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। तीसरे गंभीर रूप से घायल युवक को आनन-फानन में अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही गोला पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। वहीं यह भी आशंका जताई जा रही है कि रात के समय कम दृश्यता और ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर या पर्याप्त लाइटिंग न होने के कारण यह हादसा हुआ। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि रामजानकी मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से सख्त ट्रैफिक नियम लागू करने, स्पीड लिमिट तय करने और रात में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। इस हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें, क्योंकि जरा सी लापरवाही भी जानलेवा साबित हो सकती है।

## संक्षिप्त खबरें

### भीषण गर्मी में 'छाता वाली सेवा': पडरौना में जरूरतमंदों को मिली राहत




**कुशीनगर।** भीषण गर्मी और तेज धूप के प्रकोप के बीच नगर में जनसेवा की एक सराहनीय पहल देखने को मिली। नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा ठेला लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले मोची भाइयों सहित अन्य जरूरतमंद लोगों को धूप से बचाव के लिए छाते वितरित किए गए। गौरतलब है कि इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के कारण दिहाड़ी मजदूरों, ठेला एवं फुटपाथ पर कार्य करने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में यह पहल उनके लिए राहत का कार्य साबित हो रही है। इस अवसर पर विनय जायसवाल ने कहा कि जनता का स्नेह और आशीर्वाद ही उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक राहत पहुंचाना ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने आगे कहा कि नगर पालिका परिषद सदैव जनता की समस्याओं के समाधान और उनकी सुविधाओं के प्रति प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। छाता वितरण के दौरान लाभार्थियों के चेहरों पर आई मुस्कान ने कार्यक्रम को भावुक बना दिया। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सच्ची सेवा और मानवता की मिसाल बताया।

### दिव्यांगजनों हेतु 28 अप्रैल को ब्लाक लक्ष्मणपुर में लगेगा विशेष पंजीकरण शिविर

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले दिव्यांगजनों और विशेष विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को बड़ी राहत दी जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को दैनिक जीवन को सुगम बनाने हेतु अधिकतम रूपये 15,000 तक के कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। इन उपकरणों में कृत्रिम हाथ-पैर, कैलिपर्स, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, कान की मशीन, व्हीलचेयर, स्मार्टफोन, टैबलेट, ब्रेल किट एवं एडीएल किट आदि शामिल हैं। इच्छुक लाभार्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://divyangjanup.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को हर वर्ष तथा अन्य दिव्यांगजनों को तीन वर्ष में एक बार लाभ देने का प्रावधान है। उन्होने बताया है कि योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक दिव्यांगजनो को आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ खण्ड विकास अधिकारी लक्ष्मणपुर के सभागार कक्ष में उपस्थित होकर 28 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक पंजीकरण कराना सुनिश्चित करे।

### विवाहिता महिलाओं के लिए राहत, राशन कार्ड यूनिट ट्रांसफर अब हुआ आसान




**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत विवाहिता महिलाओं के राशन कार्ड यूनिट स्थानांतरण की प्रक्रिया को और अधिक सरल व सुविधाजनक बना दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब शादी के बाद महिलाओं को अपने मायके के राशन कार्ड से नाम कटवाने की जटिल प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। नई व्यवस्था के तहत विवाहिता महिला सीधे अपने यूनिट को ससुराल के राशन कार्ड में स्थानांतरित करा सकती है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए लाभार्थी नजदीकी जन सेवा केंद्र (सीएससी) पर जाकर आवेदन कर सकती हैं। इसके अलावा संबंधित तहसील के आपूर्ति कार्यालय में संपर्क कर निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर भी यूनिट स्थानांतरण कराया जा सकता है। आवेदन प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाया गया है ताकि आम जनमानस को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने जनपद के सभी उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस नई सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस व्यवस्था की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ उठा सकें।

# कानपुर: दूषित जलापूर्ति पर फूटा पार्षद का गुस्सा, जेई को धूप में बैठाकर कराया काम शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर के किदवई नगर क्षेत्र में दूषित जलापूर्ति से नाराज वार्ड 14 की पार्षद शालू कनौजिया का गुस्सा सोमवार को खुलकर सामने आ गया। लगातार तीन दिनों से शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान न होने पर पार्षद ने जल निगम के जूनियर इंजीनियर (जेई) आशीष जैन को मौके पर बुलाकर अपने साथ धूप में बैठा लिया।

मार्बल मार्केट, किदवई नगर में करीब एक घंटे तक पार्षद और जेई धूप में बैठे रहे। इस दौरान स्थानीय लोग भी मौके पर जुट गए और जल निगम की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की। बढ़ते दबाव के बीच आखिरकार जेई को टूटी पाइपलाइन की मरम्मत का काम शुरू कराना पड़ा।

**कई इलाकों में दूषित पानी की समस्या**

पार्षद शालू कनौजिया ने बताया कि सीएम ग्रिड रोड के निर्माण कार्य में लापरवाही के कारण क्षेत्र में कई जगह सीवर और पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। पाइपलाइन टूटने से सीवर का गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिल रहा है, जिससे लोगों के घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि ओ ब्लॉक, एम ब्लॉक, नयापुरवा और मार्बल मार्केट समेत कई इलाकों में पिछले तीन दिनों से गंदा पानी आ रहा है। इससे कई लोग बीमार भी पड़ चुके हैं, लेकिन संबंधित विभाग ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की।

**लोगों का फूटा गुस्सा** मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने भी जल निगम के अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद विभाग लापरवाही बरत रहा है, जिससे उनकी सेहत पर खतरा मंडरा रहा है।

**आश्वासन के बाद शुरू हुआ काम**

लगातार विरोध और पार्षद के कड़े रुख के बाद जेई आशीष जैन ने तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया और जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। क्षेत्रीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति की समस्या पूरी तरह ठीक नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही, 455 चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर नगर पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और हूटर के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया और कड़ी कार्यवाही की गई। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु दिनांक 25.4.2026 से दिनांक 26.4.2026 तक एक सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों ने शहर के विभिन्न प्रमुख चौराहों/तिराहों पर वाहनों की सघन जांच की।

अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 455 मॉडिफाइड साइलेंसर वाहनों का चालान किया गया। दोपहिया वाहनों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर के विरुद्ध कार्रवाई की गई। ट्रकों एवं भारी वाहनों में लगे अवैध प्रेशर हॉर्न पर नियंत्रण के लिए कार्यवाही की गई। निजी वाहनों पर अनधिकृत रूप से लगी नीली/लाल बत्ती एवं हूटर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। नियम विरुद्ध पाए गए वाहनों का मौके पर चालान किए गए। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सार्वजनिक सड़कों पर स्टंट करने वाले एवं मॉडिफाइड उपकरणों से शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस के द्वारा आम जन मानस से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों में किसी भी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करते हुए यातायात नियमों का पालन करें।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का लाभ लेने हेतु 15 मई तक करें आवेदन




**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग साहब सरन ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत जनपद प्रतापगढ़ में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन-पत्र ऑनलाइन वेबसाइट www.msme.up.gov.in पर 15 मई तक आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक पारम्परिक कारीगरी के क्षेत्र में कार्य करता हो। चयनोपरान्त लाभार्थी को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय-उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, प्रतापगढ़ में सम्पर्क किया जा सकता है।

# गाजीपुर घटना को लेकर सपा ने सौंपा ज्ञापन, पीडीए पर हो रहे अन्याय के विरुद्ध खोला मोर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** गाजीपुर जिले के करंडा थाना क्षेत्र में विश्वकर्मा समाज की एक नाबालिग बेटी के साथ हुई जघन्य और अमानवीय घटना के विरोध में आज समाजवादी पार्टी, कानपुर महानगर इकाई ने कड़ा रुख अख्तियार किया। महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय का प्रतिनिधित्व कर रहे एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार को दोपहर 1:00 बजे सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से सपा नेताओं ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि गाजीपुर की घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। सपा नेताओं ने पुरजोर तरीके से कहा कि वर्तमान सरकार में पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों (PDA) के विरुद्ध अपराधों की बाढ़ आ गई है और सत्ता के संरक्षण में पीडीए समाज को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। एक तरफ सरकार महिला सुरक्षा के बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर मासूम बेटियों के साथ ऐसी हृदयविदारक घटनाएँ घट रही हैं। सपा ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि विपक्षी दलों को पीड़ित परिवार से मिलने से रोकना लोकतंत्र की मर्यादा के खिलाफ है और यह कदम असलियत को दबाने का एक प्रयास है। पार्टी ने इस पूरे प्रकरण की किसी स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष उच्च स्तरीय जाँच कराने और दोषियों को ऐसी कड़ी सजा देने की माँग की है जो भविष्य में नजीर बने।

समाजवादी पार्टी ने सरकार से पीड़ित परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार को तत्काल पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की पुरजोर माँग की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, रोहित विश्वकर्मा, मोनू विश्वकर्मा, नंदलाल जयसवाल, फैसल महमूद, सत्यनारायण गहरवार, आंनद शुक्ला, महेन्द्र सिह, मुमताज मंसूरी, आकाश यादव, सुलेखा यादव, के के मिश्रा, शादाब आलम, दीपक खोटे, अनूप यादव, महेश कन्नौजिया आदि लोग मौजूद थे।

### माह मई-जून 2026 के लिए न्यायालयों का समय बदला




**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पाण्डेय ने बताया है कि माह मई और जून 2026 के दौरान जिले के सभी सिविल, आपराधिक एवं सत्र न्यायालयों के कार्य समय में बदलाव किया गया है। यह निर्णय इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश और जिला बार एसोसिएशन, वकील परिषद और जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) द्वारा सहमति के आधार पर लिया गया है। आदेश के मुताबिक मुख्यालय पर स्थित सभी सिविल, आपराधिक और सत्र न्यायालय जिसमें कुंडा, लालगंज अजहारा स्थित बाहरी न्यायालय और पट्टी स्थित ग्राम न्यायालय में अदालतों का संचालन सुबह 7 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक किया जाएगा। वहीं कार्यालय का समय सुबह 6.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक होगा। यह नया समय 1 मई 2026 से प्रभावी होगा।

# चिकित्सकों ने कहा- हीट स्ट्रोक के लिए बचाव ही सुरक्षा है, बेवजह धूप में निकलने से बचें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर शाखा द्वारा आज 'हीट स्ट्रोक (लू) से बचाव' के विषय पर एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता का आयोजन आईएमए भवन कानपुर में किया गया। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने आमजन को बढ़ती गर्मी के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया।

प्रेस वार्ता में चिकित्सकों ने बताया कि भीषण गर्मी में सतर्क रहें, हीट स्ट्रोक से बचाव ही जीवन रक्षक। विशेषज्ञों ने बताया कि हीट स्ट्रोक एक गंभीर चिकित्सीय आपात स्थिति है, जिसमें शरीर का तापमान 40एष्ट या उससे अधिक हो जाता है और शरीर की ताप नियंत्रित करने की क्षमता प्रभावित हो जाती है। समय पर उपचार न मिलने पर यह जानलेवा साबित हो सकता है।

तेज बुखार एवं शरीर का अत्यधिक गर्म होना, सिरदर्द, चक्कर आना, कमजोरी, उल्टी या मतली, पसीना कम आना या बंद हो जाना, त्वचा का लाल, सूखा और गर्म होना, भ्रम, बेहोशी या दौरे हीट स्ट्रोक के लक्षण हैं, विशेषज्ञों ने बताया कि बुजुर्ग एवं छोटे बच्चे इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। बाहर काम करने वाले लोग (मजदूर, ट्रैफिक पुलिस आदि) हृदय, किडनी या अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीज डिहाइड्रेशन से पीड़ित व्यक्ति के लिए 'लापरवाही जानलेवा हो सकती है' चिकित्सकों ने चेताया कि हीट स्ट्रोक को हल्के में लेना खतरनाक हो सकता है। समय पर पहचान और तत्काल उपचार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी, ह्रऋ, नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन करें।

धूप में निकलते समय सिर को ढकें (टोपी/गमछा/छाता) लेकर चलें, हल्के, ढीले एवं सूती कपड़े पहनें, दोपहर 12 से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें। इस पत्रकार वार्ता को आईएमए कानपुर अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, डॉ. शालिनी मोहन सचिव आईएमए कानपुर, डॉ. डी.पी. अग्रवाल, वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ. ए. सी. अग्रवाल, वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ. पुनीत दीक्षित बरिष्ठ न्यूरोलोगिस्ट, डॉ आलोक वर्मा, न्यूरोलॉजिस्ट, डॉ आशुतोष त्रिवेदी, फिजिशियन, डॉ राहुल कपूर, फिजिशियन, डॉ विशाल सिंह, वित्त सचिव, डॉ. दीपक श्रीवास्तव वैज्ञानिक सचिव तथा अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से संबोधित किया।




# 'जातीय संघर्ष कराना चाहते हैं, चुनिंदा घटनाओं पर ही जाते हैं'- ओपी राजभर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर।** कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर सोमवार को अपने प्रभार वाले जिले सुल्तानपुर पहुंचे। यहां उन्होंने जिला पंचायत में आयोजित एक प्रेस वार्ता में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर हमला बोला। राजभर ने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट सभी पीएम रिपोर्ट को मानते हैं। उन्होंने अखिलेश यादव से पीएम रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज मंगाने की अपील की। राजभर के अनुसार, लड़की का लड़के से प्रेम प्रसंग था, जिसके कारण अनबन हुई और उसने अकेले गंगा में कूदकर जान दे दी। उन्होंने बताया कि लड़की की 25 तारीख को शादी थी और वह उसी लड़के से शादी करना चाहती थी। इस मामले में एफआईआर दर्ज हुई और लड़का जेल में है।

राजभर ने अखिलेश यादव पर चुनिंदा घटनाओं पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'जब बाराबंकी में यादव राजभर की हत्या करता है, तब अखिलेश जी वहां नहीं जाते। देवरिया में यादव राजकुमार चौहान को गोली मारता है, तब भी वह नहीं जाते। कौशांबी में पाल की बेटी के साथ चार लोग बलात्कार कर उसकी हत्या कर देते हैं, पीएम रिपोर्ट आती है, लेकिन वह वहां भी नहीं जाते।'

राजभर ने सवाल किया कि अखिलेश यादव को सिर्फ गाजीपुर ही क्यों दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश को पहले पीएम रिपोर्ट पढ़नी चाहिए, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल चैट की जांच करनी चाहिए, जिससे उन्हें सच्चाई स्पष्ट हो जाएगी। राजभर ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव ब्राह्मण बनाम बैकवर्ड की राजनीति कर जातीय संघर्ष कराना चाहते हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, एमएलसी शैलेन्द्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, विधायक राजेश गौतम और भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी सहित कई नेता मौजूद रहे।

### साइबर हेल्प डेस्क की तत्परता से 53 हजार रुपये वापस



**भदोही।** थाना सुरियावां स्थित साइबर हेल्प डेस्क ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पीड़िता के खाते में गए 53,000 रुपये वापस कराए। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में आंचल यादव (निवासी हरिकरनपुर, थाना दुर्गागंज) के खाते से गलत ट्रांजेक्शन से गई धनराशि को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से ट्रेस कर वापस कराया गया।

राशि वापस मिलने पर पीड़िता ने भदोही पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं और किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल से सतर्क रहें।

# प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के खंड विकास कार्यालय बर्डपुर के परिसर स्थित सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज संगठन के आह्वान पर ग्राम प्रधानों की बैठक प्रधान संगठन ब्लाक अध्यक्ष इ. प्रदीप कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुई। ग्राम प्रधानों ने एकजुटता से आवाज बुलंद करते हुए मांग पत्र खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश सिंह को सौंपा। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन जिला अध्यक्ष डॉ पवन मिश्रा ने कहा कि गावं के विकास में प्रधानों का योगदान काफी अहम है।

बैठक में सभी प्रधानों ने एकजुटता से आवाज़ बुलंद कर सरकार से समस्या निदान करने की मांग की। कहा कि 26 मई के बाद ग्राम प्रधान को ही प्रशासक बनाया जाए अथवा कार्यकाल को बढ़ाया जाए। ग्राम पंचायत में कराये गये मनरेगा, ग्राम निधि के कार्यों का अविलम्ब भुगतान कराया जाए। चुनावी वर्ष होने के कारण गांव में ग्राम चौपाल का कार्य रोका जाये। खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत द्वारा पंचायत में कराये जाने हेतु कार्यों में अड़ंगा न डाला जाये। ग्राम निधि, मनरेगा की आईडी तत्काल जनरेट करते हुये कार्य जारी रखा जाये। प्रधान संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष ताक़िब रिज़वी ने कहा कि ग्राम प्रधानों की समस्या पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। इस दौरान प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष इ. प्रदीप कुमार चौधरी, दिलीप पांडेय, बैतुल्लाह, विजय कुमार चौरसिया, निसार अहमद, लालजी जयसवाल, सलाहुद्दीन, शिवसागर यादव, राजेश कुमार चौधरी, राम सुभाग पासवान, भवानी शंकर शुक्ल, ओम प्रकाश लोधी आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में डेकोरेशन मजदूर की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**डुमरियागंज थाना क्षेत्र सिरसिया गांव निवासी त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ऊं में रविवार को डेकोरेशन करने गया था**

**सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ऊ गांव में शादी समारोह के दौरान डेकोरेशन का कार्य करने गए एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को समय पर न देने और लाश को चुपचाप घर भेजे जाने से मामला और भी संदिग्ध हो गया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव निवासी 41 वर्षीय रामदेव पुत्र स्व. राजाराम, जो कि बेहद गरीब परिवार से थे, अपनी जीविका चलाने के लिए लाईट डेकोरेशन का कार्य करते थे। वह संगम कसौधन नगर पंचायत डुमरियागंज के यहां मजदूरी पर काम करते थे। बीते रविवार की रात वह त्रिलोकपुर क्षेत्र के बुढ़ऊ गांव में एक शादी समारोह में डेकोरेशन का काम करने गए थे।

परिजनों के मुताबिक, रविवार रात 12 बजे से 2 बजे के बीच रामदेव की मौत हो गई, लेकिन इसकी सूचना न तो डेकोरेशन मालिक द्वारा दी गई और न ही शादी वाले घर से किसी ने जानकारी दी। सोमवार सुबह डेकोरेशन मालिक मृतक के घर पहुंचे और उनकी पत्नी सुमित्रा को यह कहकर साथ ले गए कि रामदेव की तबीयत खराब है। सुबह करीब 10 बजे जब उन्हें बेंवा स्थित एक निजी चिकित्सक को दिखाया गया, तो डॉक्टर ने बताया कि रामदेव की मृत्यु लगभग 8 घंटे पहले ही हो चुकी थी। इसके बाद शव को किराए की गाड़ी से घर भेज दिया गया और डेकोरेशन मालिक मौके से फरार हो गया। मृतक के चचेरे भाई मानिकराम पुत्र बाबूराम ने त्रिलोकपुर थाने में तहरीर देकर घटना की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मृतक अपने पीछे पत्नी सुमित्रा और चार नाबालिग बच्चों–गुड़िया (16), हिमांशु (11), दीपांशु (9) और विज्ञानसु (6)- को छोड़ गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष चंद्रकांत पांडे ने बताया कि मामला संज्ञान में है अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।


मृतक फाइल फोटो

### तेरह प्रत्याशियों ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में किया नामांकन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में सोमवार को पूर्व महामंत्री समेत तेरह प्रत्याशियों ने समर्थकों सहित उत्साहजनक माहौल में अपने नामांकन दाखिल किये। तहसील के लाइब्रेरी हाल में गाजे बाजे व शंख ध्वनि के बीच प्रत्याशियों ने चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल समेत पदाधिकारियों के समक्ष अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में अध्यक्ष पद पर संघ के पूर्व महामंत्री प्रवीण यादव व कोषाध्यक्ष पद पर निवर्तमान हरिनारायण पाण्डेय दीपक, उपाध्यक्ष पद पर मुकेश तिवारी, नामवर सिंह, सुमित त्रिपाठी, अजय शर्मा, महामंत्री पद पर संतोष पासी, मस्तराम पाल, सहमंत्री पद पर सचिन पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय तथा संदीप कुमार वर्मा, प्रचारमंत्री पद पर राहुल यादव व रामललन शर्मा ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि आज मंगलवार को अन्तिम दिन प्रत्याशियों का नामांकन पूर्वान्ह ग्यारह बजे से अपरान्ह तीन बजे तक हो सकेगा। नामांकन को लेकर सोमवार को भी चुनाव समिति के कार्यालय पर भारी फोर्स की मुस्तैदी दिखी। नामांकन प्रक्रिया की देखरेख में रामलगन यादव, बेनीलाल शुक्ल, संतोष पाण्डेय, शिवाकांत उपाध्याय व शैलेन्द्र चतुर्वेदी को मशक्कत करते देखा गया।

# मानव स्वास्थ्य की संरक्षा में डॉ अलका तिवारी का योगदान अविस्मणीय-एसडीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज की प्रोफेसर एवं राज्यसभा मे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की धर्मपत्नी जानी मानी चिकित्साविद डा0 अलका तिवारी की 14 वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को विविध आयोजन हुये। तहसील सभागार में चिकित्सा विज्ञान पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। वहीं सांगीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉ. अलका तिवारी स्मृति निःशुल्क नेत्र शिविर का भी आयोजन किया गया। डा0 अलका क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की माँ भी थी। तहसील सभागार में हुयी संगोष्ठी का शुभारंभ जगत गुरू प्रपन्नाचार्य अवधेश जी के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा व महाराज एवं पूर्व एसीएमओ डॉ. आरएस त्रिपाठी व पूर्व निदेशक डॉ. वकील अहमद एवं डॉ. नीरज शुक्ला ने डा0 अलका के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने पैरामेडिकल स्टाफ की प्रशिक्षु आस्था सिंह, रिया, करीना सरोज, अन्तिमा यादव, नर्मता वर्मा, प्राची विश्वकर्मा, सिद्धि मिश्रा व जगत गुरू प्रपन्नाचार्य अवधेश जी महाराज को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में डा. अलका के योगदान एवं अनुसंधान पर आयोजित व्याख्यान माला को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि मानव स्वास्थ्य की संरक्षा में डॉ. अलका तिवारी का चिकित्सीय योगदान एवं शोधप्रबंधन अविस्मरणीय रहेगा। विशिष्ट अतिथि पूर्व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस त्रिपाठी ने कहा कि डा0 अलका अपने मरीजों की देखभाल के साथ चिकित्सीय सेवा को लेकर सदैव सजग रहा करती थी। विशिष्ट अतिथि युनानी सेवाओं के पूर्व निदेशक डॉ. वकील अहमद ने कहा कि डा0 अलका के दूरदर्शी संकल्पों से लालगंज का ट्रामा सेण्टर आज क्षेत्र के गरीबों व संसाधनविहीन तबके के लिए आकस्मिक चिकित्सा का वरदान है।

विशिष्ट अतिथि नोती के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. नीरज शुक्ला ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रोफेसर डा0 अलका का शोध प्रबन्धन मेधावियों के लिए ज्ञानवर्धक है। कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डा. अलका तिवारी के चिकित्सीय सेवाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। आभार प्रदर्शन सहसंयोजक समाजसेवी पप्पू तिवारी ने किया। समारोह में सभासद राजेश तिवारी, शासकीय अधिवक्ता हरिशंकर द्विवेदी, सपा नेता टीपी यादव, अनूप पाण्डेय, कालिका प्रसाद पाण्डेय ने भी डा. अलका तिवारी के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

वहीं सांगीपुर सीएचसी परिसर में डा. अलका तिवारी की स्मृति में सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का संयोजन आशीष उपाध्याय व दुर्गेश पाण्डेय एवं प्रधानाचार्य डा. अमिताभ शुक्ल ने किया। इस मौके पर बेनी लाल शुक्ल, रामलोचन त्रिपाठी, अशोकधर द्विवेदी, दिनेश मिश्र, बालेन्द्र त्रिपाठी, आभा त्रिपाठी, मुरलीधर तिवारी, सभासद पन्ने लाल पाल, जगदीश नारायण तिवारी, रामू मिश्रा, सालिक तिवारी, मनीष मिश्र फौजी, दीपेन्द्र तिवारी आदि रहे।

